4 रायपुर संभाग
सागरपाली भंवरपुर बसना मार्ग पर जानलेवा गड्ढे बने दुर्घटना...

6 फिल्मी
अफगानिस्तान में तालीबानी शासन

09 विविध
विधायक दीपेश साहू विधानसभा क्षेत्र के बहनों के साथ मनाया...

10 संस्कारधानी
लॉज में देह व्यापार... शिकायत पर कार्रवाई का इंतजार...

रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित
# पायनियर
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655
www.dailypioneer.com रायपुर, बुधवार 21 अगस्त 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-09, अंक-01 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज

### भारत, मलेशिया उच्च प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में सहयोग को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे



**नई दिल्ली।** भारत और मलेशिया ने अपनी विस्तारित रणनीतिक साझीदारी को समग्र रणनीतिक साझीदारी का रूप देने और सेमीकंडक्टर, फिनटेक, रक्षा उद्योग, एआई और क्वांटम टेक्नोलॉजी जैसे उच्च प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने का फैसला किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम के बीच हैदराबाद हाउस में द्विपक्षीय शिखर बैठक में यह निर्णय लिया गया। दोनों देशों ने कामगारों के रोजगार, पर्यटन, ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण, युवा एवं खेल, संचार, डिजिटल तकनीक, वित्तीय क्षेत्र सहित आठ समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किये तथा भारत मलेशिया सीईओ रिपोर्ट को स्वीकृति प्रदान की।

### 'नवाब ब्रांड' ही सपा की असली पहचान : योगी



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अयोध्या, गोमतीनगर व कन्नौज की घटना ही समाजवादी पार्टी का 'नवाब ब्रांड' है। कोलकाता की अराजकता पर चिकित्सक व आधी आबादी आंदोलित है, लेकिन सपा मुखिया दुष्कर्मियों व कोलकाता सरकार का बचाव कर रहे हैं। सपा मुखिया का बेशमीर्पूर्ण बयान ही उनकी पार्टी का असली चेहरा है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में साजिश हो रही है। इसे समझने की आवश्यकता है। सीएम ने आरोप लगाया कि बहुसंख्यक समाज के विपरीत कथित धर्मनिरपेक्षता की राजनीति करने वाले दलों के स्वर भारत की मूल विचारधारा पर होने वाले हमले में नहीं निकलते।

### देश में मोबाइल धारकों की संख्या हुयी 117 करोड़ के पार

**नई दिल्ली।** देश में जून 2024 में मोबाइल फोन धारकों की संख्या बढ़कर 15.7 लाख बढ़कर 117.05 करोड़ हो गयी । ट्राई द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार जून 2024 में मोबाइल और बेसिक टेलीफोन धारकों की कुल संख्या 120.56 करोड़ हो गयी। इस दौरान बेसिक टेलीफोन धारकों की कुल संख्या 3.51 करोड़ रही है। जून 2024 में बेसिक टेलीफोन धारकों की संख्या में 3.7 लाख की बढोतरी हुई है।

# दुष्कर्म-हत्या मामले में सुप्रीम कोर्ट ने 22 अगस्त तक मांगी रिपोर्ट, नेशनल टास्क फोर्स का गठन

**पायनियर संवाददाता ‹ नई दिल्ली**
www.dailypioneer.com

उच्चतम न्यायालय ने पश्चिम बंगाल के कोलकाता के आर जी कर मेडिकल कॉलेज की प्रशिक्षु डॉक्टर के साथ कथित दुष्कर्म और हत्या मामले की 'स्वत: संज्ञान' सुनवाई करते हुए 10 सदस्यीय एक नेशनल टास्क फोर्स का गठन किया। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ अपना आदेश सुनाते हुए कहा कि यह टास्क फोर्स चिकित्सा से संबंधित पेशेवरों की सुरक्षा,भलाई और अन्य संबंधित मामलों पर गौर करेगी। शीर्ष अदालत की निगरानी वाला यह टास्क फोर्स चिकित्सा पेशेवरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक



नेशनल प्रोटोकॉल तैयार करेगा। इस टास्क फोर्स देश के जाने-माने वरिष्ठ चिकित्सकों के अलावा सरकार के कई प्रमुख वरिष्ठ अधिकारी पदेन सदस्य होंगे। एनटीएफ के सदस्यों में सर्जन वाइस एडमिरल आर सरीन, डॉ. डी नागेश्वर रेड्डी, डॉ. एम श्रीनिवास, डॉ. प्रतिमा मूर्ति, डॉ. गोवर्धन दत्त पुरी, डॉ सौमित्र रावत, प्रोफेसर अनीता सक्सेना, प्रमुख कार्डियोलॉजी, एम्स दिल्ली, प्रोफेसर पल्लवी सप्रे, डीन ग्रांट मेडिकल कॉलेज मुंबई, डॉ पद्मा श्रीवास्तव, न्यूरोलॉजी विभाग, एम्स, राष्ट्रीय शामिल होंगे। भारत सरकार के कैबिनेट सचिव, भारत सरकार के गृह सचिव, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के सचिव, राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग के अध्यक्ष, राष्ट्रीय परीक्षक बोर्ड के अध्यक्ष इसके पदेन सदस्य होंगे। शीर्ष अदालत ने कोलकता में हुई इस भयावह घटना के मामले में सीबीआई के अलावा पश्चिम बंगाल सरकार से अलग-अलग जांच प्रगति विवरण 22 अगस्त तक पेश करने निर्देश दिया। पीठ ने मामले की जांच कर रही सीबीआई को जांच की प्रगति विवरण 22 अगस्त 2024 अदालत में पेश करने का निर्देश दिया।

# जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव के लिए अधिसूचना जारी

**वार्ता ‹ नई दिल्ली**
www.dailypioneer.com

भारत निर्वाचन आयोग
Election Commission of India

चुनाव आयोग ने जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए मंगलवार को अधिसूचना जारी कर दी, जिसके साथ ही नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गयी। जम्मू-कश्मीर में 90 सदस्यों वाली विधानसभा के लिए तीन चरणों में चुनाव कराये जाने हैं, जिसके पहले चरण में 24 सीटों पर मतदान कराये जाएंगे। राजपत्र में जारी अधिसूचना के अनुसार पहले चरण के चुनाव के नामांकन 27 अगस्त, मंगलवार तक कराये जा सकेंगे। नामांकन पत्रों की समीक्षा 28 अगस्त को होगी और नाम 30 अगस्त तक वापस लिये जा सकेंगे। पहले चरण का मतदान 18 सितम्बर बुधवार को कराया जायेगा। तीनों चरण की मतगणना चार अक्टूबर को करायी जायेगी। केंद्र शासित क्षेत्र जम्मू-कश्मीर की 90 सदस्यीय विधानसभा में नौ अनुसूचित जनजाति और सात सीटें अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं। पहले चरण में चुनाव के लिए पम्पोर, त्राल, पुलवामा, राजपोरा, जैनपोरा, शोपियां, डी एच पोरा, कुलगाम, देवसर, डोरू, कोकरनाग, अनन्तनाग पश्चिम, अनन्तनाग, श्रीगुफवाड़ा-बिजबेहरा, शानगुस-अनन्तनाग पूर्व, पहलगाम, इन्दरवाल, किश्तवाड़, पाडेर-नागसेनी भद्रवाह, डोडा, डोडा पश्चिम, रामबन, बनिहाल सीटों पर चुनाव होगा।

# आरएसएस की समन्वय बैठक केरल में

**पायनियंर संवाददाता ‹ नई दिल्ली**
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की वार्षिक अखिल भारतीय समन्वय बैठक इस वर्ष केरल के पालक्काड में 31 अगस्त, 01 और 02 सितंबर को आयोजित हो रही है। आरएसएस के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने यह जानकारी दी। तीन दिवसीय यह अखिल भारतीय बैठक सामान्यत: वर्ष में एक बार आयोजित की जाती है। पिछले वर्ष यह बैठक सितंबर में पुणे में संपन्न हुई थी। इस अखिल भारतीय समन्वय बैठक में संघ प्रेरित विविध संगठनों में कार्यरत संगठन के प्रमुख पदाधिकारी सहभागी होते हैं। यह सभी संगठन समाज के विभिन्न क्षेत्रों के सकारात्मक कार्यों में लोकतांत्रिक पद्धति से सामाजिक परिवर्तन के कार्य में सक्रिय रहते है। आंबेकर ने कहा कि बैठक में विविध संगठन के कार्यकर्ता अपने कार्य की जानकारी तथा अनुभवों का निवेदन तथा आदान-प्रदान करेंगे।



राष्ट्रीय हित के विभिन्न विषयों के संदर्भ में वर्तमान परिदृश्य, हाल में हुई महत्वपूर्ण घटनाओं तथा सामाजिक परिवर्तन के अन्यान्य आयामों पर योजनाओं के संदर्भ में बैठक में चर्चा होगी। सभी संगठन विविध विषयों पर परस्पर सहयोग तथा समन्वय को और अधिक बढ़ाने हेतु आवश्यक उपायों पर भी चर्चा करेंगे। उन्होंने बताया कि इस बैठक में सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत, सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले सहित संघ के सभी छह सह सरकार्यवाह और अन्य प्रमुख पदाधिकारी भाग लेंगे।

# केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का छत्तीसगढ़ दौरा, नक्सल प्रभावित राज्यों के मुख्य सचिवों के साथ करेंगे बैठक

**पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर**
www.dailypioneer.com

केंद्र और राज्य की बीजेपी सरकार छत्तीसगढ़ से नक्सलवाद को खत्म करने का ऐलान कर चुकी है। इस कड़ी में पार्टी अपनी रणनीति को आगे बढ़ा रही है। इसे अमलीजामा पहनाने के लिए केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह दो दिवसीय प्रवास पर छत्तीसगढ़ आएंगे। शाह 23 अगस्त की शाम को रायपुर पहुंचेंगे। 24 और 25 को बैठक लेने के बाद 25 की शाम को वापस दिल्ली चले जाएंगे। केंद्रीय गृहमंत्री शाह 23 नक्सल को प्रभावित सात राज्यों के मुख्य सचिव, डीजीपी और अधिकारियों के साथ तीन अलग-अलग बैठक लेंगे। इसके साथ ही बैठक में अर्द्धसैनिक बलों के ऑफिसर भी शामिल होंगे। बैठक में नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में नक्सल विरोधी अभियान और विकास कार्यों की समीक्षा की जायेगी। उनके दौरे को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं।



# देवेंद्र यादव की जमानत याचिका खारिज

**पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर**
www.dailypioneer.com

बलौदाबाजार हिंसा मामले में गिरफ्तार भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव को कोर्ट ने बड़ा झटका दिया है। मंगलवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये उनकी पेशी हुई। जिला सत्र न्यायालय बलौदाबाजार में जज अजय खाखा के समक्ष वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सुनवाई हुई। जहां कोर्ट ने उनकी जमानत याचिका ख़ारिज कर दी। साथ ही उनकी न्यायिक रिमांड को 7 दिनों के लिए बढ़ा दिया है। अब वे 27 अगस्त तक न्यायिक हिरासत में जेल में बंद रहेंगे। विश्वस्त सूत्रों की मानें तो भीम रेजीमेंट के एक बड़े पदाधिकारी के पुलिस को दिए बयान के आधार पर विधायक देवेंद्र यादव की गिरफ्तारी हुई है।



## रूस के हमले से यूक्रेन के तेल भंडारण डिपो में लगी आग



**कीव (वार्ता)।** यूक्रेन के पश्चिमी टेरनोपिल क्षेत्र में तड़के रूसी लक्षित हवाई हमलों से ईंधन और लुब्रिकेट (स्नेहक) तेल भंडारण डिपो में आग लग गयी। क्षेत्रीय अधिकारी ने यह जानकारी दी और कहा कि हमले में कोई हताहत नहीं हुआ है। टेरनोपिल क्षेत्रीय सैन्य प्रशासन के मुताबिक रूसी सेना ने स्थानीय समयानुसार तड़के तीन बजे टेरनोपिल शहर के तेल भंडारण डिपो पर प्रक्षेप्य दागे गये। उन्होंने बताया गया कि आग पर काबू पाने के लिए 90 से अधिक बचाव दल और दो अग्निशमन गाड़ियों सहित 20 से अधिक उपकरणों का इस्तेमाल किया गया। स्थानीय अधिकारियों ने हालांकि लोगों से अपने घरों के अंदर रहने और खिड़कियां बंद करने का आग्रह किया ।

# मिस कॉल, नमो एप और स्कैनर से ले सकेंगे भाजपा की सदस्यता

**जहां हम कमजोर वहां सदस्यता पर देंगे विशेष ध्यान : मुख्यमंत्री साय**

**पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर**
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी के देशव्यापी सदस्यता अभियान के परिप्रेक्ष्य में कुशाभाऊ ठाकरे परिसर स्थित भाजपा कार्यालय में प्रदेश स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री अरूण सिंह के साथ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जम्वाल, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय और सदस्यता अभियान के प्रदेश प्रभारी अनुराग सिंहदेव ने उपस्थित पदाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों का मार्गदर्शन किया। भाजपा राष्ट्रीय महामंत्री अरूण सिंह ने अपने मार्गदर्शन में कहा कि यह संगठन पर्व की शुरुआत है और इसमें पूरे उत्साह और उमंग के साथ मनाया जाना है। आज हमारे लिए वातावरण अनुकूल है। देश में नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्रित्व में तीसरी बार सरकार बनी है और प्रदेश में भी भाजपा की सरकार है। पिछली सदस्यता समाप्त हो गई है,अब फिर से सभी को सदस्य बनाकर,भारत के विकसित देश बनने की यात्रा में सहभागी बनाना है।

वहीं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि इस सदस्यता अभियान को संगठन पर्व के रूप में मनाना है। विधानसभा और लोकसभा चुनाव में भाजपा सफल रही है और प्रदेश व केन्द्र में भाजपा की सरकार बनी है। सभी कार्यकर्ताओं को समय देकर इस अभियान को सफल बनाना है।

# राजीव गांधी के सपनों को पूरा करूंगा : राहुल



**नई दिल्ली ।** लोकसभा विपक्ष के नेता राहुल गांधी तथा कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को आधुनिक भारत का निर्माता बताते हुए उन्हें जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि कांग्रेस उनके सपनों को पूरा करेगी। कांग्रेस पार्टी तथा पार्टी के सभी वरिष्ठ नेताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री की 80वीं जयंती पर आज उन्हें याद कर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि पार्टी उनके सपनों को पूरा करेगी गांधी ने अपने पिता को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा, एक करुणामय व्यक्तित्व, सौहार्द और सद्भावना के प्रतीक पापा, आपकी सीख मेरी प्रेरणा है और भारत के लिए आपके सपने मेरे अपने-आपकी यादें साथ ले कर इन्हें पूरा करूंगा। खडगे ने कहा, राजीव गांधी के जीवन के कार्यों का सबसे बड़ा स्मारक भारत की सहानुभूति, उपचार और मेल-मिलाप की अंतर्निहित संस्कृति को पुनर्जीवित करना, बौद्धिक स्वतंत्रता, तकनीकी नवाचार और युवा सशक्तीकरण को बढ़ावा देना होगा। उन्होंने कहा, यह एक संतुलित दृष्टिकोण के साथ हासिल किया जाएगा जो समानता के साथ पंचायती राज स्तर पर समृद्धि को जोड़ता है, जिससे एक सामंजस्यपूर्ण, समान, न्यायपूर्ण और प्रगतिशील राष्ट्र के लिए उनकी दृष्टि का सम्मान किया जाता है।

# नक्सलगढ़ पहुंचे दंतेवाड़ा कलेक्टर, विकास कार्यों का लिया जायजा



**पायनियर संवाददाता ‹ दंतेवाड़ा**
www.dailypioneer.com

दंतेवाड़ा कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी विकास कार्यों का जायजा लेने धुर नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में बाईक से पहुंचे। कलेक्टर मयंक ने बाइक से ही नक्सल प्रभावित इलाकों में जाकर कई जगह सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन का मुआयना किया। साथ ही आमजन को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने हेतु विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किए। अंचल में सड़क, बिजली और पानी की सुविधाओं की वास्तविकता से वह रूबरू हुए। सड़क खराब होने से नाराज कलेक्टर बाइक के जरिए चिकपाल से मारजूम तक रोड का जायजा लिया। रोड़ों की हालत इतनी खराब थी कि उनकी बाइक इस कच्ची सड़क पर नहीं चल पाई। थोड़ी दूर बाइक से जाने के बाद उनकी बाइक कीचड़ में फंस गइ। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने इस दौरान मारजूम और चिकपाल के अधिकारियों को समय पर कार्य को पूरा कराने का निर्देश दिया। वहीं ग्रामीणों से चर्चा करते हुए कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने सरकार की योजनाओं के संचालन का हाल जाना। उन्होंने मारजूम में स्व सहायता समूह की महिलाओं से बात की और इलाके में सड़क, बिजली और पीडीएस दुकान के बारे में पूछा। इसके साथ ही क्षेत्र के लोगों से बात की।

**दयालदास ने कहा- देवेन्द्र यादव ने समर्थकों को भड़का कर व्यापक आगजनी एवं तोड़फोड़ किया**

# कांग्रेस जहां भी कमजोर होती है वहां वह अराजकता पैदा करती है

**पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर**
www.dailypioneer.com



खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल ने न्यू सर्किट हाउस रायपुर में बलौदाबाजार की घटना के संदर्भ में प्रेसवार्ता ली। उन्होंने बलौदाबाजार में 10 जून की घटना के लिए भिलाई नगर के विधायक देवेन्द्र यादव को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि सतनामी समाज की असहमति के बावजूद भी वह जबरन सतनामी समाज के आयोजन में पहुंचे। यादव भिलाई से बहुत से असामाजिक और शरारती तत्वों को भी अपने साथ ले गए थे। उन्होंने लोगों को बलौदाबाजार कलेक्टोरेट परिसर और पुलिस अधीक्षक कार्यालय के घेराव और वहां तोड़-फोड़ आगजनी के लिए उकसाया। यादव के साथ गये असामाजिक तत्वों ने भी इस घटना को अंजाम देने में मुख्य भूमिका निभाई। प्रेसवार्ता के पूर्व में मीडिया प्रतिनिधियों को वीडियो फुटेज भी दिखाया गया, जिसमें विधायक यादव प्रमुखता से लोगों को भड़काते नजर आए। मंत्री बघेल ने आगे कहा कि इस वीडियो में आपने देखा कि एक संगीन प्रकरण में गिरफ्तारी के बावजूद किस तरह आदतन अपराधी की तरह से विधायक देवेन्द्र यादव व्यवहार करते नजर आ रहे हैं। किस तरह वे सतनाम समाज के पवित्र झंडे को अपने पावों पर रख रहे हैं। इस तरह आप इनकी मंशा को समझ सकते हैं। पिछले 10 जून को बलौदाबाजार में हुई घटना बेहद ही दुखद है। वास्तव में एक शांतिपूर्ण आन्दोलन को भड़का कर उसे हिंसक बना देना कांग्रेस के टूलकिट का हिस्सा था। यहां तक कि अमर गुफा की घटना भी इनके टूल किट का ही हिस्सा था। प्रदेश भर में ऐसी घटनाएं हो रही है या साजिश रची जा रही है। कांग्रेस जहां भी कमजोर होती है या सत्ता में नहीं होती है वहां वह अराजकता पैदा करती है, देश भर में अलग-अलग बहानों से उपद्रव फैलाते रहने की ही एक कड़ी बलौदाबाजार की हिंसा भी थी जिसके टूल कांग्रेस विधायक देवेन्द्र यादव हैं। एक सोची-समझी साजिश के तहत बिना बुलाये कांग्रेस विधायक भिलाई नगर से बलौदाबाजार पहुंचे, उन्हें मंच पर समाज के लोगों ने चढ़ने भी नहीं दिया, फिर भी वे नीचे बैठ कर दंगे के साजिश को अंजाम दिया। आखिर समाज के बैठक में भिलाई नगर के विधायक का क्या काम हो सकता था भला? आप गौर करेंगे तो पाएंगे कि कांग्रेस के भी अन्य अनेक विधायक वहां मौजूद नहीं थे, लेकिन देवेन्द्र यादव वहां फसाद कराने भिलाई से पहुंच गए। बलौदाबाजार और भाटापारा के कांग्रेस विधायक भी वहां नहीं पहुंचे थे लेकिन कांग्रेस के टूल के रूप में देवेन्द्र यादव पहुंच गए। बुलावे के बिना कार्यक्रम स्थल पर जा कर अपने समर्थकों को भड़का कर व्यापक आगजनी एवं तोड़फोड़ किया गया। यादव ने 10 जून को अपने समर्थकों को उत्प्रेरित कर कानून को अपने हाथ में लेने का षड्यंत्र किया, जिससे करोड़ों की संपत्ति का नुकसान हुआ और सैकड़ों वाहनों को तोडफोड़ कर आगजनी किया गया। शासकीय भवनों तक को जला दिया गया। आपराधिक कृत्यों में जुड़े रहने का यह यादव का पहला मामला भी नहीं है, ये आदतन अपराधी रहे हैं। इससे पहले ईडी द्वारा कोल घोटाले में देवेन्द्र यादव को चार्टशीट किया गया है तथा उच्च न्यायालय में इस प्रकरण में देवेन्द्र यादव की अग्रिम जमानत की याचिका भी खारिज हो चुकी है। देवेन्द्र यादव के विरूद्ध आधे दर्जन से अधिक आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। कुछ प्रकरण तो इतने संगीन हैं कि कांग्रेस की भूपेश सरकार भी चाह कर भी यादव के प्रकरण को वापस नहीं ले पायी। ऐसे आपराधिक मनोवृत्ति के व्यक्ति को आगे कर कांग्रेस वास्तव में प्रदेश में आग लगाने की साजिश रच रही है, इसका खुलासा होना ही चाहिए। न्यायालय एवं कानून की भी अवमानना करना इनके चरित्र का हिस्सा है। कोल घोटाले समेत अनेक मामले में ये न्यायालय के समंस एवं वारंट के तामीली से हर तरह के हथकंडे अपनाकर बचते आ रहे हैं।

# विकसित राष्ट्र के लिए खनिज उत्पादन में आत्मनिर्भरता हासिल करना जरूरी : मुर्मु

**वार्ता ‹ नई दिल्ली**
www.dailypioneer.com

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि भारत के 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने के लक्ष्य को हासिल करने के लिए खनिज उत्पादन में आत्मनिर्भरता हासिल करना महत्वपूर्ण है। मुर्मु ने यहां राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र में आयोजित एक समारोह में राष्ट्रीय भूविज्ञान पुरस्कार-2023 प्रदान किए। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि भारत के 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने के लक्ष्य को हासिल करने के लिए खनिज उत्पादन में आत्मनिर्भरता हासिल करना महत्वपूर्ण है। उन्होंने इस बात पर खुशी जतायी कि सरकार राष्ट्रीय भूविज्ञान डेटा रिपोजिटरी पोर्टल के माध्यम से भूवैज्ञानिक डेटा के एकीकरण, खनिज संसाधनों की खोज और खनन में कृत्रिम बुद्धिमत्ता तथा उभरती प्रौद्योगिकियों के उपयोग जैसे कई कदम उठा रही है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि ये कदम हमें प्राकृतिक संपदा को



बेहतर ढंग से समझने और उसका उचित उपयोग करने में सक्षम बनाएंगे। मुर्मु ने कहा कि सतत विकास की ओर बढ़ते हुए भारत नेट जीरो कार्बन उत्सर्जन हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध है। बड़े पैमाने पर स्वच्छ ऊर्जा को अपनाने के प्रयास इसी लक्ष्य के अनुरूप हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि हरित परिवर्तन के लिए महत्वपूर्ण खनिजों और दुर्लभ पृथ्वी तत्वों जैसे खनिजों पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि राष्ट्रीय महत्वपूर्ण खनिज मिशन की स्थापना से भारत को आत्मनिर्भर बनने और आर्थिक विकास तथा हरित क्रांति के लिए आवश्यक महत्वपूर्ण खनिजों की मूल्य श्रृंखला को मजबूत करने में मदद मिलेगी। राष्ट्रपति ने कोलकाता में राष्ट्रीय भूस्खलन पूर्वानुमान केंद्र की स्थापना पर खुशी जतायी जो सभी भूस्खलन-संभावित राज्यों के लिए प्रारंभिक चेतावनी बुलेटिन जारी करेगा। उन्होंने इस प्रणाली को इतना फुलप्रूफ और सटीक बनाने पर जोर दिया कि भूस्खलन और बाढ़ जैसी आपदाओं से कम से कम नुकसान हो। मुर्मु ने कहा कि भारत का भूवैज्ञानिक इतिहास इसकी चट्टानों, मैदानों, जीवाश्मों और समुद्री तलों में दर्ज है और इसे भूवैज्ञानिक विरासत कह सकते हैं। उन्होंने युवाओं से भू-पर्यटन और भू-विरासत स्थलों के महत्व को समझने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि भू-पर्यटन लोगों को भू-विज्ञान के क्षेत्र में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करने का माध्यम हो सकता है।

# भारत सरकार ने देश के भूजल संसाधनों के नियमन के लिए युवा भूजल वैज्ञानिकों की भर्ती की

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com






भारत सरकार ने केंद्रीय भूजल बोर्ड में भूजल के क्षेत्र में काम करने के लिए युवा वैज्ञानिकों के एक नए बैच की भर्ती की है। राजीव गांधी राष्ट्रीय भूजल प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान, रायपुर में प्रशिक्षु अधिकारियों के लिए एक वर्ष का प्रशिक्षण शुरू हो गया है। प्रशिक्षण पूरा होने के बाद, अधिकारियों को विभिन्न राज्यों में विभिन्न क्षेत्रीय कार्यालयों में तैनात किया जाएगा और जो देश के भूजल संसाधनों की जांच, अन्वेषण, मूल्यांकन, विकास, प्रबंधन और विनियमन के क्षेत्र में कार्य करेंगे।

राजीव गांधी राष्ट्रीय भूजल प्रशिक्षण और अनुसंधान संस्थान (आरजीआई) कौशल उन्नयन के लिए देश के भूजल विशेषज्ञों के लिए प्रशिक्षण पाठ्यक्रम आयोजित करता है। यह प्रशिक्षण पाठ्यक्रम देश के भूजल संसाधनों की जांच, अन्वेषण, मूल्यांकन, विकास, प्रबंधन और विनियमन के सभी प्रासंगिक पहलुओं के लिए तैयार किए गए हैं। सीजीडब्ल्यूबी के ग्रुप बी वैज्ञानिक अधिकारियों के लिए एक वर्ष के प्रवेश स्तरीय प्रशिक्षण पाठयक्रम (आईएलटीसी) का उद्घाटन आरजीआई, रायपुर में किया गया सीजीडब्ल्यूबी के अध्यक्ष डॉ. सुनील कुमार अम्बष्ट ने इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। सदस्य (सीजीडब्ल्यूए) टी.बी.एन. सिंह ने इस अवसर पर सम्मानित अतिथि के रूप में भाग लिया। उद्घाटन सत्र का आयोजन आरजीआई के क्षेत्रीय निदेशक निधि वर्मा के कुशल नेतृत्व में किया गया था। अपने स्वागत भाषण में, निधीष वर्मा, क्षेत्रीय निदेशक, आरजीआई ने सभी गणमान्य व्यक्तियों, प्रशिक्षु अधिकारियों और आरजीआई के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों का स्वागत किया। उन्होंने कार्यक्रम के डिजाइन, उद्देश्यों और आईएलटीसी के अपेक्षित परिणामों के बारे में भी जानकारी दी। अपने उद्घाटन भाषण में टी. बी. एन. सिंह, सदस्य (सीजीडब्ल्यूए) ने प्रशिक्षु अधिकारियों से सकारात्मक दृष्टिकोण बनाए रखने और टीम भावना का निर्माण करने का आग्रह किया। भारत सरकार के राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस डिवीजन द्वारा विकसित लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम (एलएमएस) का आरजीआई मॉड्यूल बिजिमोल जोस, वैज्ञानिक-'डी' द्वारा प्रस्तुत किया गया और जिसका उद्घाटन सीजीडब्ल्यूबी के अध्यक्ष द्वारा किया गया। डॉ. एस. के. अम्बष्ट, अध्यक्ष, सीजीडब्ल्यूबी ने अपने उद्घाटन भाषण में प्रशिक्षुओं को एक समूह के रूप में काम करने और अपनी पेशेवर यात्रा के दौरान लीक से हटकर सोचने की सलाह दी। उन्होंने प्रशिक्षुओं को सलाह दी कि वे अपने दृष्टिकोण में केंद्रित और अनुशासित रहें और प्रकाशनों के रूप में अपने कार्य को प्रस्तुत करने का प्रयास करें।

# संघ के स्वयंसेवकों ने सेवा बस्ती में जाकर बांधा रक्षासूत्र





पायनियर संवाददाता ✓ धमतरी
www.dailypioneer.com

शिवाजी प्रभात शाखा में रक्षा बंधन का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इसके बाद स्वयंसेवकों ने सेवा बस्ती नामदेव पारा और वाल्मिकी मोहल्ले में जाकर सभी हिंदू भाइयों को राखी बांधकर मुंह मीठा कराया। सोमवार को प्रातः 6:30 नूतन स्कूल में शिवाजी प्रभात शाखा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों ने रक्षाबंधन पर्व मनाया। भगवा ध्वज फहराया गया। सर्व प्रथम अतिथियों के द्वारा भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण और दीप जलाया गया। बारी बारी से सभी स्वयंसेवकों ने परम पवित्र भगवा ध्वज की पूजा अर्चना कर भगवा ध्वज को रक्षा सूत्र राखी बांधी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर संघचालक रामलखन गजेंद्र थे। मुख्य वक्ता के रूप में अधिवक्ता नील पटेल जी उपस्थित थे। पटेल ने अपने बौद्धिक में कहा कि रक्षा बंधन पर्व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 6 उत्सव में से एक है। रक्षाबंधन का पर्व आरएसएस स्थापना के पूर्व शास्त्रों और पुराणों में उल्लेखित है। राक्षाबंधन हमें अपनी संस्कृति धर्म देश की रक्षा करने का कर्तव्यबोध कराता है। उन्होंने राजा बलि, लक्ष्मी और कृष्ण, शिशुपाल सहित द्रोपति प्रसंग सुनाई। पटेल ने आगे कहा कि संघ के स्वयंसेवक प्रति वर्ष राखी पर छोटे छोटे सेवा बस्ती में जाकर सभी हिंदू समाज के भाइयों को रक्षासूत्र बांधकर आपसी भाईचारे और समरसता का संदेश देते हैं। संघ स्थान पर पर्व की समाप्ति के बाद स्वयंसेवकों ने एक दूसरे को रक्षा सूत्र बांधकर सभी का मुंह मीठा कराया। तत्पश्चात सभी स्वयंसेवक मराठा पारा से लगे सेवा बस्ती नामदेव पारा और गणेश चौक के पास स्थित वाल्मिकी समाज के मोहल्ले में जाकर सभी वाल्मिकी भाइयों को रक्षासूत्र बांधकर गले लगाकर उनका मुंह मीठा कराया। रास्ते में झाड़ू लगा रहे एक भाई को जात पात को छोड़कर गले लगाकर उसे भी रक्षासूत्र बांधकर मिठाई खिलाई। इस अवसर पर संघ के स्वयंसेवक लक्ष्मण राव मगर, मोहन साहू, शिरोमणि राव घोरपड़े, प्रताप राव क्रीदत्त, विनोद राव रणसिंह, शिवाजी साहू, गौरव मगर, गंगाप्रसाद सिन्हा, विजय साहू, राजू सोनकर, विजय नामदेव, अजय नामदेव, राजकुमार पटेल, धनेश्वर यादव, योगेश साहू, पवन कौशिक, दिनेश पटवा, उमेश सिंह, राजीव निर्मलकर सहित अन्य स्वयंसेवक उपस्थित थे। यह जानकारी नगर प्रचार प्रमुख उमेश सिंह बशिस्ट ने दी है।

# मैत्री ऐसा होना चाहिए जिसके बाद और किसी के सहयोग की जरूरत न हो : विशुद्ध सागर

पायनियर संवाददाता ✓ धमतरी
www.dailypioneer.com



पूज्य विशुद्ध सागर जी म सा ने अपने आज के प्रवचन में फरमाया कि सहज ही आनंद देने वाला ये सहजानंदी चातुर्मास चल रहा है। इस चातुर्मास में हमे शरीर के सुख को छोड़कर आत्मा के आनंद को प्राप्त करने का पुरुषार्थ करना है। परमात्मा महावीर के शासन में हम दिन प्रतिदिन कुछ नए अनुष्ठान कर रहे है, और इस अनुष्ठान के माध्यम से हमे स्वयं से जुड़ने का प्रयास करना है। दूसरो के लिए तो हमने अपना पूरा जीवन लगा दिया, अब कुछ स्वयं के लिए करना है। अपनी दृष्टि स्वयं पर रोकने का प्रयास करना है, जब तक हमारी दृष्टि स्वयं में नही रुकेगी तब तक आत्मा भी अपने वास्तविक स्वरूप को प्राप्त नहीं कर पाएगा। तप, आराधना और साधना के माध्यम से स्व में आकर स्व में स्थिर होने का कार्य करना है। अपने गति को शरीर से आत्मा की ओर बढ़ाना है, गाय घास खाकर दूध देती है, दूध से दही बनता है, दही से मक्खन और मक्खन से घी बनता है। हम घास को घास के ही रूप में देखते है। जबकि ज्ञानी भगवंत घास में भी घी को देखते है। अर्थात ज्ञानी भगवंत की ये योग्यता होती है की वह वस्तु के वास्तविक स्वरूप को देख सकते है। अर्थात उन्हें वस्तुओ के भूत, वर्तमान और भविष्य तीनों का ज्ञान होता है। हम केवल जानकारी प्राप्त करते है जबकि ज्ञानी भगवंत जानकर उसे समझने का फिर जीवन में उतारने का प्रयास करते है। हमे मैत्री भावना को जीवंत करने का प्रयास करना है। मैत्री भाव हमे संसार के सभी जीवों के प्रति रखना चाहिए। मैत्री भावना केवल दिखावटी नही होना चाहिए। मैत्री ऐसा होना चाहिए जिसके बाद और किसी के सहयोग की जरूरत न हो।

# आदिम जाति बैगा समाज छत्तीसगढ़ के प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक सम्पन्न

पायनियर संवाददाता ✓ कवर्धा
www.dailypioneer.com



बिलासपुर में आदिम जाति बैगा समाज छत्तीसगढ़ की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक प्रदेश अध्यक्ष ईतवारी राम मछिया बैगा के अध्यक्षता में आयोजित किया गया। प्रदेश कार्यकारणी बैठक में समस्त बैगा विकासखंड से प्रतिनिधि शामिल हुए। जिसमें विकासखंड पंडरिया से ईतवारी राम मछिया प्रदेश अध्यक्ष, सेमलाल पड़िया जिला उपाध्यक्ष, विकासखंड बोड़ला से सोनालाल देवड़िया सदस्य बैगा विकास अभिकरण, विकासखंड सहसपुर लोहारा से पुसऊ राम बैगा, विकासखंड तखतपुर से सावन बैगा, राजू सिंह बैगा, विकासखंड भरतपुर से हीरालाल बैगा प्रदेश उपाध्यक्ष, सूरज बैगा प्रदेश संगठन महामंत्री, विकासखंड मनेन्द्रगढ़ से रामप्रसाद बैगा प्रदेश महासचिव, रामकुँवर बैगा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, विकासखंड खैरागढ़ से भगलू राम बैगा, अंजोर लाल बैगा, विकासखंड लोरमी से प्रेम बैगा, विकासखंड पेंड्रा से ज्ञानू राम बैगा, विकासखंड गौरेला से सीताराम बैगा, विकासखंड मरवाही से प्रेमसिंह बैगा, विकासखंड कोटा से रामसिंह बैगा शामिल हुए। प्रदेश कार्यकारिणी द्वारा राज्य के समस्त बैगा समाज की आर्थिक, सामाजिक एवं राजनैतिक न्याय एवं तरक्की पर विस्तारपूर्वक चर्चा एवं निर्णय किया गया। बैठक में चर्चा किया गया कि राज्य के कई इलाकों में मलेरिया, डायरिया जैसी बीमारियों से बैगाओं की हो रही मौतों पर चिंता व्यक्त किया गया। प्रदेश कार्यकारणी के द्वारा प्रमुख विषयों पर चर्चा किया एवं प्रस्ताव पारित कर निर्णय लिया गया। जिसमें सर्वप्रथम प्रदेश अध्यक्ष पद पर चल रही विवाद जिसमें कथित तौर पर कुछ बैगा समाज के लोगों द्वारा मनमानी तौर पर खुद को प्रदेश अध्यक्ष घोषित कर लिया गया है, जो कि भ्रामक एवं असत्य है। प्रदेश कार्यकारिणी ने स्पष्ट किया कि छत्तीसगढ़ के समस्त बैगा विकासखंडों एवं जिलों के द्वारा सर्व सम्मति से ईतवारी राम मछिया बैगा ग्राम अमनिया विकासखंड पंडरिया जिला कबीरधाम को प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित किया गया था यही सत्य एवं सही है। वर्तमान में भी जबतक कार्यकाल पूर्ण नहीं हो जाता या प्रदेश के समस्त बैगा समाज के द्वारा चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न नहीं हो जाता तब तक ईतवारी राम मछिया बैगा ग्राम अमनिया विकासखंड पंडरिया जिला कबीरधाम ही आदिम जाति बैगा समाज छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष हैं और रहेंगे। यह निर्णय सर्व सम्मति से पारित किया गया। इसके बाद दूसरा निर्णय जिसमें प्रदेश सरकार द्वारा विशेष पिछड़ी जनजाति पीवीटीजीएस समूहों के लिए 9623 पदों पर भर्ती विज्ञापन जारी किया गया था, जिसमें अभी भी पूर्ण भर्ती नहीं किया गया है। स्वीकृत पद रिक्त है, जिसे अतिशीघ्र पूर्ण किया जावे। नए पद स्वीकृत करते हुए पदों में वृद्धि किया जावे। तीसरा निर्णय जिसमें आदिम जाति बैगा समाज के जाति गोत्र मछिया, रठुड़िया, बगदरिया जैसे पहचान को संरक्षित, संवर्धन करने का निर्णय लिया गया।

# अजा, अजजा वर्ग के लोगों को राहत पहुंचाने में उत्कृष्ट कार्य के लिए सउनि दिलहरण ठाकुर को किया गया सम्मानित




पायनियर संवाददाता ✓ धमतरी
www.dailypioneer.com

जिला धमतरी पुलिस के अजाक थाने में पदस्थ सहा उनि दिलहरण सिंह ठाकुर जिला धमतरी, रेंज रायपुर को वर्ष 2023 में अनुसूचित जाति, जनजाति वर्ग के लोगों को राहत पहुंचाने, उन पर होने वाले अत्याचार को रोकने तथा उन पर घटित अत्याचार के मामलें में उत्कृष्ट कार्य के लिए मुख्यमंत्री पुरस्कार के तहत् रूपये 50,000 नगद पुरस्कार तथा प्रशंसा पत्र प्रदान कर मुख्यमंत्री छत्तीसगढ शासन द्वारा सम्मानित किया गया है। पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय द्वारा उक्त सम्मान के लिए सउनि दिलहरण ठाकुर को बधाई एवं शुभकामनाएं दिये। उक्त सम्मान के लिए सउनि दिलहरण ठाकुर को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार नायक, डीएसपी अजाक रागिनी मिश्रा, डीएसपी नेहा पवार, डीएसपी भावेश साव, स्टेनो अखिलेश शुक्ला, एसआरसी लक्ष्मी ध्रुव, दिनेश चंदेल, डिगेश शर्मा सहित पुलिस अधिकारी, कर्मचारियों द्वारा बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई।

# 12 विद्युतकर्मियों को राज्य स्तरीय पुरस्कार

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए 12 विद्युत कर्मियों को चेयरमेन पी. दयानंद (आई.ए.एस.) ने पुरस्कृत किया। इसमें आंधी-बारिश और रात के अंधेरे में जान जोखिम में डालकर बिजली बहाल करने वाले विद्युतकर्मी है तो अपने सूझबूझ से जनरेशन प्लांट में पानी बचाने वाले कर्मी भी शामिल हैं। उन्हें पी.दयानंद ने नगद पुरस्कार के साथ पदक व प्रशस्ति-पत्र भी प्रदान किया। मुख्यालय में आयोजित अलंकरण समारोह में प्रबंध निदेशकगण श्री आर.के.शुक्ला, एस.के.कटियार, भीमसिंह कंवर एवं कार्यपालक निदेशक मानव संसाधन अशोक कुमार वर्मा, अति. मुख्य अभियंता विनोद कुमार अग्रवाल उपस्थित थे। जनरेशन कंपनी के जैनेन्द्र कुमार गायकवाड, अधीक्षण अभियंता (मड़वा) को तृतीय स्लरी लाइन के निर्माण के फलस्वरूप 5.17 लाख मीट्रिक टन वेट ऐश का निस्तारण एवं 25.93 लाख लीटर पानी को रिकवर करके खपत में अभूतपूर्व कमी के लिए पुरस्कृत किया गया। आलोक रत्न सक्सेना, कार्यपालन अभियंता (कोरबा) को विद्युत गृह में इकाई क्रमांक-2 के पैनल चार्ज कर यूनिट 2 की संभावित ट्रीपिंग को बचाने के उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। ट्रांसमिशन कंपनी के प्रवीण कुमार शुक्ला, सहायक अभियंता (भिलाई) व्दारा 220 केवी. उपकेन्द्र बेमेतरा एवं राजनांदगांव में तथा 132 केवी. उपकेन्द्र धमतरी के स्थापना परीक्षण एवं ऊर्जीकरण करने के लिए उत्कृष्ट कार्य के लिए पुरस्कृत किया गया। भोजराम साहू, परिचारक श्रेणी-दो (रायपुर) को 132 केवी. भानुप्रतापुर-पंखाजूर लाइन के टावर को विषम परिस्थितियों में डिस्मेंटलिंग एवं इरेक्शन का कार्य अल्प समय में पूर्ण कर विद्युत आपूर्ति को सुचारू रूप से बहाल करने के उत्कृष्ट कार्य के लिये पुरस्कृत किया गया। डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के प्रेमलाल साहू, परीक्षण सहायक श्रेणी-एक (रायपुर) को 33 केवी, 11 केवी. के 25 से अधिक पोल रिपेयर कर लगभग रू. 32 लाख 78 हजार की आर्थिक क्षति से बचाने के लिए सम्मानित किया गया। साहू ने 19 जुलाई की रात को आंधी-बारिश के बीच खैरखूंट उपकेन्द्र के पॉवर ट्रांसफार्मर को ठीक करने का भी उल्लेखनीय कार्य किया है। महेश कुमार जायसवाल, कनिष्ठ अभियंता (चांपा) को वितरण केन्द्र के ट्रांसफार्मर विफलता के दर को 12 प्रतिशत से घटाकर 1 प्रतिशत करने तथा विद्युत लाइन के प्रभावी ढंग से रख-रखाव लिये पुरस्कृत किया गया।

# ऑक्सीजन प्लांट का 4 नग पाईप कीमती 40,000 रुपए चोरी के आरोपी गिरफ्तार



पायनियर संवाददाता ✓ धमतरी
www.dailypioneer.com

सिविल अस्पताल कुरूद आक्सीजन हाउस में घुसकर दिनदहाड़े आक्सीजन प्लांट का 04 नग पाईप कीमती 40,000. रू को चोरी कर ले जाने थाना कुरूद में अपराध पंजीबद्ध कर तत्काल कार्यवाही करते हुए थाना प्रभारी एवं थाना स्टॉफ द्वारा आरोपी का त्वरित पतासाजी कर आरोपी दुर्गा प्रसाद को हिरासत में लेकर कडाई से पूछताछ करने पर उसके पास से अस्पताल के पीछे छिपाकर रखे 04 नग आक्सीजन पाईप 3×3 फीट का 04 नग बोल्ट, 04 नग नटए 04 खिला कापर, 01 नग पाना को जप्त कर अपराध सबुत पाये जाने आरोपी के विरुद्ध थाना कुरूद में अप क्र 360/24 धारा 331 (3) 305 (म) बीएनस के तहत कार्यवाही कर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड माननीय न्यायालय पेश कर जिला जेल दाखिल कराया गया। आरोपी का नाम.रूदुर्गा प्रसाद ध्रुव पिता राधेश्याम ध्रुव उम्र 28 वर्ष सा0 कन्हारपुरी थाना कुरूद जिला धमतरी छ.ग.।

# सुशील सन्नी अग्रवाल ने बहनों के साथ हर्षोल्लास से मनाया रक्षाबंधन का त्यौहार



पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न वार्ड की बहनों ने सुशील सन्नी अग्रवाल के निवास में जाकर राखी बांधकर रक्षा बंधन का त्यौहार मनाया। इस अवसर पर अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ प्रदेश की समस्त बहनों को रक्षा बंधन की हार्दिक शुभकामनाएं दिए और कहां की यह पर्व हमारी सनातन संस्कृति एवम परंपरा का प्रतीक है। हमारे बहने भाइयों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर अपनी रक्षा करने का संकल्प मांगती है। राखी का त्योहार सभी धर्म के लोग मनाते हैं। इस अवसर पर सिविल लाइन वार्ड की पार्षद नीलम नीलकंठ जगत, संगीता चंद्राकर, विनिता नशीने सहित भारी संख्या बहनें मौजूद रहीं।

## कांवड़ यात्रा भारत की धार्मिक और सामाजिक आस्था का प्रतीक है

# कबीरधाम जिले से पधारे शिवभक्तों द्वारा हमें सेवा का अवसर देने के लिए आभार : भावना बोहरा

पायनियर संवाददाता ✓ कवर्धा
www.dailypioneer.com

सावन माह में कबीरधाम जिले से अमरकंटक जाने वाले कांवड़ यात्रियों एवं श्रद्धालुओं की सेवा हेतु विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी पंडरिया विधायक भावना बोहरा द्वारा 22 जुलाई से 18 अगस्त तक नवनिर्मित पालिका परिषद्, जिला अनुपपुर अमरकंटक (म.प्र.) में निशुल्क भोजन व ठहरने की व्यवस्था की गई थी। इस दौरान कबीरधाम जिले से लगभग आए कांवड़ यात्रियों एवं श्रद्धालुओं को एक माह में सुबह का नाश्ता एवं दोपहर व रात का भोजन मिलाकर 50,000 से अधिक भोजन की थालियाँ परोस कर उनकी सेवा की गई। वहीं हजारों की संख्या में पधारे कांवड़ यात्रियों एवं श्रद्धालुओं का भावना बोहरा की टीम के सदस्यों द्वारा स्वागत कर सेवा की गई। परिसर में प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में कबीरधाम जिले से कांवड़ यात्रियों एवं श्रद्धालुओं का आगमन जारी रहा वहीं संध्या में होने वाली महाआरती और भजन संध्या में प्रतिदिन हजारों की संख्या में भक्तजनों ने शामिल होकर शिवजी की आराधना कर भोजन एवं प्रसाद ग्रहण किया। समापन के अवसर पर भी हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भंडारा में शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर भावना बोहरा ने कहा कि यह भक्तों की भगवान भोलेनाथ के प्रति आस्था और विश्वास के साथ



कांवड़ में जल भरकर उनके जलाभिषेक हेतु सैकड़ों किलोमीटर की कठिन यात्रा करके वो यहां पहुँचते हैं। उनके इसी कठिन यात्रा को सुगम बनाने और उन्हें सात्विक भोजन, विश्राम और कांवड़ यात्रियों की सेवा करने का हमें यह सौभाग्य प्राप्त हुआ। कबीरधाम जिले से प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में कांवड़ यात्रियों एवं श्रद्धालुओं का आगमन हो रहा था जिन्हें किसी भी प्रकार की कोई असुविधा न हो उसके लिए हमारी टीम के सदस्य दिन-रात उनकी सेवा में जुटे रहें जिसके मैं उन सभी का आभार व्यक्त करती हूँ। इस दौरान हमारे इस प्रयास में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से समाज सेवकों व पूरे कबीरधाम जिले की जनता ने अपना भरपूर सहयोग एवं मार्गदर्शन हमें दिया और उनका यही अपार स्नेहरूपी आशीर्वाद से हमें यह कार्य करने का अवसर मिला जिसके लिए मैं उन सभी का भी आभार व्यक्त करती हूँ। भावना बोहरा ने कहा कि कांवड़ यात्रा हमारी सभ्यता,संस्कृति और सामाजिक आस्था का प्रतीक है। कांवड़ यात्रा लेकर हमारी धार्मिक सभ्यता के प्रसार एवं उसे संजोने में सभी का यह अतुलनीय योगदान हमारी आने वाली पीढ़ियों को भी प्रेरित करेगा इसके साथ ही सनातन धर्म, संस्कृति उसकी गौरवशाली महिमा को भी पोषित तथा संरक्षित करने का कार्य करेगा। जिस तरह कांवड़ यात्रा लेकर निकलने वाले यात्रियों को स्वयं भगवान शिवजी का आशीर्वाद प्राप्त होता है हमें भी आज उन सभी कांवड़ यात्रियों की सेवा करके भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त करने का सुअवसर मिला है। कबीरधाम जिले से पधारे मैं समस्त कांवड़ यात्रियों और भक्तजनों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करती हूँ कि विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी हमें अपनी सेवा करने का मौका दिया और इस पुण्य का भागीदार बनने का अवसर दिया।

# आज बीजापुर बंद, आरक्षण के समर्थन में निकाली जाएगी आक्रोश रैली

पायनियर संवाददाता ◄ बीजापुर
www.dailypioneer.com



अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति समुदाय के निर्णयानुसार माननीय सुप्रीम कोर्ट ने 01 अगस्त 2024 को पंजाब राज्य बनाम दविन्दर सिंह व अन्य के फैसला में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति समुह के कोटे के अन्दर कोटा निर्धारण करने का अधिकार राज्यों को एवं क्रीमीलेयर लागू करने के फैसले के विरोध में 21 अगस्त 2024 को सम्पूर्ण भारत बंद को आव्हान किया गया है। जिसके समर्थन में जिले के समस्त अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति समुदायों ने 21अगस्त 2024 को सम्पूर्ण बीजापुर जिला के आवश्यक सेवाओं को छोड़कर शेष सभी व्यवसायिक संस्थाए प्रतिष्ठाने, परिवहन सेवाए कामगार संस्थाए एवं समस्त शैक्षणिक संस्थाए प्रातः 06 बजे से शाम 05 तक पूर्णतः बंद करने का निर्णय लिया गया है। आरक्षण बचाओ एससी एसटी संयुक्त समिति के अध्यक्ष शंकर कुडियम ने बताया कि आगामी 21 अगस्त को जिला बीजापुर के समस्त व्यवसायिक संस्थाएं, परिवहन सेवाएं एवं शैक्षिणक संस्थाएं बंद करते हुए बीजापुर शहर में उक्त फैसले के विरोध में रैली निकालकर आक्रोश व्यक्त किया जाएगा। स्थानीय गोंडवाना भवन में आयोजित एसटी, एससी समाज की संयुक्त बैठक में सर्व सहमति से अध्यक्ष शंकर कुडियम, उपाध्यक्ष रैमनदास झाड़ी गुज्जा पवार, त्रिपति यालम, लक्ष्मीनारायण पोर्तेक, मनीष सोनवानी, सुरेश चंद्राकर बीएस मिंज, सचिव कमलेश पैंकरा, सह सचिव कमलदास झाड़ी, कोषाध्यक्ष जगबंधु मांझी, सह कोषाध्यक्ष राकेश परतागिरी, संरक्षक जग्गूराम तेलामी, अशोक तालंडी, भुनेश्वर सिंह कंवर, अजय दुर्गम, बीआर अमान, नरेंद्र बुरका, सकनी चंद्रैया, पांडू राम तेलाम, कल्याण सिंह कुर्रे, मीडिया प्रभारी बसंत मामडीकर, सन्नु हेमला, समैया पागे, राजेश झाड़ी, विधि सलाहकार अधिवक्ता लक्ष्मीनारायण गोटा, अधिवक्ता सल्लूर वेंकटी, अधिवक्ता ज्योति कुमार मनोनित किए गए। इस दौरान गोंड, मुरिया, हल्बा, दोरला, परधान, कंवर, उरांव, कुडूख उरांव, भतरा, महार, सतनामी मराई माता महार और महारा समाज के प्रतिनिधि और पदाधिकारी मौजूद थे।

# जवानों की कलाइयों पर सुकमा की बहनों ने बांधा रक्षासूत्र

पायनियर संवाददाता ◄ सुकमा
www.dailypioneer.com



रक्षाबंधन के अवसर पर मुख्यालय/02 बटालियन, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल सुकमा मे रति कान्त बेहेरा कमाण्डेन्ट के निर्देशन में नगरपालिका सुकमा की बहनो के द्वारा केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के अधिकारी एवं जवानों के साथ रक्षाबंधन त्योहार का मनाया गया। इस अवसर पर अधिकारी एवं जवानो द्वारा सुकमा की बहनो का स्वागत किया गया। इस अवसर पर अपने परिवार से दूर रहकर सुकमा जैसे घोर नक्सलग्रस्त क्षेत्र में अपने कर्तव्य का निर्वहन कर रहे जवानों को प्रोत्साहित करने एवं परिवार की कमी दूर करने के लिए सुकमा की बहनो ने के.रि.पु.बल के जवानो का तिलक कर हाथो पर रक्षा सूत्र बांधा। 100 से भी अधिक जवानों ने इस रक्षाबंधन के त्योहार में भाग लिया। 02 बटालियन के अधिकारी एवं जवानों के द्वारा सभी बहनों को सुखमय जीवन के लिए आशीर्वाद दिया गया। साथ ही बहनों ने जवानों की लंबी उम्र की कामना की और साथ ही अपने कर्तव्य का निर्वहन करने की प्रार्थना की। इस शुभ अवसर पर रति कान्त बेहेरा कमाण्डेन्ट, डॉ पंकज कुमार चिकित्सा अधिकारी (एस. जी.), पवन कुमार द्वितीय कमान अधिकारी, ज्ञानेश प्रताप सिंह सहा. कमा. एवं अधिनस्थ अधिकारी व जवान भी उपस्थित थे। द्वितीय वाहिनी, के.रि.पु.बल ने सभी बहनो को उनके द्वारा की गई इस रचनात्मक पहल के लिए स्वागत किया एवं उनकी सुरक्षा का आश्वासन दिया गया और विश्वास दिलाया गया कि कभी भी किसी भी प्रकार की आवश्यकता होने पर उन सभी का 02 बटालियन में स्वागत है। इसके साथ ही उन्होने भविष्य मे इस परम्परा को बनाये रखने का आश्वासन दिया। सभी, ने उन सभी बहनों का आभार व्यक्त किया।

# महतारी वंदन योजना से लाभान्वित बहनों ने जिले के दूरस्थ ईलाके चांदामेटा एवं कोलेंग में सीआरपीएफ जवानों को बांधी राखी





पायनियर संवाददाता ◄ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

भाई-बहन के अमर प्रेम का त्यौहार रक्षाबंधन के अवसर पर सोमवार को महतारी वंदन योजनांतर्गत लाभान्वित बहनों सुनीता कुंजाम, सोमड़ी मण्डावी, पायके पोयाम, पालो कश्यप, सावित्री, फगनी सेठिया आदि ने जिले के दूरस्थ ईलाके चांदामेटा एवं कोलेंग में सीआरपीएफ जवानों को राखी बांधकर उनकी दीघार्यु जीवन की कामना की। वहीं इस सुदूर ईलाके चांदामेटा एवं कोलेंग में सेवा देने वाले सीआरपीएफ जवानों ने रक्षासूत्र बंधवाकर बहनों को आशीर्वाद दिया। साथ ही महतारी वंदन योजना से लाभान्वित बहनों ज्योति नाईक,शान्ति नाग, लिपिका सरकार, कविता झा, सुभाषिनी कश्यप, विनीता यादव, रेहाना बेगम एवं ममता साहू ने छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल 5 वीं बटालियन परपा जगदलपुर के जवानों को राखी बांधकर उनकी लम्बी आयु की कामना की। इन जवानों ने भी बहनों को आशीष प्रदान किया। इस मौके पर जवानों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि रक्षाबंधन के लिए स्थानीय बहनों के राखी ने उन्हें अपने घर-परिवार की दूरी को कम कर दिया और परिवार की तरह स्नेह-सम्मान मिला। इस दौरान सहायक कमांडेंट सीआरपीएफ 80 वीं बटालियन के सहायक कमांडेंट पंकज सरोज एवं अमित श्रीवास्तव, छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल 5 वीं बटालियन परपा के निरीक्षक राजा बाबू, बाल विकास परियोजना अधिकारी अर्चना सैमसन सहित महिला एवं बाल विकास विभाग के सुपरवाइजर और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिका मौजूद रहे।

# हात्मा में रक्षाबंधन पर्व मनाया गया

- जूनियर रेड क्रॉस संघ हात्मा ने साफ-सफाई सह पौधरोपण किया

पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com





शासकीय हाई स्कूल हात्मा, संकुल हात्मा, विकासखण्ड बड़ेराजपुर, जिला कोंडागांव में भाई बहन के पवित्र प्यार रिश्ते वाला रक्षाबंधन पर्व मनाया गया। जिला शिक्षा विभाग समग्र शिक्षा से जिला मीडिया प्रभारी शिक्षक शैलेंद्र ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि पर्व में बच्चों ने बड़ी खुशी के साथ अपनी सहभागिता निभाई। पर्व की शुरुआत माता सरस्वती के छाया चित्र में पूजन अर्चन कर राखी बांध कर किया गया, कार्यक्रम की शुरुआत में संदीप कुमार सेन जी व्याख्याता हाई स्कूल हात्मा ने बच्चों को हिन्दू महाकाव्य महाभारत एक दृष्टांत के बारे में बताया, उन्होंने बताया कि महाभारत के अनुसार रक्षाबंधन का संबंध कृष्ण द्रौपदी से है। रक्षा बंधन का इतिहास क्या है जब चीर हरण के समय द्रौपदी लाचार थी और सब से मदद की भीख मांग रही थी। उस समय भगवान कृष्ण ने द्रौपदी की चीर बढ़ाकर उनकी सुरक्षा की थी। तब से हर बहन राखी वाले दिन अपने भाई की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधती है और भाई अपनी बहन की रक्षा का वचन उन्हें देते हैं। युद्ध में पांडवों की जीत को सुनिश्चित करने के लिए भगवान श्रीकृष्ण ने युद्धिष्ठिर को सेना की रक्षा के लिए राखी का त्योहार मनाने का सुझाव दिया था। वहीं अभिमन्यु युद्ध में विजयी हों, इसके लिए उनकी दादी माता कुंती ने भी उनके हाथ पर रक्षा सूत्र बांधकर भेजा था। इस दृष्टांत को आगे बढ़ाते हुई संस्था के भूतपूर्व प्राचार्य श्री रामभुवन साहू जी ने बताया कि एक समय की बात थी जब भगवान श्रीकृष्ण जी की एक उंगली कुछ कारण से कट गई थी तब द्रोपदी जी ने अपने साड़ी की पल्लू फाड़कर श्रीकृष्ण जी की उंगली में बांधी थी, तब से श्रीकृष्ण जी द्रोपदी जी को अपना बहन मानते थे, एक कहानी पुस्तक से बताया कि एक समय रक्षा बंधन के दिन एक बहन जिसका कोई भाई नहीं था तो उसकी दादी मां ने किसी भी बालक को राखी बांधकर अपना भाई बना सकते हो बोली, फिर एक राहगीर घुड़सवार को जिसका भी कोई बहन नहीं था उस कन्या ने राखी बांधकर रक्षा बंधन का पर्व मनाई था, बच्चों के लिए राखी पेन और मिठाई की व्यवस्था की गई थी, रक्षा बंधन पर्व के बाद जूनियर रेड क्रॉस के बच्चों ने संस्था प्रांगण में 2 आम के पौधे रोपित किये और उसके देखभाल की जिम्मेदारी ली, संस्था के सभी बच्चों ने संस्था के आसपास के स्थान की साफ सफाई की, इस प्रकार बच्चों के मन में बड़ी प्रशन्तता थी बच्चे बड़ी खुशी से अपने अपने घर को प्रस्थान किये।

# स्नेह प्यार का पर्व रक्षाबंधन में बहनों ने रक्षा सूत्र से भाइयों की कलाइयां सजाई

पायनियर संवाददाता ◄ बीजापुर
www.dailypioneer.com



भाई बहन के अटूट प्यार स्नेह का पर्व रक्षाबंधन सोमवार को हर्ष उल्लास और परंपरा पूर्वक मनाया गया। हर वर्ष की तरह सावन पूर्णिमा की तिथि पर बहनों ने रक्षा सूत्र से भाइयों की कलाइयां सजाई। रेशम की डोरी के धागे भले ही कच्चे हो लेकिन इसके पीछे का स्नेह अटूट और बेहद मजबूत होता है। बहन-भाई के प्यार का प्रतिक इस त्योहार को लेकर घर-घर में व्यापक तैयारियां की गई थी। देवी देवताओं की पूजा अर्चना के उपरांत बहनों ने भाइयों की कलाई में रक्षासुत बांधे वहीं भाईयों ने बहनों को उपहार देकर हमेशा अपने बहनों की रक्षा करने का वचन दिए। इस प्यार और विश्वास के त्यौहार रक्षाबंधन में छोटे छोटे बच्चे भी हाथो में मेंहदी और खूबसूरत नए कपड़े पहनकर खासा उत्साहित नजर आए ,वही बीजापुर के राउतपारा में रिद्धि सिद्धि और श्रुति मामडीकर ने अपने भाई रौनक और चीकू को रक्षासूत्र बांधकर रक्षा का वचन लेकर अपना आशीर्वाद और प्यार दिए।

## किरंदुल में धूमधाम से मनाया गया रक्षाबंधन का पर्व



**किरंदुल।** भाई बहन के अटूट बंधन और स्नेह का पर्व रक्षाबंधन लौह नगरी किरंदुल में धूमधाम से मनाया गया।सोमवार को सावन पूर्णिमा के दिन यह पर्व मनाया गयादेशभर में रक्षाबंधन का पर्व मनाया गया भद्र होने की वजह से दोपहर 1 बजकर 30 मिनट के बाद ही राखी बांधी गयी हालांकि, भद्रा में भी राखी बांधी गयी भाइयों की कलाई पर बहनों ने राखी बांध कर आजीवन रक्षा करने का वचन लिया और भाइयों ने बहनो को उपहार दिया।

# अतिवृष्टि से तीसरी बार टूटी पाइपलाइन, वार्डों में पेयजल ठप



**किरंदुल।** किरंदुल में सोमवार रात को हुई अतिवृष्टि के कारण तीसरी बार नगरपालिका की पाइपलाइन टूट गई। जिसके कारण नगर के 12 वार्डों में पेयजल सप्लाई ठप हैं। फिलहाल नगरपालिका परिषद द्वारा टैंकर के माध्यम से वार्डों में पानी पहुंचाया जा रहा हैं। साथ ही मंगलवार पाइपलाइन मरम्मत कार्य में नगरपालिका कर्मचारी जुटे हुए हैं।नगरपालिका राजस्व अधिकारी डी एस साहू ने बताया कि पाईपलाइन मरम्मत का कार्य प्रगति पर हैं एवम शाम से वार्डों में पानी सप्लाई शुरू हो जाएगी।

# जिला पुलिस बल एवं सीआईएसएफ जवानों के साथ मनाया गया



पायनियर संवाददाता ◄ किरंदुल
www.dailypioneer.com

एनएमडीसी किरंदुल परियोजना एवं नगर की सुरक्षा हेतु तैनात केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल एवं पुलिस थाना किरंदुल के जवानों की कलाईयां सुनी न रह जाये व बहनों के स्नेह की कमी महसूस न हो, इस भावना के साथ बैलाडीला देवस्थान समिति श्री राघव मन्दिर और गायत्री परिवार द्वारा प्रतिवर्ष जिला पुलिस बल एवं सीआईएसएफ जवानों के साथ रक्षाबंधन का पावन पर्व मनाया जाता है। प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी इसी पुनीत परंपरा को कायम रखते हुए अंतिम श्रावण सोमवार एवं रक्षाबंधन के अति पावन अवसर पर दोनों धार्मिक एवं सांस्कृतिक संस्थाओं, डीएवी पब्लिक स्कूल एवं नगरपरिवार के सर्व समाज की बहनों द्वारा राखियां बांधकर भाइयों को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं एवं दीर्घ, खुशहाल जीवन की मंगल कामनाएं की गई। इस अवसर पर थाना प्रभारी प्रहलाद साहू, सीआईएसएफ इंस्पेक्टर टी आर वर्मा, अमित सिंह, एसबीआई बैंक मैनेजर उत्कर्ष देवांगन, बैलाडीला देवस्थान समिति एवं गायत्री परिवार के पदाधिकारी एके सिंह, ओम कुमार साहू, राजेन्द्र यादव, पीसी जैन, बृजलाल तारम, केपी सिन्हा, कामता प्रसाद डेहरिया, राजेश सिन्हा, तुलेश्वर निषाद, पुष्पा सिंह, आशा पिपरैया, लक्ष्मी पोयाम, गीता यादव, ऋतु वर्मा, उमेश्वरी साहू, तामेश्वरी साहू, संगीता साहू, पुष्पा मौर्य, रत्ना मिस्त्री, सावित्री राजपूत, श्यामा रामटेके, वत्सला नागवंशी, प्रमिला शर्मा, ज्योति डेहरिया, प्रभा साहू, अनिता गुप्ता, पूजा साहू, डीएव्ही पब्लिक स्कूल की छात्रायें उपस्थित थे।

# राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी एवं पश्चिम भारत विज्ञान मेला में कांकेर जिला टीम की सहभागिता

पायनियर संवाददाता ◄ कांकेर
www.dailypioneer.com



राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद रायपुर एवं क्षेत्रीय विज्ञान केन्द्र रायपुर के तत्वावधान में आयोजित 4 दिवसीय राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी एवं पश्चिम भारत विज्ञान मेला 2024 का आयोजन जगतु माहरा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जगदलपुर में हुआ। कांकेर जिला शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार पटेल के निर्देशन में कांकेर जिला टीम के 20 प्रतिभागियों ने इस कार्यक्रम में सहभागिता दी। कांकेर जोन नोडल अधिकारी पुष्पांजलि ठाकुर ने बताया कि इस कार्यक्रम में कुल 9 जोन से 250 विद्यार्थी एवं 150 शिक्षकों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में मुख्य कथानक 'समाज के लिए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी' के अंतर्गत विभिन्न विषयों में कांकेर जिला के 20 प्रतिभागी और धमतरी जिला के 21 प्रतिभागी अपनी सहभागिता देकर संयुक्त रूप से कांकेर जोन का प्रतिनिधित्व किए। बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी के अंतर्गत बालिका वर्ग से माही मजुमदार सेजस हरनगढ़ ने स्टेथोस्कोप, खुशी सिन्हा सेजस चारामा ने स्वास्थ्य, पूर्वी कटेंद्र सेजस नरहरपुर ने प्लास्टिक रोड, यामिनी यादव कन्या मिडिल स्कूल लखनपुरी स्प्रिंकलर ड्रिप विधि, सिद्धि देवांगन सेजस नरहरपुर ने दुर्घटना से बचाव (यू टर्न), और बालक वर्ग से माणिक सरकार हाई स्कूल ईरादाह ने जैविक कीटनाशक यंत्र, आकाश कुमार यादव मिडिल स्कूल इच्छापुर ने स्मार्ट प्रोजेक्टर(मिनी सिनेमाहॉल), हर्ष कुमार जैन शा उ मा वि मुरडोंगरी ने घरेलु देशी कुलर (ट्रैवलिंग कुलर) बनाकर अपने माडल प्रस्तुत किया। पश्चिम भारत विज्ञान मेला के अंतर्गत एकल प्रोजेक्ट में रागिनी सिन्हा ने स्वास्थ्य एवं स्वच्छता, टीम प्रोजेक्ट में देविका जैन और दुर्गेशवरी सिन्हा ने जल संरक्षण में तीनों हायर सेकंडरी स्कूल मुरडोंगरी से तथा शिक्षक टी एल एम में शिक्षक राहुल देवांगन मीडिल स्कूल अर्जुनी ने संचार एवं परिवहन, शिक्षिका अंजलि नायक सेजस नरहरपुर ने नंबर लाइन (गणितीय खेल) में प्रस्तुति दी। विज्ञान सेमीनार में कु लियांशी राजपूत शा उमावि मुरडोंगरी ने मिलेटस पर, विज्ञान संगोष्ठी में शिक्षिका वैशाली सोनी सेजस नरहरपुर ने सिल्क वर्म का जीवन चक्र पर प्रस्तुति दी।

# श्रावण माह के पांचवें सोमवार को किरंदुल के शिवालयों में हुई विशेष पूजा



पायनियर संवाददाता ◄ किरंदुल
www.dailypioneer.com

श्रावण माह के पांचवें एवम अंतिम सोमवार को भगवान महादेव के मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना की गई।19 अगस्त सोमवार को लौहनगरी किरंदुल के अलग अलग स्थानों में स्थित शिवालयों और नगर के गांधीनगर नंदी पर्वत पर स्थित शिव मंदिर, श्री श्री बद्रीनाथ आदिनाथ मंदिर, पशुपतिनाथ मंदिर पर सुबह से ही शिवलिंग पर जल अर्पण करने हेतु भक्तों का तांता लगा रहा।साथ ही इस अवसर पर विभिन्न शिवालयों में विशेष पूजा अर्चना कर नगर की सुख शांति समृद्धि एवम खुशहाली की कामना की गई।

# अवैध चावल चना महुआ टोरा परिवहन करते थाना पामेड़ ने जब्त किए

पायनियर संवाददाता ◄ बीजापुर
www.dailypioneer.com



अवैध रूप से परिवहन किए जा रहे चावल, चना, महुआ व टोरा को थाना पामेड़ द्वारा बरामद किया गया। बरामद सामग्री चावलः 50 बोरियां, प्रत्येक में 50 किलोग्राम चनाः 20 बोरियां, प्रत्येक में 50 किलोग्राम

**महुआ :** 100 बोरियां, प्रत्येक में 40 किलोग्राम

**टोरा :** 50 बोरियां, प्रत्येक में 40 किलोग्राम

बरामद सामग्री को वाहन चालक कृष्णा अनमुल निवासी केसईगुड़ा थाना मद्देड के कब्जे से जब्त किया गया। पूछताछ पर वाहन चालक ने बताया कि उक्त सामग्री को चेरला ले जाना था और वाहन शशिकला ट्रेडर्स, आवापल्ली का है। मौके पर उपरोक्त सामग्री के परिवहन के संबंध में कोई वैध दस्तावेज न मिलने से थाना प्रभारी पामेड़ द्वारा धारा 106 भारतीय नागरीक सुरक्षा संहिता (क्व्हहस्) के तहत वैधानिक कार्यवाही कर विस्तृत जांच की जा रही है। पृथक से धारा 106 क्व्हहस् के तहत इश्तगासा तैयार कर जप्त किया गया है। जाँच पश्चात आगे की कार्यवाही की जायेगी।

# सागरपाली भंवरपुर बसना मार्ग पर जानलेवा गड्ढे बने दुर्घटना का कारण

पायनियर संवाददाता ✓ भंवरपुर
www.dailypioneer.com



सागरपाली भंवरपुर बसना मार्ग के रख रखाव के अभाव में डामर की परतें उखड़ने लगी हैं जिससे जगह-जगह जानलेवा गड्ढे बन गये हैं। इन गड्ढों की वजह से आवागमन पुरी तरह से बाधित हो रही है। सागरपाली से लेकर एन एच-53 तक अनेकों स्थानों पर बड़े-बड़े खतरनाक गड्ढे बन गए हैं। गड्ढों का आकार दिन-ब-दिन बढ़ता ही जा रहा है। बरसात के दिनों गड्ढों की गहराई का अंदाजा नहीं लग पाता जिसके चलते आए दिन दुर्घटना हो रही है। जबकि अन्य दिनों में धुल का गुब्बार राहगीरों को बीमार बना रहा है। इधर पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा खराब हो रही सड़क की मरम्मत की ओर तनिक भी ध्यान नहीं दी जा रही है। समय रहते अगर इस सड़क की मरम्मत नहीं की गई तो जान माल की हानि हो सकती है। यह मार्ग दो दर्जन से अधिक गांवों को न सिर्फ विकासखंड मुख्यालय से जोड़ता है बल्कि जिला मुख्यालय एवं राजधानी जाने का भी यही एकमात्र मार्ग है जिसे जिला मुख्य मार्ग घोषित किया गया है। यह मार्ग जब से बना है तब से खराब हालत में है फिर भी लोग इसी खस्ताहाल सड़क पर ही आने जाने मजबूर हैं। करीब 22 किलोमीटर का सफर लोगों के लिए परेशानी का सबब बन जा रहा है। अब तो लोग आवश्यक कार्यों के लिए भी विकासखण्ड मुख्यालय बसना जाने से कतरने लगे हैं। यदि अति आवश्यक कार्य हो तो फिर बसना जाने के लिए सरायपाली मार्ग का अनुसरण करना बेहतर समझते हैं। रमन सिंह मुख्यमंत्री बनने के बाद पहली बार बड़े साजापाली आए तब इस मार्ग को तन डोले मन डोले मार्ग की संज्ञा दे गये थे।आज यह मार्ग वही स्थिति में पुनः पहुंच गई है। ग्रामीणों का कहना है कि पिछली बार जब ठेकेदार को ठेका मिला तो अच्छी सड़क बनने की उम्मीद जगी थी मगर ठेकेदार की लापरवाही के चलते इधर डामर की परतें चढ़ाता गया और उधर डामर उखड़ता गया। उस समय के एक इंजीनियर द्वारा मॉडल सड़क बनाने का दावा किया गया था मगर मॉडल सड़क तो बनी नहीं बल्कि भ्रष्टाचार का मॉडल बन गया। ज्ञातव्य हो कि एन एच 53 भंवरपुर मोड़ से सागरपाली तक ठेका 2012 के 5 वें महीने मे 18 माह की निर्माण अवधि पर 1630 लाख मे 17.6 किमी की दूरी पर लगभग 90 लाख रुपये प्रति किलो मीटर की दर से ठेका हुआ था। रोड़ की प्रशासनिक स्वीकृति तो 1703 लाख की थी पर तकनीकी स्वीकृति 1630 लाख में ठेका हुआ था। उसके बाद उचित रखरखाव के अभाव में सड़क क्षतिग्रस्त होने लगी। पूरे सड़क का रिनुअल कार्य दो-तीन वर्ष पहले ही कराया गया था मगर ठेकेदार की लापरवाही से इतनी जल्दी मरम्मत कराने की फिर से आवश्यकता पड़ रही है। यह सोचने वाली बात है। सड़क का इतनी जल्दी खराब होना कहीं न कहीं सड़क निर्माण के दौरान बरती गई लापरवाही को ही उजागर करता है।

इस मार्ग से होकर रोजाना जनप्रतिनिधि, सत्ता पक्ष से जुड़े नेता, अधिकारी गुजरते हैं क्या उन्हें ये बड़े-बड़े गड्ढे नजर नहीं आते या फिर वे जानबूझकर इन गड्ढों को अनदेखा कर रहे हैं। खस्ताहाल सड़कों को लेकर के अब जनता में जना ेश पनप रहा है। जो कभी भी उग्र आंदोलन का रूप ले सकता है।

### सड़क किनारे की सफाई नहीं, सामान भी रख रहे

इधर सड़क किनारे फुटपाथ (साइड सोल्डर) की नियमित सफाई नहीं होने से बरसाती झाड़ियां उग आयी हैं और सड़क के दोनों ओर एक से डेढ़ फिट मिट्टी से पट चुका है नतीजतन यह कथित जिला मुख्य मार्ग डबल से सिंगल हो चुकी है। वहीं सड़क किनारे उगे बेर, बबुल, गोहेरा, खजूर की कंटिली झाड़ियां राहगीरों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई हैं। कई झाड़ियां तो अब पेड़ बन चुकी है। सड़क किनारे इन झाड़ियों का नियमित साफ-सफाई नहीं होने से आए दिन दुर्घटना हो रही है। झाड़ियों की वजह से बड़े वाहनों के आने से साइड देने या ओवरटेक करने मे दिक्क त होती है और इसी समय दुर्घटनायें हो रही हैं। वहीं सागरपाली से लेकर एन एच 53 भंवरपुर मोड़ तक अनेकों स्थानों पर ग्रामीणों द्वारा अपने वाहनों, भवन निर्माण सामग्री, लकड़ी इत्यादि को सड़क किनारे रख दिए जाने से भी सड़क की चौड़ाई कम हो गई है।

# विधायक चातुरी नंद ने पुलिस कर्मियों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं को बांधी राखी

## विधायक कार्यालय में धूमधाम से मनाया गया रक्षाबंधन




पायनियर संवाददाता ✓ सरायपाली
www.dailypioneer.com

क्षेत्रीय विधायक चातुरी नंद ने हर साल की भांति इस साल भी विभिन्न पुलिस थानों में पदस्थ पुलिसकर्मियों को राखी बांधकर रक्षाबंधन पर्व मनाया। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को भी राखी बांधी और उनकी लंबी उम्र की कामना की। इस संबंध में जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि दिन रात हमारी सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मीयों को मैं हर साल रक्षा सूत्र बांधकर भाई बहन के स्नेह के पवित्र त्यौहार रक्षाबंधन मनाती हूं। इस साल विधायक कार्यालय में रक्षाबंधन कार्यक्रम आयोजित कर सभी भाइयों को एकसाथ राखी बांधने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। उन्होंने सभी की लंबी आयु की प्रार्थना करते हुए उन्हें रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दी। विधायक कार्यालय में आयोजित रक्षाबंधन पर्व कार्यक्रम में थाना प्रभारी प्रवीण चौहान, बलौदा थाना प्रभारी वर्मा, आबकारी अधिकारी डी आर सोनी, विधायक प्रतिनिधि घसिया सिदार, कांग्रेस जिला महामंत्री जयंत चौधरी, पार्षद सुरेश भोई, विधायक प्रतिनिधि भरत मेश्राम, दुष्यंत साहू, जयंत यादव समेत अन्य पुलिसकर्मी, कांग्रेस कार्यकर्ता विशेष रूप से कार्यक्रम में मौजूद रहे।

# दो महीने पहले तोड़ा गया अवैध कब्जा मगर मलबे को अब तक नहीं हटाया गया

पायनियर संवाददाता ✓ भंवरपुर
www.dailypioneer.com





ग्राम भंवरपुर में सड़क किनारे अतिक्रमण कर बनाए गए मकान दुकान, छोटे-छोटे ठेले खोमचे आदि को प्रशासन द्वारा लगभग दो महीने पहले तोड़ा गया मगर अब तक मलबे को हटाया नहीं गया है। भंवरपुर के हृदय स्थल अटल चौक और आरा मिल के आसपास तथा जिला सहकारी बैंक के पास पड़ा हुआ मलबा लोगों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। अतिक्रमण हटाने के नाम पर तोड़े गए मकान दुकानों के ईंट, बोल्डर, लकड़ी, टीन, चद्दर आदि यत्र तत्र बिखरे पड़े हैं। इसे हटाने के लिए न तो अतिक्रमणकारी ध्यान दे रहे हैं, न ही प्रशासन और न ही ग्राम पंचायत। इसी तरह जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक शाखा भंवरपुर के सामने भी अतिक्रमण हटाया गया है किन्तु यहां के मलबे को भी अभी तक हटाया नहीं जाना समझ से परे है। इसके लिए न तो बैंक प्रबंधन ही ध्यान दे रहा है और ना ही ग्राम पंचायत और तो और अतिक्रमण हटाने वाले अधिकारी भी इस ओर से मुंह मोड़ चुके हैं जबकि रोजाना सैकड़ों किसानों सहित अन्य ग्रामीण बैंकिंग कार्य से यहां आते है। लिहाजा अतिक्रमण हटाने के बावजूद भी यातायात समस्या पूर्ववत बनी हुई है। गौरतलब है कि प्रशासन द्वारा पूरे प्रदेश भर में लगभग दो महीने पहले जोर-शोर से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। इसका मिला-जुला असर देखने को मिल रहा है। कुछ लोग जहां अतिक्रमण हटाने से खुश हैं वहीं कुछ लोग इस कार्रवाई से बेहद नाराज हुए हैं । जिसका खामियाजा सत्ताधारी दल भाजपा को आगामी पंचायत चुनाव में भुगतना पड़ सकता है। इसके अलावा भाजपा से जुड़े जनप्रतिनिधियों और नेताओं को भी इस कार्रवाई से प्रभावित उन लोगों का सामना करने में असहज होंगे जिनका परिवार भरण पोषण का एकमात्र जरिया छोटा-मोटा ठेला इस अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही से पूरी तरह टूट चुका है। मौजूदा समय में ऐसे लोग बेरोजगार हो चुके हैं। इस कार्रवाई को लेकर के तरह-तरह की चर्चाएं हो रही है । बहरहाल भंवरपुर में हटाए गए अतिक्रमण के बाद जो मलबा मुख्य चौक, जिला सहकारी बैंक के पास में यथावत पड़ा हुआ है उसे तत्काल हटाने की आवश्यकता है। ताकि जिस उद्देश्य को लेकर के अतिक्रमण हटाया गया है वह पूरा हो सके।

# रक्षा बंधन को लेकर दिनभर बसों में दिखी भारी भीड़, बसों में सीटें हाउस फुल




पायनियर संवाददाता ✓ सरायपाली
www.dailypioneer.com

रक्षाबंधन का त्योहार को लेकर बसों में सीटें हाउस फुल रहीं। ऐसे में लोगों का आना-जाना बड़ी मुश्किल भरा रहा बस स्टैंड पर यात्रियों की काफी भीड़ देखने को मिली सरायपाली से बाहर जाने तथा बाहर से सरायपाली आने के लिए बस में खड़े होकर यात्री सफर करते नजर आए। कई यात्रियों को बस में सीट नहीं मिल रही तो वह खड़े होकर सफर करने को तैयार हैं। बीते तीन से चार दिनों के दौरान यात्रियों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। यहां से अधिकतर रायपुर, सारंगढ़, बरगढ़ के लिए बसों का आवागमन होता है। यात्रियों के अनुसार जो दूर दराज से आ रहे हैं वे ही बस में सीट में बैठ कर आ रहे हैं बाकी सीट बुक हो जाने के पश्चात यात्रियों को 100 किमी तक का सफर खड़े होकर करना मजबूरी हो गई है। रक्षा बंधन के त्यौहार को देखते हुए बहनें अपने मायके पहुंच रहे हैं, इसकी लिए बस में भारी भीड़ देखी जा रही हैं।

# शाब्दिक ज्ञानी को हो जाता है अहंकार : श्रीश्वरी देवी

पायनियर संवाददाता ✓ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



शहर के रिसदा रोड स्थित कृष्णा कुंज में चल रहे 18 दिवसीय आध्यात्मिक दार्शनिक प्रवचन के 13वें दिन श्रीश्वरी देवी ने ईश्वर प्राप्ति के मार्गों का निरूपण करते कहा ईश्वर प्राप्ति के तीन ही मार्ग हैं कर्मयोग, ज्ञानयोग, भक्तियोग। ज्ञान मार्ग का विस्तार करते कहा कि ज्ञान दो प्रकार का होता है। शाब्दिक ज्ञान व अनुभवात्मक ज्ञान। शाब्दिक ज्ञानी वो है जिसने केवल शास्त्रों वेदों के शब्दों का तो ज्ञान प्राप्त कर लिया किंतु उस आधार पर चल कर साधना नहीं की जो भीतर से कोरा है। ऐसा शाब्दिक ज्ञानी ईश्वरीय पथ पर चल ही नहीं सकता क्योंकि भक्ति की आधार शीला दीनता है नम्रता है। शाब्दिक ज्ञानी अहंकार का पुतला बन जाता है और यही अहंकार उस जीव के पतन का प्रमुख कारण बनता है। अतएव ये कोरा शाब्दिक ज्ञान निंदनीय है। परंतु यदि कोई साधना करना चाहता है तो शाब्दिक ज्ञान परम अनिवार्य भी है। दूसरा है अनुभवात्मक ज्ञान अर्थात वेदों शास्त्रों के ज्ञान के आधार पर चल कर उसमें प्रेक्टिकल साधना भी की हो और उस ईश्वर तत्व का अनुभव भी प्राप्त कर लिया हो। इसमें भी कुछ बाते विचारणीय है जैसे ज्ञान मार्ग का अधिकारी बनना ही अत्यंत कठिन है। संसार से पूर्ण विरक्त पूर्ण विवेक, इंद्रियों पर कंट्रोल मन पर पूर्ण कंट्रोल और ईश्वर को पाने की घोर भूख हो ऐसा व्यक्ति ज्ञान मार्ग का अधिकारी है और दूसरी और भक्ति मार्ग के सभी बने बनाए अधिकारी है। यदि कोई ज्ञान मार्ग का अधिकारी बन भी जाए और ज्ञान मार्ग पर चलने लगे तो भी मार्ग में पग-पग पर उसका पतन होगा लेकिन भक्त का कभी पतन नहीं होता क्योंकि भगवान उसका स्वयं ठेका लेते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि अंत में यदि कोई ज्ञानी ज्ञान मार्ग की साधना से ब्रह्मानंद को प्राप्त भी कर ले तो वो भक्ति के द्वारा मिलने वाले प्रेमानंद के लिए बरबस व्याकुल हो जाता है। ये सिद्ध करता है कि भक्ति के द्वारा मिलने वाले रस में कोई विशेष बात है जिसके लिए ज्ञानी आत्माराम, पूर्ण काम, परम निष्काम, योगीन्द्र, अमलात्मा, परमहंस भी लालाईत हो जाते हैं। शास्त्र कहते हैं कि कोरा ज्ञान मार्ग से भगवत प्राप्ति नहीं हो सकती मोक्ष भी नहीं मिल सकता।

# सुप्रीम कोर्ट के निर्देश की अवलेना कर पुरखों की तालाब को 12 फिट तालाब पाटकर एनएच सड़क निर्माण



पायनियर संवाददाता ✓ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

देवभोग मुख्यालय में पुरखों द्वारा बनाए कोष्टामुड़ा तालाब को पाटकर राष्ट्रीय राजमार्ग 130 निर्माण होने से लोगो में काफी नाराजगी देखने को मिल रहा है क्योंकि जल संरक्षण को संकट में डालते पुरखों की तालाब को पाटते एनएच सड़क देना न्यायसंगत नहीं होना बता रहे हैं कुछ वर्ष पूर्व जो कोष्टामुड़ा तालाब का पानी सड़क को छूता रहा अब वह तालाब सिकुड़ कर कुंआ में तब्दील होने को है मतलब आने वाले दिनों में यह कोष्टामुड़ा तालाब का लगभग अस्तित्व समाप्त होने की ओर है फिर भी जिम्मेदार विभाग आंख मूंदे बैठे हैं आपको बता दें की एनएच विभाग ठेकेदार द्वारा करोड़ों की लागत में खूंटगांव बॉर्डर से मंदागमुड़ा तक राष्ट्रीय राजमार्ग 130 निर्माण किया जा रहा हैं इस बीच देवभोग मुख्यालय के कोष्टामुड़ा तालाब के 12 फिट से अधिक पाटकर राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण कराया जा रहा है ताकि रसूखदारों के जमीन को बचाने के साथ साथ ठेकेदार का पैसा बचाया जा सके क्योंकि दूसरी तरफकी जमीन गहरा है जिसे पाटने के लिए काफी अधिक पैसा खर्च करना पड़ेगा और यही खर्च बचाने के लिए कोष्टामुड़ा तालाब को बलि चढ़ाया जा रहा है जिसे एसडीएम तहसीलदार एनएच विभाग के इंजीनियर सहित तमाम अधिकारी देखकर भी आसानी से अनदेखा कर देते हैं शायद यही वजह है कि ठेकेदार को तालाब को पाटने का मनोबल बढ़ा हुआ है जबकि ऐसे तालाबों में सरकार करोड़ों रुपए खर्च कर सौंद्रीयकरण करने के साथ जल संरक्षण को बढ़ावा दे रही है बकायादा माननीय न्यायलय ने भी जल स्त्रोत को ध्यान में रखते निर्देशित किया है बावजूद इसके ठेकेदार इंजीनियर को ना जल संरक्षण की चिंता है और माननीय न्यायलय का डर तभी बेधड़क तालाब को पाटते एनएच सड़क निर्माण किया जा रहा ।

मै जाकर चेक करूंगा उसके जितना हो सके तालाब को बचाया जाएगा अतिक्रमण है भी तो हटाया जाएगा।

**तुलसीराम मरकाम एसडीएम**

### तालाब को बचाने कलेक्टर से उम्मीद

जिस तरह कोष्टामुड़ा तालाब में जबरन कूड़ा कचरा और किनारे पाटा जा रहा है उसे देख आने वाले दिनों में इस तालाब का नामो निशान होना मुश्किल दिखाई पड़ रहा है क्योंकि पहले भी तालाब पाट दिया गया है और अभी वर्तमान में भी एनएच सड़क निर्माण के लिए पाटा जा रहा है ऐसे में मुख्यालय के लोगो को कलेक्टर दीपक अग्रवाल से कोष्टामुड़ा तालाब को बचाने की काफी उम्मीद है ताकि पहले की तर्ज़ पर यह तालाब रह सकें

### तालाब को संवारने की दरकार

मुख्यालय के गांधी चौक से लगा कोष्टामुड़ा तालाब की साफ़ सफाई गहराई करते संवारने की दरकार बताई जा रही हैं ताकि समुचित व्यवस्था होने पर यह तालाब के आजू बाजू लोग समय बिता सके इसके लिए बकायदा तात्कालीन कलेक्टर को भी अवगत कराया रहा और आने वाले दिनों सीएम से मुलाकात कर यह सौंदर्यकरण लाइट और सड़क के लिए मांग रखने की बात भी स्थानीय नेताओं द्वारा प्रयास करने की बात कही जा रही हैं ताकि लोग यहां समय बिता सके क्योंकि लोगो के लिए ऐसी कोई वव्यस्था पुरे ब्लॉक मे नही है इसलिए इस तालाब की सौंदर्यकरण करते समुचित व्यवस्था मुहैया करवाना अतिआवश्यक है।

# धूमधाम से मनाया गया रक्षाबंधन का त्यौहार



पायनियर संवाददाता ✓ लवन
www.dailypioneer.com

सोमवार 19 अगस्त रक्षाबंधन का पर्व पूरे जिला बलौदाबाजार सहित गॉवों में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।बहनों ने अपने अपने भाई के कलाइयों पर रक्षा सूत्र बांधकर उत्तम स्वास्थ्य सुदीर्घ आयु की कामना किये।इस अवसर पर बहनों ने भाइयों से रक्षा सूत्र के बदले सदैव रक्षा करने का वचन भी अपने अपने भाई से लिये।आपको बता दे कि भद्रा नक्षत्र का साया दोपहर डेढ़ बजे के बाद समाप्त होते ही बहनों के द्वारा भाई के हाथों में रक्षा धागा बांध कर रक्षाबंधन का पर्व को उत्साहित मन से मनाया गया।जिले के तहसील मुख्यालय लवन अंतर्गत आसपास के गाँव तिल्दा, डोंगरा, डोंगरीडीह, लाटा ,सीरिया डीह सहित सभी जगहों पर हर्षित भाव से मनाए गए।

# विशेष अभियान चलाकर शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों पर सख्त करवाई लगातार जारी



पायनियर संवाददाता ✓ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा ऑपरेशन विश्वास के तहत यातायात नियमो की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध लगातार सखूती से कार्यवाही की जा रही हैं, सांथ ही जिले में सड़क दुर्घटनाओ की रोकथाम एवं शराबी वाहन चालको पर सख्त कार्यवाही करने हेतु यातायात पुलिस द्वारा लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम मे दिनांक 19.08.2024 को यातायात पुलिस द्वारा सड़क मार्ग में शराब पीकर वाहन चलाने वाले, वाहन चालकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई किया गया है। यातायात पुलिस द्वारा चेकिंग अभियान में ब्रेथ एनलाइजर के माध्यम से परीक्षण कर 07 वाहन चालकों को शराब पीकर वाहन चालन करते हुए पकड़ा गया है, जिनके विरुद्ध कार्यवाही कर उनके वाहन जप्त किया गया है। उक्त जप्त सभी 07 वाहनों को विधिवत कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। जिला बलौदाबाजार-भाटापारा यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमो के प्रति जागरूकता एवं यातायात नियमो के पालन हेतु सखूती से लगातार कार्यवाही की जा रही हैं। पुलिस आम नागरिकों से अपील करती हैं कि आप सभी यातायात के नियमो का पालन करें किसी भी स्थिति में शराब पीकर वाहन न चलावे। पुलिस आपकी सेवा एवं सुरक्षा हेतु सदैव तत्पर हैं।

# राखी बनाओ प्रतियोगिता में खुशबू यादव प्रथम



पायनियर संवाददाता ✓ भंवरपुर
www.dailypioneer.com

शासकीय उच्च प्राथमिक एवं हाईस्कूल रोहिना में रक्षाबंधन का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर राखी बनाओ प्रतियोगिता का भी आयोजन रखा गया। जिसमें नवमी दसवीं के छात्रों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में खुशबू यादव ने प्रथम स्थान एवं सुमित यादव ने द्वितीय स्थान हासिल की। स्कूल की छात्राओं द्वारा सहपाठी छात्रों की कलाइयों में राखी बांध कर भाईचारे का संदेश दिया। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य एके जायसवाल, व्याख्याता कमलेश साहू, के के साहू शिक्षक ए के पटेल, एस के पटेल, सहित सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# लाखों रुपए आबंटित तब भी गंदगी के बीच सरनाबहाल वासी रहने को मजबूर

पायनियर संवाददाता ✓ गरियाबंद
www.dailypioneer.com




मैनपुर ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत सरनाबहाल के ग्रामीण बीते कई दिनों से जगह जगह गंदगी और कचरा के बीच रहने को मजबुर है बावजूद इसके जिम्मेदार सरपंच सचिव साफ सफाई को लेकर कोई रुचि नहीं दिखा रहे हैं जिसका खामियाजा गांव के छोटे बच्चें से लेकर बुर्जुग के शरीर पर देखने को मिल रहा है क्योंकि कचरा और गांधी के कारण कई ग्रामीण बुखार मलेरिया सहित अन्य बीमारी से ग्रसित होते हैं जिसके मद्देनजर ग्रामीणों द्वारा कई बार साफ़ सफाई के लिए कहा जाता है फिर भी सफाई को लेकर कोई पहल नही होता जबकि पंचायत में साफ सफाई सहित अन्य कार्य के लिए लाखो रुपए राज्य एवं केंद्र सरकार द्वारा आवंटित किया जाता है बावजूद इसके साफ-सफाई सहित विकास कार्य नजर नहीं आता जबकि स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत साफ सफाई के नाम पर हजारों रुपए आहरण करने की बात कही जाती है फिर भी गंदगी का अंबार लगा होता है जिसका प्रमुख कारण कागज पर बनाए कार्य की राशि निकालकर बंदरबांट करने को भी माना जाता है नाली से लेकर मुख्य चौराहा सहित अन्य जगहों पर साफ सफाई के लिए ग्रामीण तरस जाते हैं और साफ सफाई नही होने की स्तिथि में इस पंचायत के कई लोग गंदगी कचरा और अव्यवस्थाओं के बीच गुजर बसर करने को मजबूर है क्योंकि गली मोहल्ला सहित नलकूप में गंदगी का अंबार लगा हुआ है लेकिन जिम्मेदार सरपंच सचिव सफाई को लेकर बिल्कुल भी गंभीर नहीं है जबकि अमलीपदर इलाके डायरिया मलेरिया बुखार बीमारी का प्रकोप खूब ज्यादा नज़र आ रहा है सबसे खास बात तो यह है कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत साफ सफाई के नाम पर इस पंचायतों में लाखों रुपया आहरण करने की बात कही जा रही है फिर भी गंदगी से भरा गली मोहल्ला देख जिम्मेदारों की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़ा होता है। की आखिरकार राशि निकालने के बाद उक्त राशि की किस कार्य में खर्च किया जाता है।

# पीएमश्री प्राथमिक शाला चनाट मे धूमधाम से राखी त्यौहार मनाया



**भंवरपुर।** पीएमश्री प्राथमिक शाला चनाट मे अध्ययनरत बालिकाओं ने बालकों को रक्षा सूत्र राखी बांधकर धूमधाम से राखी त्यौहार मनाया। सर्व प्रथम कक्षा 4 एवं 5 के बालिकाओं के लिए राखी बनाने प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमे देविका, सोनालिका, एवं खुशबू ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। रक्षा बंधन पूर्व त्यौहार के अवसर पर सभी बच्चों मे हर्ष एवं खुशी का माहौल दिख रहा था एवं एक दूसरे के सहयोग की भावना की दृष्टिकोण से बच्चों ने आकर्षक फुल, गुलाल और राखी एवं थाली सजाया।

# महिला डॉक्टर की जघन्य हत्या पर सरयू साहित्य द्वारा आक्रोश प्रदर्शन श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

## समाज सेवियों पत्रकार गणों एवं खिलाड़ियों द्वारा संवेदना एवं श्रद्धांजलि

पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा
www.dailypioneer.com



कोलकाता मे मानवता को शर्मसार करने वाली महिला डाक्टर के साथ घटी घटना से समूचा देश आहत महसूस कर रहा है, महिला डाक्टर के साथ हुए घृणित कृत्य एवं जघन्य हत्या से मानवता आहत एवं आक्रोशित नजर आ रही है जिसकी गूंज समूचे देश मे सुनाई दे रही है,साथ ही साथ बांग्लादेश मे हिन्दुओं के नरसंहार एवं अमानवीय अत्याचार पर भी जनमानस की संवेदना खुलकर मुखर हो रही है, भाटापारा मे भी सरयू साहित्य परिषद के नेतृत्व मे संवेदना अभिव्यक्ति की झलक दिखाई दी।

**यज्ञशाला बना संवेदना अभिव्यक्ति का साक्षी**-धार्मिक आयोजनों के शहर भाटापारा मे हर पहलू हर विधा मे संवेदना एवं सक्रियता के दर्शन होते है,कोलकाता मे घटी जघन्य घटना मे लाजिमी है कि भाटापारा मे भी चंहुओर इस विषय पर चर्चा एवं संवेदना का दौर जारी है,इसी कड़ी मे सरयू साहित्य परिषद द्वारा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया जिसमे समाज सेवियों पत्रकार गणों एवं खिलाड़ियों की भागीदारी नजर आयी,नाका नंबर एक स्थिति यज्ञशाला संवेदना अभिव्यक्ति का साक्षी बना।

**आक्रोश की हुई अभिव्यक्ति**-महिला सुरक्षा पर दिनों दिन हो रहे आघात तथा घट रही नृशंस एवं अमानवीय घटनाएं समूची मानवता के माथे पर चिंता की लकीरें खींचती हुई प्रतीत हो रही है,कोलकाता मे महिला डाक्टर के साथ हुए घृणित कृत्य एवं जघन्य हत्या ने चिकित्सक समुदाय सहित समूचे जनमानस को हिलाकर रख दिया है,अब सार्वजनिक प्रतिष्ठानों सहित चिकित्सीय संस्थानों तथा चिकित्सकों की सुरक्षा को लेकर सवालों का सिलसिला शुरु हो गया है, उदबोधन की कड़ी मे सरयू साहित्य परिषद के अध्यक्ष गौरीशंकर शर्मा अन्य पदाधिकारी मुकेश शर्मा प्रकाश तिवारी एवं आदित्य वाहिनी से विजय शर्मा द्वारा महिला सुरक्षा के पहलू पर चिंता एवं चर्चा करते हुए चिकित्सीय संस्थानों सहित अन्य सार्वजनिक संस्थाओं मे समुचित सुरक्षा व्यवस्था निर्मित करने की मांग रखी गयी,साथ ही साथ उपस्थित समस्त जनों द्वारा एक स्वर मे जघन्य एवं घृणित कृत्य के लिए फांसी की सजा का प्रावधान बनाने की मांग की गयी,

**श्रद्धांजलि एवं संवेदना अर्पण**-कोलकाता मे महिला डाक्टर के साथ हुए घृणित कृत्य एवं जघन्य हत्या पर समूचा जनमानस व्यथित एवं आक्रोशित नजर आ रहा है,साथ ही साथ बांग्लादेश मे हो रहे हिन्दुओं के नरसंहार एवं अमानवीय अत्याचार पर जनमानस के बीच पीड़ा एवं संवेदना के स्वर उभर रहें है,जिसके तहत केन्द्र सरकार द्वारा इस मसले पर ठोस हस्तक्षेप की मांग भी उठ रही है,विचार अभिव्यक्ति के पश्चात श्रद्धासुमन अर्पण की कड़ी मे उपस्थित समस्त जनों द्वारा महिला डाक्टर एवं बांग्लादेश देश नरसंहार मे मृत हुए हिन्दुओं को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी, आयोजन मे पं दुर्गा प्रसाद तिवारी,ललित सिंह ठाकुर, सत्यनारायण पटेल,श्याम पुरोहित, ललित तिवाड़ी,दिनेश शर्मा,संतोष पाण्डेय, रविन्द्र शर्मा,सरिता रानी शर्मा,मुस्कान शर्मा,राजकुमार यदु,दीपक कन्नौजे, विवेक ठाकुर,राजू मिर्झा आदि प्रमुख रुप से उपस्थित थे।

# छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय तथा केन्द्रीय पेट्रोकेमिकल इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी संस्थान के बीच हुआ समझौता

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ में तकनीकी शिक्षा और उद्योगों के बीच तालमेल को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय ने केन्द्रीय पेट्रोकेमिकल इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी संस्थान रायपुर के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। यह कार्यक्रम छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय के तत्वाधान में सीएसवीटीयू के कुलपति डॉ. एम.के. वर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। एमओयू पर सीआईपीईटी रायपुर की ओर से डायरेक्टर डॉ. आलोक कुमार साहू एवं सीएसवीटीयू की ओर से रजिस्ट्रार डॉ. अंकित अरोरा ने हस्ताक्षर किये। छात्रों को आधुनिक प्रौद्योगिकियों के माध्यम से कौशल विकास और उद्यमिता के क्षेत्र में सशक्त बनाना है। साथ ही पेट्रोकेमिकल्स, प्लास्टिक, पॉलिमर, केमिकल इंजीनियरिंग के अन्य क्षेत्रों में अनुसंधान और विकास के महत्व को पहचानना। इस एमओयू के द्वारा पहली बात प्रदेश



में नवाचार, उद्यमिता और आजीविका सृजन को बढ़ावा देने के लिए स्टार्टअप्स के को-इन्क्यबेशन की सुविधा को शामिल किया गया है, जिसके माध्यम से एक स्टार्टअप दोनों संस्थानों में उपलब्ध सुविधाओं का लाभ उठा सकेगा। छात्रों को शोध और विकास के क्षेत्र में नए अवसर प्रदान किए जाएंगे। सीएसवीटीयू और सीआईपीईटी के संयुक्त प्रयासों से छात्रों को अपने प्रोजेक्ट्स को आगे बढ़ाने और व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने का मौका मिलेगा। इससे छात्रों को न केवल उनके तकनीकी कौशल में वृद्धि होगी बल्कि उन्हें नए-नए प्रोजेक्ट्स के साथ उद्यमिता के क्षेत्र में प्रवेश करने का भी अवसर मिलेगा। विशेषज्ञों द्वारा छात्रों को प्लास्टिक टेक्नॉलजी और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उन्नत प्रशिक्षण की व्यवस्था उपलब्ध कराई जाएगी। संयुक्त रूप में दोनों ही संस्थान एक दूसरे के विद्यार्थियों के प्रोजेक्ट्स एवं शोध कार्यो मे सहयोग करेंगे। इको फरेंडली प्लास्टिक उत्पादों और कम लागत के पैकेजिंग विकल्पों का डिजाइन, विकास और विनिर्माण मे सहयोग किया जाएगा। सीएसवीटीयू अपने फाउंडेशन फॉर रुरल टेक्नॉलजी एण्ड आन्ट्रप्रनर्शिप के माध्यम से छात्रों को उनके स्वयं के उद्यम शुरू करने में मदद करने के लिए आवश्यक संसाधन और मार्गदर्शन प्रदान करेगा। इससे छात्र न केवल नौकरी चाहने वाले बनेंगे, बल्कि नौकरी देने वाले भी बन सकेंगे, जिससे राज्य के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान होगा। यह पहल छात्रों को स्वावलंबी बनने और अपनी उद्यमशील क्षमताओं को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित करेगी। विभिन्न कार्यशालाओं, सेमिनारों, और इंडस्ट्री विज़िट्स का आयोजन किया जाएगा, जिससे छात्र उद्योगों में होने वाली नवीनतम प्रगति से अवगत हो सकेंगे। यह छात्रों के लिए न केवल शैक्षणिक बल्कि व्यावहारिक अनुभव भी प्रदान करेगा, जिससे वे उद्योगों की चुनौतियों का सामना करने के लिए बेहतर तरीके से तैयार होंगे।

# कृषि विज्ञान केन्द्र पाहंदा में गाजरघास जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com

कृषि विज्ञान केन्द्र, पाहदा (अ) दुर्ग में 16 अगस्त 2024 को गाजरघास उन्मूलन सप्ताह अंतर्गत गाजरघास जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में केन्द्र की सस्य वैज्ञानिक डॉ. नीतू स्वर्णकार ने बताया कि गाजरघास, जिसे आमतौर पर कांग्रेस घास, चटख चांदनी के नाम से भी जाना जाता है, एक विदेशी खरपतवार है। भारत में पहली बार 1950 के दशक में दृष्टिगोचर होने के बाद यह विदेशी खरपतवार रेलवे ट्रैक, सड़क किनारे, बंजर भूमि सहित कई स्थानों पर उगता है जो कि मनुष्य के स्वास्थ्य के लिए बहुत हानिकारक है। यह त्वचा और श्वसन तंत्र को जबरदस्त रूप से प्रभावित करती है। इस घास से एलर्जी इतनी खतरनाक होती है कि मनुष्य घातक रूप से अस्थमा से ग्रस्त हो सकते हैं। इसको नष्ट करने का उपाय यह है कि फूल लगने से पहले ही सावधानीपूर्वक हटा दिया जाए। गाजरघास मनुष्य के साथ-साथ पशुओं के लिए भी हानिकारक है। इसे खाने से दुधारू पशुओं का दूध कड़वा हो जाता है तथा मात्रा भी कम हो जाती है। इसलिए इस खरपतवार को फलने से पहले ही उखाड़ कर जला दिया जाना चाहिए ताकि इसके बीज न बन पावे व न ही फैल पावे। उक्त कार्यक्रम में 29 कृषक व महिला कृषक उपस्थित थे। इस दौरान केन्द्र की मृदा वैज्ञानिक डॉ. ललिता रामटेके तथा उद्यानिकी वैज्ञानिक डॉ. कमल नारायण भी उपस्थित थे।

# एक पेड़ मॉं के नाम एवं महतारी वंदन स्वरूप वनमंत्री केदार कश्यप ने किया पौधरोपण

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com

77वें स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर वन विभाग दुर्ग के तत्वाधान में 1 पेड़ माँ के नाम एवं महतारी वंदन स्वरुप पौधारोपण का कार्यक्रम सर्किट हाउस दुर्ग में वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, जल संसाधन, कौशल विकास एवं सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने कचनार पौधा का रोपण किया। इस अवसर पर मंत्री कश्यप ने पर्यावरण के संरक्षण एवं विकास हेतु अधिक मात्रा में वृक्षारोपण कार्य को संकल्पित होकर पौधों का संरक्षण करते हुए स्वच्छ एवं सुन्दर वातावरण निर्मित करने में अपना सहयोग प्रदान करने हेतु जनमानस से आग्रह किया। मौके पर उपस्थित समस्त विभाग के विभाग प्रमुख, वन



मंडल दुर्ग के अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा मौल, अमरूद, आम, चम्पा, बादाम, जामुन इत्यादि प्रजाति के पौधों का सामूहिक रूप से वृक्षारोपण किया गया। इसके पश्चात वन मंडल दुर्ग में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों गोपाल ध्रुव, शहीद खान, त्र्यंबक साहू, जय राम साहू, महेंद्र यादव को वन मंत्री कश्यप के द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। वृक्षारोपण कार्यक्रम में विधायक दुर्ग शहर गजेंद्र यादव, विधायक दुर्ग ग्रामीण ललित चंद्राकर तथा जितेंद्र वर्मा, आईजी रामगोपाल गर्ग, कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी, एसपी जितेंद्र शुक्ला, एडीएम अरविंद कुमार एक्का, सहायक कलेक्टर एम. भार्गव, डीएफओ चंद्रशेखर परदेशी, एसडीओ डी.के. सिंह एवं वन विभाग के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित थे।

# जिले भर में धूमधाम से मनाया गया रक्षाबंधन का त्योहार

पायनियर संवाददाता ➤ रामानुजगंज
www.dailypioneer.com



रक्षाबंधन का त्यौहार धूमधाम से मनाया गया लेकिन इस साल रक्षाबंधन के दिन भद्रा काल सुबह 5.53 बजे से शुरू हो कर दोपहर 1.32 बजे खत्म हुआ इसके बाद लोग रक्षाबंधन का त्यौहार मनाने के लिए भाई-बहन एक दूसरे के घर आना जाना प्रारंभ कर दिए। भाई बहन का पवित्र त्यौहार रक्षाबंधन पूरे जिले में धूमधाम से मनाते समय उत्सव का माहौल रहा। बहनो ने राखी बांधने के लिए तिलक,रोड़ी, राखी के साथ-साथ भाई की पसंद वाली मिठाईयों से थाली सजाया। रक्षा बंधन के अवसर पर उपवास रखते हुए बहनों ने भाई को राखी बांधी। राखी बांधने से पूर्व बहनों ने भाईयों की तिलक लगाकर आरती उतारी और राखी बांधने के बाद मुंह मीठा कराया, इस अवसर पर भाइयों ने बहन की रक्षा के लिए अपने संकल्प को दोहराया। शहर में बाईक,कार,ऑटो रिक्शा,टू व्हीलर की आवाजाही अन्य दिनो की अपेक्षा काफी बढ़ी हुई थी। चांदनी चौक से लेकर रेस्ट हाउस जाने वाले मार्ग में कई जगह जाम की भी स्थिति बनी रही। मुंह मीठा करने के बाद भाईयों ने भी एक से बढ़कर एक उपहार देकर बहनों को खुश किया। साड़ी, सूट, ज्वेलर्स, मोबाईल आदि देकर भाईयों ने बहन के चेहरों पर चमक बिखेरी। रक्षा बंधन के बाद लोगों ने पारंपरिक पकवान खीर-पुड़ी, पुआ आदि का जमकर लुफ्त उठाया।

# खाद्य विभाग ने खाद्य प्रतिष्ठानों एवं मिठाई दुकानों का किया निरीक्षण



पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com

खाद्य एवं औषधि प्रशासन जिला दुर्ग के खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा अगस्त माह में त्यौहारी सीजन के मद्देनजर तैनात खाद्य प्रतिष्ठानों एवं मिठाई दुकानों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है तथा संदेह के आधार पर मेसर्स तृप्ति मिठाई दुर्ग से बूंदी लड्डू एवं गुलाब जामुन, जलाराम मिष्ठान भंडार दुर्ग से सुपर पेड़ा, जलाराम स्वीट्स कैलाश नगर भिलाई से खोवा, संगम स्वीट्स स्मृति नगर भिलाई से मिनी पेड़ा, न्यू सम्राट मिष्ठान भंडार उतई से छेना टोस्ट, खेदामारा से बेसन लड्डू, सुमन स्वीट्स एवं डेली नीड्स धमधा से पेड़ा एवं सौंठ लड्डू का नमूना संग्रहित कर परीक्षण हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला रायपुर भेजा गया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के पश्चात नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। यादव मिष्ठान एवं भोजनालय जामगांव आर का निरीक्षण किया गया। फर्म में पेस्ट कंट्रोल सर्टिफिकेट, जल परीक्षण रिपोर्ट, फास्टेक ट्रेनिंग सर्टिफिकेट आदि मौके पर नहीं पाए गए। न्यू सम्राट मिष्ठान भंडार के मामले में भी यही स्थिति रही। मौके पर ही दोनों फर्मों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया।

# दुकानों में बीमारी का घर तो नहीं, निगम कर्मी कर रहे जांच, ग्राहकों को गंदगी परोसने पर 4000 जुर्माना

पायनियर संवाददाता ➤ रिसाली
www.dailypioneer.com

जिस क्षेत्र में हजारों लोगों की आवाजाही वहां बीमारी का स्त्रोत तो नहीं, इस बात की जांच की जा रही है। नगर पालिक निगम रिसाली की आयुक्त मोनिका वर्मा ने इसके लिए अलग से दल बनाया है। कर्मचारी छोटे दुकान से लेकर बड़े बड़े शो रूम में लार्वा की तलाश कर रहे है। एहतियात के तौर पर दवा भी छिड़क रहे है। दरअसल जांच के दौरान खुलासा हुआ कि कृष्णा टॉकीज रोड के कुछ दुकानों में मच्छर का लार्वा मिला है। इस बात की सूचना मिलते ही आयुक्त ने दुकानों में रखे फ्रिज, कूलर और फ्लॉवर पार्ट की जांच करने निर्देश दिए है। कर्मचारी अवकाश के दिनों में भी जांच करते 50 से भी अधिक फ्रिज के पीछे जमा पानी और कूलर को खाली कराकर दवा का छिड़काव कर चुके है।

**15 व्यापारियों को चेतावनी**-निगम कर्मी जांच में समझाइए दे रहे है कि असावधानी होने पर मच्छर पनपेगा और जानलेवा बीमारी फैलेगी। इसलिए सावधानी बरते। जांच के दौरान छोटे बड़े 15 दुकानदारों को चेतावनी दी गई है कि लापराही करने पर महामारी एक्ट के तहत कार्यवाही की जाएगी।




**4000 जुर्माना वसूला**-त्योहारी सीजन को देखते हुए निगम कर्मी होटलों व रेस्टोरेंट में भी दबिश दे रहे है। इस दौरान टंकी और स्टेशन मरोदा में भारी गंदगी पाई गई। अधिकारियों ने 4000 रुपए जुर्माना के रूप में वसूल किया।

# महिलाओं ने उठाई आवाज-बलात्कारियों को हो फांसी, शहर की विभिन्न महिला संगठनों ने ग्लोब चौक पर किया प्रदर्शन

पायनियर संवाददाता ➤ भिलाई
www.dailypioneer.com

कोलकाता में डॉक्टर के साथ दुष्कर्म व हत्या के विरोध में शहर की विभिन्न महिला संगठनों ने ग्लोब चौक सेंट्रल एवेन्यू पर प्रदर्शन किया। इस दौरान महिलाओं ने एकजुटता दिखाते हुए जमकर नारेबाजी की और आरोपी के खिलाफ फांसी की सजा की मांग की। मुख्य रूप से अल मदद एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसाइटी, नया सवेरा, महिला जागृति, बौद्ध समाज, बीबी फातिमा जोहरा कमेटी, बामसेफ (शैडो) भिलाई नगर, महिला सशक्तिकरण संघ जिला दुर्ग और महाबोधि महाविहार मुक्ति आंदोलन समिति भिलाई-दुर्ग की पदाधिकारियों व सदस्यों ने यहां प्रदर्शन किया। इस दौरान महिलाओं ने कहा कि 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' का नारा तो खूब सुनाई देता है लेकिन ये नारा तब तक सार्थक नहीं हो सकता जब तक बेटियों की सुरक्षा कर उनको बचाया नहीं जाएगा। महिलाओं ने कहा कि न सिर्फ कोलकाता बल्कि देश में कहीं भी बेटियों के साथ अमानवीय हरकतें हो रही हैं, इन सभी







आरोपियों को फांसी की सजा दी जाए, जिससे न्याय की मिसाल कायम हो। इस दौरान अल मदद से अंजुम अली अध्यक्ष, सचिव कौसर खान, डॉ. अमरीन, डॉ. माहीन, आयशा सिद्दीकी, शिफा सिद्दीकी फार्मासिस्ट, शाहीन खान, कैसर इकबाल, रुबीना, फरहीन, आयशा आलम, जुल्फी, उज्मा, रिदा, शमीम अशरफी, रुखसाना, सुल्ताना, सायरा बानो, बीबी फातिमा ज़ोहरा कमेटी से कौसर, नया सवेरा से मौसमी टंडन,बामसेफ (शैडो) भिलाई नगर से नादिया, बौद्ध संगठन से जयश्री बौद्ध, डा. सरोज बौद्ध,लीना वैद्य, पुनम ढोके,शालू दामले,ज्योत्स्ना मेश्राम, कुसुम गजभिए और उज्जवला लव्हाले सहित विभिन्न महिलाओं की भागीदारी रही।

## पालक संघ द्वारा आयोजित स्वरांजली कार्यक्रम, सुरमयी शाम मित्र हेमंत के नाम

# सुरमयी शाम मित्र हेमंत के नाम, फनकारो ने अपने मंत्रमुग्ध स्वर स्व. हेमंत को अर्पित कर सजीव कर दिया

पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा
www.dailypioneer.com

कहते है की भाटापारा नगर हमारा सांस्कृतिक धार्मिक ऐतिहासिक सामाजिक आदि अनेक प्राकृतिक विशेषताओं से परिपूर्ण नगर है और नगर के इन्हीं विशेषताओं के कारण हमारे नगर मे भी प्रतिभाओं की भी कमी नही है जो कि अपने प्रतिभा दिव्य औजस्वी किरण से अन्य शहर जिले व राज्यों जाकर अपने प्रतिभा से भाटापारा का नाम गौरान्वित करते रहते है।

**शहर के अनेक प्रतिभावानों मे दिवंगत हेमंत उपाध्याय का था अनोखा नाम**-शहर के अनेख प्रतिभाओं मे से हेमंत उपाध्याय का अनोखा नाम माना जाता जो असमय अपने स्वास्थ्यगत कारणों से अपने चाहने वालों को छोडकर दूसरे दुनिया के निवासी हो गये परंतु लोगों के बीच उनके



प्रतिभा ने ऐसा छाप छोडा है की इस दुनिया मे नही रहते हुये भी लोग उन्हें अपने बीच सजीव महसूस करते है।

**पालक संघ का आयोजन सुरमयी शाम मित्र हेमंत के नाम**-अनमोल प्रतिभा के धनी अनोखे फनकार स्वर्गीय हेमंत उपाध्याय के पावन स्मृति मे श्रध्दांजलि देने हेतु पालक संघ द्वारा सुरमयी शाम मित्र हेमंत नाम का स्वरांजली कार्यक्रम रखा गया जिसमे नगर के सभी कलाकारों सहित आसपास के जिले से जुडे कलाकारों द्वारा अपना सु मधुर स्वर मित्र हेमंत को अर्पित किया जिसमे नगर के जाने माने कथावाचक हरगोपाल शर्मा ने जाने वाले चले जाते है कहा के शब्दावली के गायन के साथ मित्र हेमंत को श्रध्दांजलि अर्पित किया वही शहर के अनोखे फनकार अजय शर्मा ने उनके परम मित्र सोनू पटाक व मित्र हेमंत उपाध्याय के दोस्ती को जोडकर चाहूँगा मे तुझे सांझ सवेरे लेकिन नाम को तेरे आवाज मैना दूँगा के शब्दावली से अपना स्वर अर्पित किया साथ ही सन्टी उपाध्याय जितेन्द्र सचदेव राजू खान शिव लाखन ठाकुर रवि कँवरे दत्ता चौहान जैसे अनेक कलाकारों ने अपना मंत्रमुग्ध आवाज देकर भावपूर्ण गायन से मित्र हेमंत उपाध्याय को उक्त कार्यक्रम के माध्यम से इस दुनिया मे ना रहते हुये भी जाने वाले कभी लोगों दिलो मे यादगार छोड जाते हैं और उसी याद ने वहां पर मित्र हेमंत को सजीव कर दिया

**उक्त आयोजन का मुख्य सूत्रधार पालक संघ से सोनू पटाक**-गौरतलब है की शहर मे इस तरह के अनोखे आयोजन का मुख्य सूत्रधार उनके बचपन के परम मित्र सोनू पटक को माना जा सकता है जो इस आयोजन स्वरांजली कार्यक्रम से श्रध्दांजलि देते हुये मित्र हेमंत उपाध्याय के अतीत के यादों से पुनः जीवित कर दिया उक्त आयोजन के विशेष अतिथियों मे प्रमुख रुप से क्षेत्र के विधायक इन्द्र साव मुख्य अतिथि, राधेश्याम शर्मा(फग्गा) अध्यक्षता सतीश तलरेजा विशेष अतिथि संरक्षक पालक संघ ईश्वर सिंह ठाकुर सत्य प्रकाश शर्मा प्रदेशाध्यक्ष विश्व ब्राम्हण समाज विनय उपाध्याय तिल्दा नेवरा से आए गायक डब्बू महराज शिप्पी तिवारी आदि लोगों ने अपने गायन से स्वरांजलि को रसमय आयोजन बनाया कार्यक्रम का शानदार संचालन पलाश चौबे द्वारा कि गया।

# मौसमी बीमारियों से बचने के लिए निकाली जन जागरूकता रैली



पायनियर संवाददाता ➤ भिलाई
www.dailypioneer.com

भिलाई के वार्ड क्रमांक 32 बैकुंठ धाम क्षेत्र में मौसमी बीमारी,जल जनित बीमारी के संबंध में मच्छरों से बचाव हेतु रैली निकालकर प्रचार प्रसार किया गया। वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक के के सिंह के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी, जोन स्वास्थ्य अधिकारी शंकर साहनी, स्वच्छता निरीक्षक वीरेंद्र बंजारे , वार्ड सुपरवाइजर संजय कुमार, डोर टू डोर प्रचार प्रसार कर रहे हैं। सबको जागरुक कर रहे हैं कि बारिश के मौसम में पानी उबालकर पिए, कहीं भी गंदगी ना होने दे, जहां भी पानी जमा हो उसे साफ करें, उसमें केरोसिन, जला हुआ मोबाइल आई डालें। हाथ साबुन से धोकर ही खाना खाए, ताजा भोजन करें, बासी भोजन से बचें। किसी प्रकार की लापरवाही ना करें।

## संपादकीय

### महिला सुरक्षा मोदी का जोर

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी** ने महिला-विरोधी अपराधों के लिए कठोरतम दंड देने का आह्वान किया है। उन्होंने यह बात ऐसे समय कही जब रेजीडेंट डाक्टर से बलात्कार और उसकी हत्या पर विरोध प्रदर्शन जारी हैं। युवा रेजीडेंट डाक्टर से जघन्य बलात्कार और हत्या के बाद कोलकाता की सड़कों पर व्यापक विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। इस अपराध ने पूरे देश को दु:ख और आघात में डुबो दिया है। मोदी ने इस मुद्दे पर अपना कठोर दृष्टिकोण प्रदर्शित करते हुए महिला-विरोधी अपराधों में शामिल लोगों को कठोरतम संभव दंड देने का आह्वान किया है। 28 वर्षीय पीड़िता कोलकाता के एक प्रमुख अस्पताल में रेजीडेंट डाक्टर थी, जिसके साथ भयानक रूप से बलात्कार के बाद उसकी हत्या कर दी गई। इस जघन्य अपराध से आक्रोशित डाक्टर, छात्र और एक्टिविस्ट सड़कों पर उतर कर अपराधियों के खिलाफ कठोर व त्वरित कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। शहर में सड़कों पर उतर रहे सैकड़ों प्रदर्शनकारियों के हाथों में मौजूद तख्तियों में लिखा है, 'हमारी बहन को न्याय दो' तथा 'महिला विरोधी हिंसा बंद करो।' इसके साथ ही पूरे देश में मोमबत्तियां लेकर लोग विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। चिकित्सा से जुड़ा समुदाय इस घटना से खासकर उद्वेलित है और अपना गुस्सा प्रकट कर रहा है। अनेक स्वास्थ्य पेशेवर हड़ताल पर हैं और वे महिला स्वास्थ्यकर्मियों के लिए न्याय व उनकी मजबूत सुरक्षा की मांग कर रहे हैं। अक्सर अपना दायित्व निभाने के दौरान महिला स्वास्थ्यकर्मियों को धमकियों और उत्पीड़न का सामना करना पड़ता है।

देश भर में भड़के इस गुस्से की प्रतिक्रिया में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने



इस जघन्य कांड की कठोर निंदा की है। स्वतंत्रता दिवस पर देश को संबोधित करते हुए उन्होंने जोर दिया कि सरकार देश में महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के प्रति प्रतिबद्ध है। मोदी ने जोर दिया कि महिला-विरोधी अपराधों के प्रति 'पूर्ण अस्वीकृति' की नीति होनी चाहिए तथा अपराधियों को कानून के अंतर्गत सर्वाधिक कठोर दंड दिया जाना चाहिए। ऐसा नहीं है कि महिला-विरोधी अपराधों के लिए कठोर दंड के कानूनी प्राविधान नहीं हैं, पर समस्या उनके क्रियान्वयन की है। आपराधिक कानूनों में नए संशोधनों ने ऐसे मामलों के जल्दी निस्तारण के लिए अतिरिक्त प्राविधान किए हैं। नए प्राविधानों में बलात्कार के लिए मृत्यु दंड, अपराध स्थल की वीडियो रिकार्डिंग तथा गवाह सुरक्षा कानून, आदि शामिल हैं। ये सब अपराध सिद्ध करने में प्रमुख भूमिका निभा सकते हैं। लेकिन केवल आने वाला समय ही बताएगा कि इन उपायों का जमीनी स्तर पर कितना प्रभावी क्रियान्वयन होता है तथा दोषी को कितनी जल्दी दंड मिलता है। महिलाओं की सुरक्षा भारत में बार-बार चिन्ता का विषय बनती है और ऐसी घटनाओं से वर्तमान कानूनों तथा निरोधक उपायों की प्रभावशीलता के बारे में सवाल उठते रहते हैं। प्रधानमंत्री द्वारा कठोरतम दंड के आह्वान का व्यापक स्वागत हुआ है, पर देखना होगा कि सटीक विधिक सुधारों से यह कहां तक कार्यरूप में परिणत होता है। वैसे भी कानूनों की उपस्थिति और सामाजिक बदलाव में बहुत अंतर है। महिलाओं के प्रति समाज का दृष्टिकोण बदलना चाहिए। अधिकांश पीड़ित महिलायें ऐसे अपराधों को छिपाती हैं क्योंकि उनसे ही उल्टे सवाल पूछे जाते हैं, 'तुम वहां क्यों थीं?', 'तुमने क्या पहना था?', आदि। इसके साथ ही लंबी न्याय प्रक्रिया भी पीड़िता के लिए दंड बन जाती है और उस पर जीवन भर के लिए 'कलंक' लग जाता है। देश इस समय न केवल एक युवा डाक्टर, बल्कि उन सभी महिलाओं के लिए न्याय की मांग करता है जिन्होंने चुप रह कर पीड़ा सही है।

# अफगानिस्तान में तालिबान शासन

अफगानिस्तान से अमेरिकी सेना के वापस जाने के तीन साल बाद देश तालिबान शासन में गंभीर मानवीय संकट का सामना करते हुए इसका विरोध कर रहा है।



नीलांत इलांगमुवा
(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार हैं)



संयुक्त राष्ट्रसंघ के विशेषज्ञों ने अफगानिस्तान की स्थिति पर एक बयान जारी किया है। इसमें अमेरिका तथा उसके सहयोगियों की बेशर्म वापसी और अफगान जनता को धोखा देने के बाद स्थिति का विवरण है। ऐतिहासिक पैटर्नों के आधार पर यह एक और उदाहरण पेश करता है जहां एक देश को उसकी किस्मत पर छोड़ दिया गया, जबकि वहां अमेरिका और उसके इशारे पर काम करने वाले लोगों का राज था। विडंबना है कि पहले जिन समूहों को 'आतंकवादी' बताया गया था आज पश्चिम उनके सहारे सरकार चला रहा है। संयुक्त राष्ट्र के विशेषज्ञों को तालिबान सरकार द्वारा किए जा रहे मानवाधिकार उल्लंघनों की जरा भी चिन्ता नहीं है। इसमें महिलाओं और लड़कियों के साथ व्यवस्थित रूप से भेदभाव कर उनको अलग-थलग रखा जा रहा है और उनको गंभीर हाशियाकरण हुआ है। खतरनाक रूप से यथास्थिति बनाए रखने वाले तीन साल के बाद स्पष्ट है कि आततायी सरकार को समुचित रूप से अलग-थलग नहीं किया गया।

अंतरराष्ट्रीय समुदाय भले ही अफगानिस्तार के जटिल यथार्थ से निपटने के लिए प्रभावी रणनीतियां विकसित करने का प्रयास कर रहा हो, पर वह केवल राजनयिक प्रयासों या कुछ दंडात्मक उपायों से आगे नहीं बढ़ सका है। इस संदर्भ में अफगानिस्तान की ऐतिहासिक परिस्थितियों पर गौर करना जरूरी है जिसके चलते इस भूमि का प्रयोग शक्तिशाली पक्षों द्वारा किया गया। इसका खामियाजा सर्वाधिक मजबूत और जीवन्त मानव समुदायों को उठाना पड़ा। सितंबर, 2001 में हमलों के बाद दुनिया को संयुक्त राज्य अमेरिका के 'आतंक के खिलाफ युद्ध' की भारी कीमत चुकानी पड़ी। इसके कारण ईराक, अफगानिस्तान और पाकिस्तान में एक मिलियन से अधिक निहत्थे लोगों को अपनी जानें गंवानी पड़ीं क्योंकि तीन हजार मृतकों को न्याय दिलाया जा रहा था। यह भयानक त्रासदी अमेरिकी विदेश नीति का कटु यथार्थ है जो अपने प्रभुत्व के खिलाफ संभावित खतरों से निपटने के लिए संगठित हिंसा का प्रयोग करता है। करोड़ों डालर के हथियार छोड़ कर अफगानिस्तान से अमेरिका की अपमानजनक वापसी उसके दृष्टिकोण की भयानक विफलता का प्रमाण है।

एक हालिया यूनीसेफ रिपोर्ट में अफगान बच्चों के भयानक मानसिक स्वास्थ्य संकट का खुलासा किया गया है। इसके अनुसार 24 प्रतिशत से अधिक बेचैनी का शिकार हैं जो वैश्विक औसत का दस गुना है। इसके अलावा 15 प्रतिशत अफगान बच्चे अवसाद का शिकार हैं जिसका कारण वर्तमान टकराव के कारण पैदा गंभीर मनोवैज्ञानिक आघात है। पश्चिमी सभ्यता अक्सर स्वयं को मानव विकास का प्रतीक मानती है, बकि इसके कारण असाधारण विनाश हुआ है। अमेरिका के वैश्विक प्रभुत्व की इच्छा ने आतंकवाद के बीज बोए। अफगान मुजाहिदीन जैसे समूहों को आज 'आतंकवादी' कहा जा रहा है, पर अमेरिका ने शुरुआत में 'आपरेशन साइक्लोन' जैसी कार्रवाइयों से इनका समर्थन किया था। इस सर्वाधिक खर्चीले अमेरिकन आपरेशन में ब्रिटिश खुफिया विभाग ने भी अपना योगदान किया था।

शीतयुद्ध के दौरान सोवियत प्रभाव का मुकाबला करने के लिए अमेरिका ने सोवियत संघ का विरोध करने वाली हर शक्ति से हाथ मिलाया और इसके लिए मानवाधिकारों तथा कानूनी मानकों के प्रति आंखें बंद कर ली। वियतनाम में सोवियत संघ की कार्रवाई की नकल करते हुए अमेरिका ने पाकिस्तान के माध्यम से अफगानिस्तान में मुजाहिदीनों का समर्थन किया। 1987 में राष्ट्रपति रीगन ने मुजाहिदीनों की प्रगति की प्रशंसा करते हुए उनको स्वतंत्र अफगानिस्तान बनाने में समर्थन का वादा किया था। लेकिन इसके बाद की अमेरिकन कार्रवाइयों ने उसका ढोंग उजागर किया और स्पष्ट किया कि राजनीतिक लाभ के लिए वह कोई क्रूर रास्ता अपना सकता है। इस प्रकार 'अफगान संकट' वैश्विक सत्ता संघर्ष के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियां देता है। सोवियत संघ के हमले को समझने के लिए जटिल पृष्ठभूमि तथा अफगानिस्तान में 1978 से 1989 के बीच कम्युनिस्ट सरकारों के उत्थान और पतन को समझना जरूरी है।

स्टालिन द्वारा प्रचारित कम्युनिस्ट विचारधारा एक प्रकार के 'कबीलाई सामंतवाद' के रूप में विकसित हुई, जिसके चलते अफगानिस्तान में कुछ लोगों को यह पश्चिमी बाजार अर्थव्यवस्था की तुलना में ज्यादा आकर्षक लगी। इस जुड़ाव से उन लोगों को राजनीतिक शक्ति मिली जो समाजवाद का लाभ अपने उद्देश्यों के लिए उठाना चाहते थे। इससे पता चलता है कि कैसे निहित स्वार्थ पूरे करने के लिए राजनीतिक विचारधाराओं को विकृत किया जा सकता है जिसका नतीजा अंतत: पतन होता है। अफगानिस्तान में साम्यवाद को आरोपित करने से उसके सामाजिक ढांचे पर व्यापक प्रभाव पड़ा। अनेक कबीलाई समूहों के बीच विभाजित अफगानिस्तान पहाड़ी क्षेत्र है और वह एकीकृत राजनीतिक व्यवस्था लागू करने के लिए उपयुक्त नहीं है।

इन स्थितियों में सामंतवाद ज्यादा प्रभावी हो सकता था, लेकिन इस यथार्थ को अक्सर अनदेखा किया जाता है जिसका नतीजा तालिबान द्वारा की जा रही हिंसा है जो उनको विरासत में मिली है। बीसवीं शताब्दी में उभरे सुधारवादी आंदोलनों ने अफगानिस्तान में कम्युनिस्ट विचारों को लाने में सहायता की। शुरुआती कम्युनिस्ट नेता अब्दुल रहमान महमूदी ने 1940 के दशकांत में 'निदाए खल्क' और 'हज्बे खल्क' अखबारों की स्थापना की। हालांकि, उनको जेल में बंद कर दिया गया और 1963 में उनकी मृत्यु हो गई, पर महमूदी की विरासत पूरे 1970 के दशक में बनी रही जिसने अंतत: एक माओवादी आंदोलन को जन्म दिया।

मीर मुहम्मद सिद्दीक, फरहान और नूर मुहम्मद तराकी जैसे प्रमुख वामपंथियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और भारत वापस आने के बाद तराकी प्रमुख कम्युनिस्ट नेता के रूप में उभरे। मुहम्मद जहीर शाह के नेतृत्व वाले अफगान राजतंत्र का तख्ता उनके भतीजे जनरल मुहम्मद दाऊद खान ने 17 जुलाई, 1973 को एक सैनिक विद्रोह में उलट दिया। दाऊद ने 'अफगानिस्तान गणतंत्र' की स्थापना की, पर वामपंथी नेताओं नूर मुहम्मद तराकी, बबराक कर्माल व हफीजुल्ला अमीन ने उनको मीर अकबर खैबर की हत्या के बाद सत्ता से हटा दिया। राष्ट्रपति के रूप में तराकी और प्रधानमंत्री के रूप में अमीन ने महत्वपूर्ण सामाजिक सुधार किए, पर सांस्कृतिक रूप से प्रतिरोधी समाज में उनके तेजी से क्रियान्वयन के कारण व्यापक विद्रोह हुआ। इसके बाद अमीन ने सैनिक विद्रोह किया और तराकी को सत्ता से हटा दिया जो बाद में एक 'अज्ञात बीमारी' से मर गए। 1973 में जब जहीर शाह आंखों के आपरेशन के लिए इटली में थे, उनके भतीजे मुहम्मद दाऊद खान ने उनकी सरकार का तख्ता पलट कर एक नई सरकार बनाई। जहीर शाह इस बीच दशकों तक इटली में रहे, जबकि अफगानिस्तान में लोकतंत्र को पूरी तरह नष्ट कर दिया गया। दाऊद के बाद नूर मुहम्मद तराकी और हफीजुल्ला अमीन की सरकारों ने शीतयुद्ध युग के टकरावों में हिस्सा लिया। अप्रैल, 1978 में सत्ता में आई तराकी की सरकार को 'नए सवेरे' के रूप में देखा गया, पर वह जल्द ही हिंसा और मतभेदों का शिकार हो गई।

प्रशासन द्वारा अफगान शरणार्थियों की आवश्यकताओं को संबोधित करने तथा आंतरिक विरोधों का समाधान न कर पाने के कारण व्यापक असंतोष ने जन्म लिया। हालांकि, तराकी ने तेजी से सामाजिक सुधार किए, पर इससे आंतरिक मतभेद और बढ़े तथा अतिवादी विपक्ष को प्रोत्साहन मिला। तराकी के खिलाफ अनेक षडयंत्र हुए जो एक प्रकार से प्रगतिशील आंदोलन की विफलता का प्रमाण थे। पार्टी के भीतर आंतरिक मतभेदों व खासकर हफीजुल्ला अमीन से मतभेदों ने उनकी चुनौतियों को बढ़ा दिया। पहले तराकी ने अमीन की महत्वाकांक्षाओं की प्रशंसा की थी, पर जल्द ही उनको अमीन के खतरनाक इरादों का पता चला। तराकी को विश्वास था कि सोवियत उनका समर्थन करेंगे, पर अपने राजनीतिक नौसिखियेपन के कारण वे अफगानिस्तान के सामाजिक यथार्थ को नहीं समझ सके। इसने पाकिस्तान में पाले-पोसे जा रहे अतिवादी समूहों को मजबूत आधार प्रदान किया। अंतत: इससे अमीन के इशारे पर सोवियत संघ का सैनिक हस्तक्षेप हुआ।

इस प्रकार अफगानिस्तान की वर्तमान स्थिति पूर्व सोवियत संघ की पराजय के बाद अमेरिका और उसके सहयोगियों की सेनायें वापस जाने से पैदा हुई है। तीन साल से जारी तालिबान शासन महिलाओं और लड़कियों पर भयानक अत्याचार के लिए कुख्यात है ।जटिल बनाए रखेगी।

# दुधारी तलवार है अहंकार

अहंकार महानता और आत्म-विनाश दोनों की ओर ले जा सकता है। इसकी कुंजी इसमें महारत हासिल करने में निहित है।

रवि वलूरी
(लेखक रेलवे विभाग से संबद्ध हैं)



हमारे पौराणिक कथाओं (विशेष रूप से रामायण और महाभारत) में अहंकार से ग्रस्त पात्रों के संबंध में कई बेहतरीन उदाहरण भरे पड़े हैं, जो उन्हें उनके विनाश की ओर ले जाते हैं। हम अहंकारी रावण और दुर्योधन की बेलगाम महत्वाकांक्षाओं से परिचित हैं। क्रोधित और अहंकारी मन व्यक्ति की दृष्टि को धुंधला कर देता है। परिणामस्वरूप, वह निराधार तरीके से व्यवहार करता है, जिसका उस व्यक्ति और उसके साथियों के लिए विनाशकारी और घातक परिणाम होता है। क्या ऐसे व्यक्तियों के साथ जुड़ना संभव है जो अहंकार और अहंकार से ग्रस्त हैं?

इसका उत्तर स्पष्ट रूप से नहीं है क्योंकि इसमें कोई संवाद नहीं है, केवल एक एकालाप या अहंकारी व्यक्ति द्वारा भाषणबाजी है। यह हमारी ऊर्जा के स्तर को कम करता है, एक ऐसी स्थिति जिससे हम खुद को और अपने दिमाग को बचाना चाहेंगे। मानव मन अप्राकृतिक पैटर्न अपनाता है और अस्थिर तरीके से व्यवहार करता है।

क्रोध और अहंकार का ज्वालामुखी अप्रत्याशित रूप से फटता है। ऐसे व्यक्ति अपनी छवि के सच्चे कैदी होते हैं, जो अभिमानी और अहंकारी होती है। माइक टायसन, जिन्होंने आयरन माइक, ग्रह पर सबसे बुरे आदमी और रिंग के बाहर किड डायनामाइट जैसी उपाधियाँ अर्जित कीं, बलात्कार और मारिजुआना का सेवन करने के दोषी पाए गए और द्विध्रुवी विकार से पीड़ित थे।

उन्हें कानून से कई बार जूझना पड़ा। टायसन को दृढ़ता से लगा कि अमेरिकी समाज ने उन्हें कलंकित किया है और अमेरिकी समाज न्याय के सिद्धांतों पर नहीं, बल्कि बलात्कार, गंदगी, गुलामी और अन्याय पर बना है। उन्होंने कई बार



शादी की, इसके अलावा कई तरह के प्रेम-प्रसंग और व्यभिचार भी किए। उन्होंने सुधार किया। उनका धर्म परिवर्तन किया गया और उन्होंने %अल्लाह% की शरण ली। उन्होंने क्रोध और अहंकार की कच्ची ऊर्जा को बॉक्सिंग रिंग में बदल दिया, जहाँ वे बेहद सफल रहे। पहले बताए गए पौराणिक पात्र, जो क्रोध और अहंकार के शिकार थे, वे आहत भावनाओं और भावनाओं के कारण आहत अहंकार के साथ-साथ गहरी चोट और आक्रोश की भावना से पीड़ित थे। रावण सीता के प्रति आसक्त था और उसे इस बात का अपमान महसूस हुआ कि उसकी बहन शूर्पणखा को लक्ष्मण ने अनदेखा किया और उसका रूप बिगाड़ दिया। कर्ण को अपनी सारी प्रतिभाओं और योग्यताओं के बावजूद जीवन भर शूद्र कहलाने का दंश झेलना पड़ा। दुर्योधन हमेशा बचकाना और बचकाना व्यवहार करने वाला बना रहा। इसके अलावा, वह इस भ्रम में था कि उसके पिता धृतराष्ट्र के राजसिंहासन त्यागने के बाद हस्तिनापुर की सत्ताएँ कभी भी उसके राज्याभिषेक के लिए सहमत नहीं होंगी। ऐसे व्यक्तित्वों में चोट, पीड़ित होने, ईर्ष्या और चोट की भावनाएँ गहरी झुंझलाहट और क्रोध में बदल जाती हैं, जिससे झूठी बहादुरी और अहंकार पैदा होता है। क्रोध और अहंकार नकारात्मक विचारों में बदल जाते हैं, जो आत्म-भ्रम के दबाव में आत्म-विनाश की ओर ले जाते हैं।

हालांकि यह अजीब लग सकता है, लेकिन स्पेक्ट्रम के अंत में एक दूसरा पहलू भी है, जहां व्यक्तियों ने सफल होने के लिए क्रोध और अहंकार की भावनाओं का इस्तेमाल किया है। कोई भी क्रोधित हो सकता है - यह आसान है, लेकिन सही व्यक्ति पर और सही मात्रा में और सही समय पर और सही उद्देश्य के लिए और सही तरीके से क्रोधित होना - यह हर किसी की शक्ति में नहीं है और आसान नहीं है, अरस्तू ने लिखा है।

विवियन रिचर्ड्स की शान और डेनिस लिली और थॉमसन की गति की उग्रता को कौन याद नहीं करता? कई राजनेता, उद्योगपति, लेखक, कलाकार, राजा और सम्राट क्रोध और अहंकार की इस ऊर्जा को अत्यधिक विजयी और विजयी बनने के लिए निर्देशित कर सकते हैं। टेनिस चैंपियन बनने के लिए, आपको अडिग होना चाहिए, आपको जिद्दी होना चाहिए, आपको अहंकारी होना चाहिए, और आपको स्वार्थी और आत्म-अवशोषित होना चाहिए। लगभग सुरंग दृष्टि की तरह, क्रिस एवर्ट कहते हैं। इसलिए, अहंकार एक दोधारी तलवार है। अक्सर यह व्यक्तित्वों को आत्म-विनाश के लिए प्रेरित करता है क्योंकि उनमें आत्म-भेदभाव और आत्म-परीक्षण की शक्ति का अभाव होता है, इस प्रकार वे अपराध और उत्पीड़न की जटिलता के शिकार बन जाते हैं।

## मोदी का संबोधन

**लगातार** 11वीं बार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लाल किले से देश को संबोधित किया। डेढ़ घंटे के भाषण में उन्होंने तथ्यपूर्ण ढंग से एक-एक मुद्दे को, एक-एक विषय को और एक-एक योजना का विस्तृत वर्णन किया है। मोदी के विचार देश को सभी दिशाओं में आगे बढ़ाने, समस्याओं को अच्छी तरह समझ कर उनका समाधान करने और विश्व के तनावपूर्ण माहौल में भारत को निरंतर विकास की ओर अग्रसर करने के दृष्टिकोण से अत्यन्त महत्वपूर्ण हैं। 75,000 मेडिकल सीटें बढ़ाने के संकल्प और अन्य सभी योजनाएं पूरे देश के लिए सुविधाएं बढ़ाने वाली सिद्ध होंगी बशर्ते उन्हें शीघ्रता से लागू किया जाए। सरकार का इरादा नेक है। मगर इतने विशाल जनसंख्या वाले देश को सुदृढ़ बनाने में शासन-प्रशासन से लेकर आम जनता तक को एकजुटता दिखाते हुए पूर्ण सहयोग करना होगा। सभी लोगों को व्यर्थ की आपसी राजनीतिक खींचतान में अपना समय व ऊर्जा बर्बाद करने के बजाय देश के विकास पर ध्यान देना होगा। मोदी ने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव तथा समान नागरिक संहिता भी समय की मांग है। उन्होंने जनता को अपना वादा याद दिलाया कि तीसरे कार्यकाल में उनकी सरकार तीन गुना तेजी से काम करेगी। उम्मीद है कि प्रधानमंत्री मोदी के वादे पूरे होंगे।

**-सुभाष बुडावन वाला,** रतलाम

# बांग्लादेश में उथल-पुथल के बाद इस्लामी दृष्टिकोण

**इंशा वारसी**

शांति को बढ़ावा देना और हिंसा को हतोत्साहित करना, खास तौर पर राज्य और अल्पसंख्यकों के खिलाफ इस्लाम का एक मौलिक और अपरिवर्तनीय पहलू है। इस्लामी धर्मग्रंथों में ऐसे कई संदर्भ हैं जो समाज में व्यवस्था और न्याय बनाए रखने के महत्व पर जोर देते हैं। हिंसा या अराजकता से घृणा करते हुए, पैगंबर मुहम्मद ने हमेशा विवादों और अन्याय को बातचीत और शांतिपूर्ण तरीकों से हल करने की वकालत की। किसी भी मुसलमान के लिए, कानून को अपने हाथ में लेना और हिंसक विद्रोह में शामिल होना इस्लाम के सिद्धांतों के विपरीत है। अब जब छात्रों की मांगें पूरी हो गई हैं और शेख हसीना के नेतृत्व वाली सरकार को उखाड़ फेंका गया है, तो छात्रों और आम जनता के लिए सामान्य स्थिति बहाल करने पर ध्यान केंद्रित करना महत्वपूर्ण है। छात्रों को अपनी पढ़ाई पर वापस लौटना चाहिए और राष्ट्र के पुनर्निर्माण और स्थिरता में योगदान देना चाहिए।

इस्लाम शिकायतों को दूर करने के साधन के रूप में शांतिपूर्ण और रचनात्मक संवाद को प्रोत्साहित करता है। शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन को प्राथमिकता दी जाती है क्योंकि वे अहिंसा और कानून और व्यवस्था के सम्मान के इस्लामी मूल्यों के अनुरूप हैं। बांग्लादेश में शांतिपूर्ण तरीके से शुरू हुए छात्र विरोध प्रदर्शन, अहिंसक आंदोलनों द्वारा परिवर्तन लाने की क्षमता का उदाहरण हैं। यह याद रखना ज़रूरी है कि इस्लाम धैर्य, संयम और संघर्षों के शांतिपूर्ण समाधान का आह्वान करता है। जबकि क्रांति का उद्देश्य शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शनों के माध्यम से वास्तविक शिकायतों को संबोधित करना था, बाद के चरण में इसमें कुछ कट्टरपंथी तत्व शामिल हो गए। इन समूहों के कुछ वर्ग अपने राजनीतिक एजेंडे को लागू करने के लिए मौजूदा स्थिति का फायदा उठाने की कोशिश कर रहे हैं, जिसके कारण हिंसा में वृद्धि हुई है, खासकर अल्पसंख्यक समुदायों के खिलाफ। एक मुस्लिम बहुल राष्ट्र के रूप में, बांग्लादेश की जिम्मेदारी है कि वह अपने हिंदू और अन्य अल्पसंख्यक आबादी की रक्षा करे। इस्लाम अल्पसंख्यकों की सुरक्षा और उनके साथ उचित व्यवहार करना सिखाता है।सभी नागरिकों, चाहे वे किसी भी धर्म से जुड़े हों, के लिए शांतिपूर्ण और समावेशी समाज को बढ़ावा देना ज़रूरी है। यह प्रदर्शित करना विशेष रूप से महत्वपूर्ण है कि इस्लाम का मतलब वास्तव में शांति है और अल्पसंख्यकों के हितों की रक्षा करना, न केवल बांग्लादेश के भीतर बल्कि भारत जैसे पड़ोसी देशों के साथ सद्भाव को बढ़ावा देना भी है। उथल-पुथल के बीच, मुसलमानों द्वारा हिंदू मंदिरों और पूजा स्थलों की रक्षा के लिए सराहनीय प्रयास किए गए हैं। ये कार्य अधिकांश लोगों की हिंसा से बचने और अपने साथी नागरिकों की रक्षा करने की इच्छा को उजागर करते हैं। कई बार, हिंदुओं पर हमले ऐतिहासिक शिकायतों और अराजकता के समय अवसरवादी उद्देश्यों से भी प्रेरित होते हैं। बांग्लादेश में शांति और स्थिरता बनाए रखने के लिए सभी समुदायों की सुरक्षा सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है।

इस्लाम राज्य या किसी भी समुदाय के खिलाफ़ हिंसा का समर्थन नहीं करता है। शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन को प्राथमिकता देना इस्लामी शिक्षाओं के अनुरूप है, और अब जब मांगें पूरी हो गई हैं, तो छात्रों और नागरिकों के लिए सामान्य स्थिति में लौटने पर ध्यान केंद्रित करना महत्वपूर्ण है। आखिरकार, शिक्षा और रचनात्मक जुड़ाव किसी भी समाज की प्रगति के लिए महत्वपूर्ण हैं। अल्पसंख्यकों की सुरक्षा करना न केवल इस्लामी कर्तव्य है, बल्कि पड़ोसी देशों में शांति को बढ़ावा देने और अल्पसंख्यकों के हितों की रक्षा के लिए भी आवश्यक है। इन चुनौतीपूर्ण समय में, इस्लाम के सिद्धांतों को कायम रखना और सभी नागरिकों के लिए न्याय और सुरक्षा सुनिश्चित करना सर्वोपरि है।

# स्कूल भवन निर्माण की मांग को लेकर विधायक कुंवर संग पालक, ग्रामीण और छात्राओं ने किया सड़क जाम

## अर्जुन्दा-राजनांदगांव मार्ग स्तिथ ग्राम भरदाकला के बीच चौराहे पर साढ़े 3 घँटे तक किया सड़क जाम

पायनियर संवाददाता ➤ बालोद
www.dailypioneer.com





जिले के गुंडरदेही विधानसभा क्षेत्र के ग्राम भरदाकला में हायर सेकंडरी स्कूल जर्जर भवन को गिराए जाने के बाद भी नए भवन का निर्माण कार्य शुरू नही होने पर विधायक कुंवर सिंह निषाद के नेतृत्त्व में पालक, जनप्रतिनिधि ग्राम प्रमुख सहित स्कूल के 350 से अधिक छात्र-छात्राओं ने सड़कजाम किया। बीच सड़क पर ही सभी धरने पर बैठ गए, और शासन-प्रशासन के खिलाफजमकर नारेबाजी की। मुर्दाबाद के भी नारे लगाए। इस दौरान गुंडरदेही एसडीएम, अर्जुन्दा तहसीलदार, एसडीओपी, अर्जुन्दा थाना प्रभारी, गुंडरदेही बीईओ समेत पुलिस, राजस्व एवं शिक्षा विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। जिस तरह छात्र-छात्राए स्वतः आक्रोशित होकर नारेबाजी कर रही थी, उन्हें स्कूल में हो रही परेशानी और फैली अव्यवस्था उनके चेहरे पर साफनज़र आई। मंगलवार को अर्जुन्दा-राजनांदगांव मुख्य मार्ग पर स्तिथ ग्राम भरदाकला के चौराहे पर साढ़े 3 घँटे से अधिक समय तक सड़कजाम किया। जिसके बाद प्रशासन द्वारा आने वाले 6 सितंबर तक स्कूल भवन निर्माण कार्य शुरू करने का लिखित में आश्वासन देने के बाद उन्होंने सड़कजाम समाप्त किया। वही विधायक कुंवर सिंह निषाद ने भी प्रशासन को चेतावनी दी की अगर 6 सितंबर को निर्माण कार्य प्रारंभ नही हुआ तो 7 सितंबर को स्कूल में तालाबन्दी की जाएगी। इस सड़कजाम के दौरान आवागमन घंटों बाधित रहा। मार्ग से आने जाने वाले लोगों को काफी परेशानी हुई। सड़कजाम के दौरान विधायक कुंवर सिंह निषाद, जिला पंचायत अध्यक्ष सोनादेवी देशलहरे, जिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष चन्द्रप्रभा सुधाकर, चुकेश्वर साहू, क्रांति भूषण साहू, सागर साहू, गुंडरदेही, देवरी और अर्जुन्दा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष, स्थानीय ग्रामीण, जनप्रतिनिधि, पालकगण तथा हायर सेकंडरी स्कूल के सभी छात्र छात्राएँ इस सड़कजाम में शामिल रही।

### स्कूल में है समस्याओं का अंबार

स्कूल में आलम यह है की अध्यनरत 349 छात्र-छात्राओं को मिडिल स्कूल परिसर की कक्षाओं, प्रयोगशाला पुस्तकालय के कक्ष और बरामदे में बैठकर पढ़ाया जा रहा है। इतना ही नहीं स्कूल में शिक्षकों को भी कमी है। छात्र-छात्राओं को कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। बता दे की बीते वर्ष स्कूल की जर्जर स्थिति को देखते हुए 6 कमरों का नया भवन बनाने के लिए 48 लाख 42 हजार की राशि की स्वीकृति शासन से मिली थी। इसके बाद गर्मी के समय में गुंडरदेही एसडीएम से अनुमति मिलने के उपरांत पंचायत की ओर से जर्जर भवन को तोड़ने की कार्यवाही की गई थी। समय बढ़ता गया, लेकिन नया स्कूल भवन को बनाने के लिए कार्य शुरू नहीं हो पाया। वही बारिश के मौसम के चलते बच्चों को बरामदे में बैठकर पढ़ने में कठिनाई हो रही है। परिसर में बारिश के समय में पानी भर जाता है। जिसकी वजह से आने-जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। यहां शौचालय की भी समस्या उनको हो रही है।

### छात्र-छात्राओं को हो रही परेशानियां

दरअसल ग्राम भरदाकला के शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला में मुख्यमंत्री जतन योजना अंतर्गत 6 अतिरिक्त कक्ष के निर्माण के लिए पूर्व की भूपेश सरकार ने 48 लाख 42 हजार रुपये की स्वीकृति प्रदान की थी, तद्पुरांत यहां के जर्जर भवन को तोड़ दिया गया था। ताकि नया भवन निर्माण हो सके। लेकिन आज पर्यंत तलक नया भवन का निर्माण शुरू नही हो पाया है। जबकि इसकी राशि भी शिक्षा विभाग को आई गई, बकायदा लोक निर्माण विभाग के द्वारा टेंडर भी निकाला गया। लेकिन 6 कमरों का भवन निर्माण कार्य शुरू नही हो पाया। जिसकी वजह से छात्र छात्राओं को अध्यापन हेतु काफी दिक्क तों का सामना करना पड़ रहा है। स्कूल में परिसर में बने मिडिल स्कूल का भवन, प्रयोगशाला कक्ष, पुस्तकालय कक्ष और बरामदे में बैठकर छात्र-छात्राए अपना भविष्य गढ़ रहें हैं। जिसके चलते छात्र-छात्राओं, ग्रामीण व पालको में शासन-प्रशासन के प्रति रोष व्यापत है।

### प्रशासन के खिलाफ नाराजगी

इस पूरे सड़क जाम प्रदर्शन के दौरान पालक, ग्रामीण और छात्र-छात्राओं में शासन-प्रशासन को लेकर काफी नाराजगी देखी गई। खासकर छात्र काफी आक्रोशित नज़र आए। एसडीएम प्रतिमा ठाकरे के द्वारा नाराज़ प्रदर्शनकारियो को मनाने की कोशिश की गई, लेकिन वे असफल रही। उन्होंने छात्र-छात्राओं को भी मनाने की कोशिश की, लेकिन उन्हें भी नही मना पाई। साढ़े 3 घँटे से अधिक समय तक चले इस सड़कजाम में लोगों को काफी परेशानी हुई। आखिर में प्रदर्शनकारी लिखित आश्वासन में ही माने और सड़कजाम प्रदर्शन समाप्त किया।

'प्रशासन से लिखित में आश्वासन मिला है कि 6 सितंबर तक स्कूल भवन का निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा, जिसके बाद सड़कजाम को बंद किया गया, अगर 6 तारीख तक प्रशासन कार्य शुरू नही करती है तो 7 तारीख को स्कूल में तालाबंदी की जाएगी। सरकार के खिलाफआगे आंदोलन के लिए छात्र सहित पालक व ग्रामीण तैयार है।'

**कुंवर सिंह निषाद,**
**विधायक, गुंडरदेही**

# जिला मानस ने आयोजित किया मानस रक्षाबंधन महोत्सव

## संघ की विशेष पहल पर हुवा बुजुर्गों का सम्मान



पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

रक्षा बंधन पर्व पर मां चंडी मंदिर के तत्वावधान में जिला मानस संघ के द्वारा सनातन धर्म राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेश तिवारी के सहयोग से एक दिवसीय मानस रक्षा बंधन महोत्सव का आयोजन किया गया था कार्यक्रम का शुभारंभ मौनी महराज के कर कमलों से दीप प्रज्वलन कर प्रारंभ किया गया। पश्चात जिले से नामचीन मानस मंडली श्रद्धा महिला मानस मंडली गोड़ गिरी चंद्रिका वर्मा परमानंद मानस मंडली खमतराई राजेंद्र दास मानिकपुरी जय गंगा माँ मानस परिवार नेवनारा चंडी आश्रम सालिक साहू चंचल मानस मंडली रेवे राजेश सिन्हा द्वारा किया गया।

### गुरु कृपा मानस मंडली सुखाताल डां : ओंकार चंद्राकर

ममता बालिका मानस मंडली नवागढ़ कु ममता के माध्यम से मानस की विभिन्न पंक्ति यों को लेकर प्रेम एवम समरपन के संबंध में मानस की पंक्ति को जनमानस के बीच रखा कार्यक्रम में हजारों की संख्या में मातृ शक्ति यों ने भक्ति मय वातावरण में कथा श्रवण पान किए सुखाताल मंडली से सुफी गायक डा ओंकार चंद्रकार ने सबका दिल जीत लिया जिला मानस संघ की विशेष पहल में योगेश तिवारी द्वारा निर्मित मां गोदावरी आनंद वृद्धाश्रम से पहुचे बुजुर्गों का विशेष सम्मान किया गया किया गया आयोजन में सनातन धर्म राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेश तिवारी ने जिला मानस संघ की संस्कृति एवम मानस के प्रति परिकल्पना की जमकर तारीफ की एवं उपस्थित बहनो को रक्षाबंधन की बधाई प्रेषित किया। वही संघ के जिला अध्यक्ष देवलाल सिन्हा ने छ ग में मानस के प्रति नवाचार मानस रक्षाबंधन आयोजन में सहयोग के लिए समस्त जिले के मानस पथिको का आभार व्यक्त किया कार्यक्रम का संचालन कल्याणी सेन लखन वर्मा महेंद्र चौहान चेतन साहू ने किया।

# महिला डॉक्टरों की सुरक्षा के लिए नए कानून की मांग को लेकर राष्ट्रपति के नाम तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ➤ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

महिला डॉक्टरों की सुरक्षा के लिए नए कानून की मांग को लेकर नर्सिंग छात्राओं के हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन को युंका अध्यक्ष प्रशांत ने राष्ट्रपति के नाम तहसीलदार को सौंपा। ज्ञात रहे कि बंगाल में ट्रेनी डॉक्टर मौमिता के साथ हुए जघन्य अपराध के बाद उन्हें क्षत-विक्षत हालत में जिस प्रकार तड़प कर मरने छोड़ दिया गया है उससे समस्त देशवासियों में रोष है और लोग अपनी बेटियों की सुरक्षा हेतु चिंतित हैं ।इस कुकृत्य करने वाले समस्त अपराधियों को तत्काल गिरफ्तार कर फांसी की सज़ा दिया जाने के साथ ही देश भर में डॉक्टरों की सुरक्षा हेतु कड़े कानून का प्रावधान लाने की मांग की गई ताकि धरती में भगवान का स्वरूप का दर्जा दिए जाने वाले डॉक्टरों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके , वो सुरक्षित रहेंगे तब उनके द्वारा अन्य लोगों के जान की सुरक्षा किया जाना संभव हो पाएगा ।इस ओर ध्यान आकर्षित करते हुए प्रशांत ने कहा कि हमारा संगठन ये भी निवेदन करता है कि देश के समस्त राज्यों में रेप जैसे जघन्य अपराध की सुनवाई फ़ास्ट ट्रैक कोर्ट में करते हुए अपराधियों को फांसी की सज़ा से कम किसी सज़ा पर विचार किया जाए।

# रक्षाबंधन पर विकास कार्य के लिए दस लाख की मंत्री ने दिया सौगात



पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

रक्षा बंधन के इस पवित्र त्योहार में बहनों ने भाई की कलाई को रेशम की डोर से सजाया वहीं भाइयों ने भी अपनी बहनों को यथा शक्ति उपहार और आशीर्वाद दिया, रक्षा बंधन के इस अवसर पर बेमेतरा जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी सूबे के खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल के गृह ग्राम कुरा पहुंचकर उन्हें राखी बांधी आशीर्वाद स्वरूप भाई दयाल दास बघेल ने बहन के जिला पंचायत क्षेत्र में 10 लाख के विकास की सौगात दे डाली, जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी ने बताया कि बरसो से ग्राम पंचायत भन्सुली में आबादी पारा से नाले के ऊपर छोटे पुल की जरूरत थी, छोटी बहन के तौर पर मैंने मंत्री जी से राखी के उपहार में यही मांगा और उन्होंने भी बिना देर किए मेरी मांग मान कर मेरा मान बढ़ा दिया,साथ ही साथ मंत्री दयाल दास बघेल ने भाजपा के होने वाले सदस्यता अभियान में जिले भर से बहनों को पार्टी से जोड़ने का वादा भी लिया है,और मैंने जिले की बहनों को पार्टी की विचारधारा से जोड़ने का विश्वास मंत्री को दिलाया।

# नेवनारा चंडी मंदिर में राखी पर्व पर भाजपा नेता योगेश ने हजारों महिलाओं से बंधवाया रक्षा सूत्र

## आयोजन में शामिल 7 हजार से अधिक महिलाओं को उपहार स्वरूप बांटी गई साड़ी



पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

बेरला ब्लॉक के ग्राम नेवनारा चंडी मंदिर में भाई-बहन के स्नेह का प्रतीक राखी पर्व उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। ग्राम नेवनारा में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रक्षाबंधन के अवसर पर भव्य आयोजन किया गया। आयोजन राष्ट्रीय अध्यक्ष सर्व हिंदू सनातन संगठन व भाजपा नेता योगेश तिवारी के द्वारा किया गया। कुलदेवी चंडी मंदिर नेवनारा में रक्षाबंधन त्यौहार मनाने बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र की हजारों महिलाएं शामिल हुई। भाजपा नेता योगेश तिवारी ने बताया कि कार्यक्रम में 7 हजार से अधिक महिलाएं शामिल हुई। महिलाओ ने भाजपा नेता योगेश तिवारी को रक्षा सूत्र बांधकर उपहार प्राप्त किया। कार्यक्रम में शामिल हजारों महिलाओं को साड़ी भेंट की गई। इस अवसर पर बहनों ने भाई योगेश तिवारी को रक्षा सूत्र बांधकर अपनी रक्षा का संकल्प दिलाया। उन्होंने भाई के रूप में जो मेरा कर्तव्य है उसे पूरा करूंगा वादा किया। बेमेतरा क्षेत्र के विकास में भी बहनों का भागीदारी रहे। भाजपा नेता ने कहा कि क्षेत्र की बहनों से हर साल जो स्नेह मिलता है, वह अतुलनीय है। क्षेत्र से आई बहने मेरे परिवार की तरह हैं। इनका मुझ पर हमेशा स्नेह बना रहा।सौरभ मिश्रा सभापति हेमंत वैष्णव, पीयूष शर्मा अजय मिश्रा। राजेंद्र फौजी, दरबारी साहू जनपद सदस्य, नेतराम निषाद, प्रेमलाल साहू, बलराज बंजारे, अजय यादव, नीलकंठ पटेल, राजू साहू,लखन चक्रधारी, मनोज सिन्हा केशव सिन्हा, मनोज यदु, बोधीराम साहू, देवांसु शर्मा, पेखन साहू, डोमन पाटिल, देवलाल सिन्हा, नरेंद्र साहू, महेश्वर पटेल, संजू बारले, ओमप्रकाश पांडेय, चैनसीह साहू, दीपक साहू, रूपकुमार गेंनडरे, धर्मेंद्र साहू, राखी कुर्रे, हेमिन चेलक, चितरंजन मानिकपुरी, नरेश राय, यशवंत टंडन, शेखर साहू, अरुण जायसवाल, मदन सिन्हा, राकेश वर्मा, नाथू साहू, अविनाश राजपूत, ज्ञानेश्वर साहू, नितेश वर्मा, जित्तू साहू, शिबू वर्मा, रामहिरदय वर्मा, गोपाल साहू, मनोज साहू, शेरू भोई, अतुल तिवारी, टेकराम साहू, श्यामसुंदर बंजारे, टोपेंद्र सोनवानी, गन्नू साहू, देवकुमार यादव, मोहम्मद इकबाल, बलराम सिन्हा, नरहर निर्मलकर, श्यामू साहू , जनक साहू, गोविंद पाल, दिलहरण सिन्हा, हीरा बंजारे, गीतेश्वर साहू, खेमराज साहू, पंचम कुर्रे, किशन साहू, धारा सिंह, विजय बघेल, रमेश बघेल, खिलेश्वर साईतोड़, सुनीता जांगड़े, तुलसी रजक, टिंकेश साहू, मयंक साहू, पदुमदास बारले, प्रदीप वर्मा, बसंत साहू, ओम साहू उपस्थित थे।

# बांग्लादेश में हिन्दुओं के साथ बलात्कार, लूटपाट और मारपीट के विरोध में प्रदर्शन एवं ज्ञापन भेंट

पायनियर संवाददाता ➤ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com




बांग्लादेश में इस्लामिक कट्टरपंथियों द्वारा वहां के मूल निवासी अल्पसंख्यक हिन्दुओं के बहन - बेटी और परिवार के साथ किये जा रहे बलात्कार, आगजनी, लूटपाट और मारपीट के विरोध में 13 अगस्त को सर्व समाज समरसता समिति के नेतृत्व में दल्ली राजहरा नगर के समस्त सामाजिक संगठनों द्वारा नगर के जैन भवन चौक में विरोध प्रदर्शन कर अनुविभागीय अधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम ज्ञापन भेंट किया गया। जैसा की विभिन्न संचार माध्यमों से ज्ञात हो रहा है की बांग्लादेश में सेना और पुलिस के संरक्षण में इस्लामिक जेहादी और कट्टरपंथियों के द्वारा चुनी हुई लोकतान्त्रिक सरकार के तख्ता पलट करने के बाद लगातार हिन्दू परिवारों को पर हमला कर रहे है, हिन्दू गांवो को लक्षित करके लूटपाट और आगजनी किया जा रहा है। हिन्दू बहु बेटी और बहनों के साथ उनके घर के पुरुषों के सामने ही बलात्कार किया जा रहा है। हिन्दू परिवार भूख और भय के छाये में जी रहे है। यदि जरूरतों के सामान लेने बाहर निकलते है तो इज्जत और प्राण जाने का भय है और यदि घर में दुबके रहते है तो भूख से मरने का भय है। हिन्दू मंदिरों और देवी देवताओं की मूर्तियों को तोड़ा जा रहा है। हिन्दुओं के दुकान और घरों में आगजनी और लूटपाट किया जा रहा है।देश विदेश सहित दल्ली राजहरा नगर में भी सर्व समाज समरसता समिति के कार्यकर्ता उक्त घटनाओं से बेहद क्षुब्ध और व्यथित है। इन्ही सब घटनाओ के विरोध में प्रदर्शन करने व देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम भारत आने वाले पीड़ित हिन्दू परिवार को शरण देने तथा जो बंगलादेश में ही रहना चाहते उन परिवारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु ज्ञापन भेंट करने के लिए के पास एकत्रीकरण कर पैदल नारेबाजी और आक्रोश व्यक्त करते हुए अनुविभागीय कार्यालय गये। कार्यालय के समक्ष गगन भेदी नारों के साथ बांग्लादेश में हिन्दुओं के साथ बर्बर व्यवहार का विरोध प्रदर्शन कर तहसीलदार को ज्ञापन भेंट किया गया। उक्त विरोध प्रदर्शन में समिति के कार्यकर्ता और पदाधिकारियों सहित नगर के लगभग सभी समाज प्रमुखों की उपस्थिति रही।

# ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दल्ली राजहरा ने संविधान यात्रा प्रभात फेरी निकाली गई



पायनियर संवाददाता ➤ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी एवं जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दल्ली राजहरा के द्वारा संविधान यात्रा प्रभात फेरी निकाली गई। संविधान की पुस्तक, राष्ट्रीय ध्वज, गांधी जी की तस्वीर और वैष्णव जन भजन गाते हुए प्रभात फेरी निकाली गई। जिसमें मुख्य रूप से ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अशोक बाम्बेश्वर, नगर पालिका अध्यक्ष शीबू नायर, मंडल अध्यक्ष विवेक मसीह, संतोष पांडेय, विधायक प्रतिनिधि रत्तीराम कोसमा, पूर्व नपा अध्यक्ष काशी निषाद, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष संगीता नायर,जिला अध्यक्ष युवा कांग्रेस प्रशांत बोकाडे,ममता पांडेय, मनीषा, के.ईश्वर राव, पार्षद स्वप्निल तिवारी, रोशन पटेल, सूरज विभार, चंद्रप्रकाश सिन्हा, रुखसाना बेगम, विजय जोगदंड, प्रदीप कुमार, रूबी अन्थोनी, जी ईश्वर राव, बसंत साहू, नोमेश रामटेके, परितोष हंसपाल, आकाश सिंह, निहाल, फ्रांसिस कोलिन, हीरालाल पवार, जोगेंद्र ठाकुर, रामू शर्मा, अजय नॉनहारे सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन सम्मिलित हुए । उपस्थित समस्त कांग्रेसजनों ने देश में फैल रही कुरीतियों के खिलाफ एकमत हो कर संविधान की सुरक्षा करने का प्रण लिया ।

# दुर्ग जिले के सबसे बड़े एवं प्रतिष्ठित स्कूल स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल (सेजस) कुम्हारी के सांसद प्रतिनिधि बने सुजीत यादव

पायनियर संवाददाता ➤ कुम्हारी
www.dailypioneer.com



दुर्ग लोकसभा के लोकप्रिय सांसद विजय बघेल ने युवा एवं कर्मठ कार्यकर्ता सुजीत यादव को दुर्ग जिले के सबसे बड़े एवं प्रतिष्ठित स्कूल स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल (सेजस) कुम्हारी के सांसद प्रतिनिधि के रूप में नियुक्त किया । डिग्री और डिप्लोमा दोनों में पोस्ट ग्रेजुएट सुजीत यादव की इस नियुक्ति पर कुम्हारी भाजपा मंडल अध्यक्ष राजू निषाद, नेता प्रतिपक्ष नगरपालिका परिषद कुम्हारी लोकेश साहू सहित समस्त भाजपा कुम्हारी मंडल के वरिष्ठ, कनिष्ठ सभी कार्यकर्ताओं ने प्रसन्नता व्यक्त की । सुजीत ने इस इस महत्वपूर्ण पद पर नियुक्ति के लिए सांसद विजय बघेल का हृदय से आभार प्रकट करते हुए कहा कि पद और दायित्व की गरिमा को बनाए रखने के लिए सत्य निष्ठा पूर्वक अपने कर्त्तव्य का निर्वाहन करूंगा ।

# प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय कुम्हारी की बहिनों ने मनाया रक्षा बन्धन पर्व





**कुम्हारी।** भाई-बहन के अप्रतिम अलौकिक प्रेम, आस्था, श्रद्धा और विश्वास के प्रतीक रक्षा बन्धन के पावन को योग केंद्र में ब्रम्हकुमारी बहिनों ने प्रसन्नता, शालीनता और उल्लास पूर्वक मनाया। इस शुभ अवसर पर शाला विकास समिति अध्यक्ष भाजपा नेता रामाधार शर्मा के हाथ में रक्षा बन्धन सूत्र बांधा। इसी क्रम में थाना प्रभारी कुर्रे की कलाई में भाई बहन के प्रेम प्रतीक रक्षासूत्र को बांधा । दीदी जी ने रक्षा बन्धन पर्व का अर्थ और महत्त्व बताते हुए राजयोग ध्यान में आए जनों और समस्त कुम्हारी नगर वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं, बधाइयां और शुभाशीष प्रेषित किया ।

# समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए निर्देश



पायनियर संवाददाता ➤ बालोद
www.dailypioneer.com

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने जिले में वर्षा ऋतु के दौरान होने वाले डायरिया, हैजा आदि जल जनित बीमारियों की रोकथाम हेतु प्रभावी उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए उन्होंने आम नागरिकों को शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, नगरीय निकाय तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारियों को पुख्ता उपाय सुनिश्चित करने को कहा है। कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में संबंधित विभाग के अधिकारियों को उक्ताशय के निर्देश दिए हैं। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे, संयुक्त कलेक्टर डीआर ठाकुर एवं पूजा बंसल सहित राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों के अलावा अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

### पुराने एवं खराब पाईप को बदलकर नये पाईप लगाने के निर्देश

बैठक में इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों से जिले के डायरिया प्रभावित ग्रामों में बीमारी की रोकथाम हेतु किए जा रहे उपायों की भी जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को प्रभावित ग्रामों को चिह्नित कर तत्काल इसकी रोकथाम हेतु पुख्ता उपाय सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, नगरीय निकाय एवं पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारियों को पानी टंकी सहित पेयजल आपूर्ति के सभी स्त्रोतों की नियमित साफसफाई कराने के भी निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने पानी की आपूर्ति हेतु लगाए गए पुराने एवं खराब पाईप को बदलकर नये पाईप लगाने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को पूरे समय मुस्तैद रहकर स्थिति पर नजर रखने तथा बीमारी के प्रसार के संबंध में जानकारी मिलने पर उसकी रोकथाम हेतु तत्काल उपाय सुनिश्चित करने को कहा। इसके अलावा उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से सिकल सेल जाँच कार्य प्रगति एवं इस बीमारी के रोकथाम हेतु किए जा रहे उपायों के संबंध में भी जानकारी ली। बैठक में उन्होंने जिले में राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्य म, एनिमिया जाँच के कार्य के प्रगति की भी समीक्षा की।

### स्कूल भवनों की स्तिथि की समीक्षा की-

कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए जिले के शिक्षक विहीन शालाओं में अध्ययन-अध्यापन की व्यवस्था सुचारू रूप से संचालन कराने हेतु शिक्षकों की वैकल्पिक व्यवस्था के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने शाला भवनों की स्थिति की समीक्षा करते हुए लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को जर्जर भवनों के मरम्मत हेतु शीघ्र प्राक्क लन प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए। इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने जिले में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए कृषि विभाग के उपसंचालक को निर्धारित तिथि तक जिले के शत प्रतिशत कृषकों का पंजीयन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने मुख्यमंत्री जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों के निराकरण हेतु की जा रही कार्रवाई की भी समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को मुख्यमंत्री जनदर्शन से प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता के साथ निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### हुच्चेटोला गांव का भ्रमण करने के निर्देश

इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने डौंडीलोहारा ब्लॉक के सुदूर वनांचल के ग्राम हुच्चेटोला के ग्रामीणों को शासन के जन कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित कर उनके आय को दुगुना करने के उपाय सुनिश्चित करने हेतु नोडल अधिकारी के रूप में नियुक्त किए गए सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को आज बुधवार तक रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी नोडल अधिकारियों को नियमित रूप से ग्राम हुच्चेटोला का भ्रमण कर ग्रामीणों को शासन के जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित करने को कहा।

# कांवड़ यात्रा में शामिल हुए पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा



पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

बेमेतरा विधानसभा के पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा के नेतृत्व में नर्मदा धाम भेडनी से जल लेकर प्राचीन महाकाल मंदिर देवरबीजा तक शिव भक्तों के साथ 07 वर्ष कावड़ यात्रा निकाली गई, भोले नाथ के जकारे लगाते नर्मदा धाम भेड़नी से कंधे पर कावड़ लेकर शिव भक्त भक्ति गीतों में बाजे,गाजे के साथ नाचते हुए चल रहे भक्तों के साथ महाकाल मंदिर देवरबीजा पहुंच विधिविधान से पूजा अर्चना कर शिवलिंग का जलाभिषेक कर भगवान भोलेनाथ से क्षेत्र वासियों की सुख समृद्धि की कामना, पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा कि कावड़ यात्रा में शिव भक्तों के साथ शामिल होकर का सौभाग्य मिला बेमेतरा क्षेत्र वासियों की मनोकामना पूरी होने और सुख, समृद्धि की कामना करते हुए सभी को कांवड की शुभकामनाए दी, कांवड यात्रा के शिव भक्त नाचते गाते हुए चल रहे थे इस दौरान बच्चो ने शिव पार्वती का रूप धारण किए थे साथ में प्रवीण शर्मा पूर्व सरपंच, कमल वर्मा पूर्व अध्यक्ष सोसायटी,सहदेव साहू सरपंच, दिलहरन साहू सरपंच, युवराज दुबे सरपंच,राजा साहू, फत्ते पटेल, प्रभात श्रीवास, आलोक, नट्टू सलूजा, यशवंत साहू, गौरिशंकर शर्मा,बृजेश सिन्हा,उत्तम गुप्ता,राजेंद्र पारकर, राजकुमार सेन, गुड्डू सेन, गोविंदा राजपूत,जयप्रकाश राज, टोनू देवांगन, कारण लोधी, शशिभूषण देवांगन, लवकुश ठाकुर सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु गण रहे उपस्थित।

# स्कार्पियो की ठोकर से बाईक सवार युवक की मौत बालिका को गंभीर हालत में किया गया रायपुर रिफर

## मुआवजे की मांग एवं आरोपी स्कार्पियो चालक के खिलाफ कडी कार्रवाई की मांग करते हुए चक्काजाम

पायनियर संवाददाता रायगढ़
www.dailypioneer.com





रायगढ़ जिले में स्कार्पियो और बाईक की आमने-सामने भिड़त की घटना में बाईक सवार एक युवक की मौत हो गई वहीं एक बालिका को गंभीर अवस्था में रायपुर रिफर किया गया है। उक्त घटना खरसिया थाना क्षेत्र का है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रायगढ़ जिले के खरसिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले मदनपुर चौक के पास सोमवार की दोपहर 2 बजे स्कार्पियो क्रमांक सीजी एई 8412 और बाईक की आमने-सामने जोरदार भिड़त हो गई। बताया जा रहा है कि इस घटना में बाईक सवार युवक निखिल दास महंत 21 साल निवासी बांगो कालोनी ठुसेकेला की सिर में अधिक चोट लगने और अधिक खून बहने की वजह से घटना स्थल पर ही मौत हो गई वहीं बाईक में सवार एक बालिका मेघावी महंत 11 साल को गंभीर अवस्था में रायगढ़ मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया था जहां से उसे रायपुर रिफर किये जाने की बात कही जा रही है। वहीं मयंक दास 14 को भी मामूली चोट लगने की बात कही जा रही है।

**बाईक चला रहे युवक की हुई मौत**-बताया जा रहा है कि बाईक में सवार मेघावी महंत और मयंक कोरबा के बालको से रक्षा बंधन के अवसर पर खरसिया के बांगो कालोनी आये थे और खरसिया के बांगो कालोनी ठुसेकेला निवासी निखिल के साथ खरसिया की तरफ किसी काम के सिलसिले में जा रहे थे इसी दौरान स्कार्पियो की ठोकर से बाईक चला रहे निखिल दास महंत की मौत हो गई।

**स्कार्पियो चालक की हुई शिनाख्त**-खरसिया पुलिस ने बताया कि बाईक सवारों को ठोकर मारने के बाद स्कार्पियो चालक विवेक पटेल निवासी बोतल्दा दुर्घटनाकारी वाहन को थाने में खड़ी करके अपने घर चला गया है। पुलिस आरोपी चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

**ग्रामीणों ने शुरू किया चक्काजाम**-स्कार्पियों की ठोकर से युवक की मौत के बाद शव के पीएम पश्चात परिजनों एवं गांव के ग्रामीणों ने मंगलवार की सुबह बोतल्दा तिराहे के पास शव को सड़क पर रखकर 05 लाख रूपये मुआवजे की मांग एवं आरोपी स्कार्पियो चालक के खिलाफ कडी कार्रवाई की मांग करते हुए चक्काजाम शुरू कर दिया है। चक्काजाम की जानकारी मिलते ही खरसिया पुलिस मौके पर पहुंचकर आक्रोशित ग्रामीणों को समझाने के प्रयास में जुटी हुई है, लेकिन आक्रोशित ग्रामीण अपनी मांगों पर अड़े हुए हैं।

# ट्रेलर ने पति-पत्नी को मारी ठोकर

## महिला की मौके पर ही मौत, पति को भी आई चोट, पुलिस ने आरोपी चालक को किया गिरफ्तार






पायनियर संवाददाता रायगढ़
www.dailypioneer.com

ट्रेलर चालक ने तेज एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाईक सवार पति-पत्नी को जोरदार ठोकर मार दी। इस घटना में महिला की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। उक्त मामला जूटमिल थाना क्षेत्र का है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार भूपदेवपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले कांशीचुंआ निवासी परीक्षित चौहान अपनी पत्नी हेमा चौहान रक्षाबंधन के अवसर पर अपने रिश्तेदार के यहां जूटमिल क्षेत्र में आए हुए थे। यहां हेमा अपनी भाई को राखी बांधकर शाम करीब साढ़े 5 बजे वापस अपने पति के साथ कांशीचुंआ जा रही थी। दोनों पति-पत्नी जब बाबाधाम तिराह के पास पहुंचे ही थे कि पीछे की तरफ से आ रहे ट्रेलर चालक ने तेज एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए दोनों को जोरदार ठोकर मार दी। इस घटना में ट्रेलर के पहियों के नीचे दबकर महिला की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

वहीं महिला के पति को भी चोट आई है। बताया जा रहा है कि उक्त ट्रेलर गुडेली से फ्लाई एश डंप करके वापस लौट रहा था इसी दौरान घटना घटित हो गई। इस मामले में मृतका के पति की रिपोर्ट के बाद जूटमिल पुलिस ने आरोपी ट्रेलर चालक विभाकर सिंह के खिलाफ अपराध दर्ज कर गिरफ्तार करते हुए आगे की कार्रवाई में जुट गई है। इस मामले में मंगलवार की दोपहर को मृतका के परिजन व क्षेत्रवासियों ने कोसमनारा रोड तिराहा के पास चक्काजाम शुरू कर दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव को जब परिजनों को सौंपा गया, तो वे शव को सड़क पर रखकर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिए और मुआवजा की मांग करने लगे। बताया जा रहा है कि मामले की जानकारी लगते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और उन्हें समझाईश देने की कोशिश कर रही है।

# प्री-वेडिंग शूट पर लगाए गए प्रतिबंध को लागू करने का किया जाएगा प्रयास

पायनियर संवाददाता सक्ती
www.dailypioneer.com



अग्रसेन जन कल्याण समिति के अध्यक्ष बंशी अग्रवाल,खुर्सीपार के महासचिव रतन गोयल, छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन के प्रदेश महासचिव मनोज अग्रवाल ने बताया की दुर्ग भिलाई खुर्सीपार औद्योगिक क्षेत्र के अग्रवाल समाज के पदाधिकारीयो की एक संयुक्त बैठक अग्रसेन भवन सेक्टर 6 में छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन के अध्यक्ष नेतराम अग्रवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। विवाह समारोह के अवसर पर प्री वेडिंग शूट के बढ़ते प्रचलन पर चिंता व्यक्त की गई, अग्रवाल समाज भिलाई के महासचिव अनिल अग्रवाल आशीष गुप्ता एवं पंकज कृतिका ने कहा की प्री वेडिंग शूट समाज के लिए बहुत घातक है। इससे विवाह संबंध टूट रहे हैं आपस में वैमनस्यता बढ़ रही है इस पर तत्काल रोक की आवश्यकता है। औद्योगिक क्षेत्र के दिनेश लोहिया एवं संजय गर्ग ने कहा की प्री वेडिंग के रूप में समाज में एक नया प्रदूषण आ गया है द्य इस पर तत्काल रोक नहीं लगाई गई तो भविष्य में इसके परिणाम बहुत घातक होंगे। समाज के श्री कैलाश पिलानिया दिलीप अग्रवाल, विकास सिंघल ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि शादी विवाह एक पवित्र परंपरा है प्री वेडिंग शूट कतई भी उचित नहीं है एक तरफ हम फिजूल खर्ची रोकने की बात करते हैं दूसरी ओर प्री वेडिंग शूट पर पैसे पानी की तरह बहाए जा रहे हैं यह सर्वथा अनुचित है। सभी के विचार सुनने के पश्चात निर्णय लिया गया कि इस कुप्रथा के खिलाफ युवाओं को जागृत किया जाएगा। पिछले 1 वर्ष में जिन परिवार ने अपने बच्चों की शादी में प्री वेडिंग सूट नहीं कराया है उन्हें सम्मानित किया जाएगा एवं छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन द्वारा सर्टिफिकेट प्रदान किया जाएगा, प्री वेडिंग शूट समाज के लिए घातक इस स्लोगन को समाज के लेटरपैड एवं अन्य दस्तावेजों में अंकित किया जाएगा द्य भवन में इस स्लोगन का बैनर लगाकर समाज के लोगों में जागृति अभियान पैदा की जाएगी। सामाजिक समारोह के अवसर पर मोटिवेशनल स्पीकर द्वारा इस विषय पर प्रकाश डाला जाएगा ।

# जमीन मे सो रहे मां -बेटी को जहरीले साँप ने काटा

## मासूम बेटी की हुई मौत, माँ का चल रहा उपचार

पायनियर संवाददाता रायगढ़
www.dailypioneer.com



रायगढ़ जिले मे घर में सो रही मां और उसकी बेटी को जहरीले सांप के काटने से मासूम बच्ची की मौत हो गई, वहीं उसकी मां को गम्भीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहाँ उसका उपचार जारी है। पूरा मामला रायगढ़ जिले के लैलूंगा थाना क्षेत्र का है। इस सम्बन्ध मे पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रायगढ़ जिले के लैलूंगा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम बनेकेला निवासी कुमारी पैकरा बीती रात खाना खाकर अपनी 10साल की मासूम बेटी डालेश्वरी पैंकरा के साथ जमीन में सोई थी। बताया जा रहा है देर रात करीब 2 से 3 बजे के आसपास मासूम बच्ची और उसकी मां को सोते समय जहरीले साँप ने काट लिया। दोनों की हालत बिगड़ने के बाद परिजनों ने देखा की दोनों के शरीर मे साँप काटने के निशान थे। जिसके बाद दोनों को तत्काल लैलूंगा अस्पताल में ले जाकर भर्ती कराया गया, जहाँ प्रारंभिक उपचार मे ही मासूम की मौत हो गई वहीं उसकी मां का उपचार जारी है। बहरहाल परिजनों ने साँप काटने से मासूम बच्ची की मौत की सुचना लैलूंगा थाने मे दे दी है, जिसके बाद लैलूंगा पुलिस ने मर्ग कायम कर जाँच कार्यवाही में जुट गई है।

## मंदिर आयी तीन वर्षीय बच्ची अपने परिजनों से बिछड़ी



**रायगढ़।** सावन के अंतिम सोमवार को सत्यनारायण बाबा धाम कोसमनारा, रायगढ़ मंय दर्शनार्थीयों की भीड़ को देखते हुए पुलिस की व्यापक व्यवस्था लगाई गई है। बाबाधाम दर्शन के लिए कनकटुरा, जिला झारसुगडा (उड़ीसा) के दशरथ कालो अपनी पत्नी व 03 वर्षीय बेटी प्रिंसी कालो के साथ आये थे, जहां बच्ची प्रिंसी कालो अपने परिजनों से अलग हो गई थी। इस घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए बच्ची के परिजनों का पता लगाया।

# छत्तीसगढ़ प्रांतीय युवा अग्रवाल मंच की प्रदेश कार्यकारिणी बैठक 25 अगस्त को रायपुर में

पायनियर संवाददाता सक्ती
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ प्रांतीय युवा अग्रवाल मंच की प्रदेश कार्यकारिणी की अहम बैठक आगामी 25 अगस्त 2024 दिन-रविवार को सुबह 11:00 से होटल आदित्य जयस्तंभ चौक रायपुर में आयोजित की गई है, इस बैठक में मंच के प्रदेश संरक्षक कन्हैया अग्रवाल रायपुर एवं हरिबल्लभ अग्रवाल रायपुर प्रमुख रूप से उपस्थित रहेंगे, उपरोक्त जानकारी देते हुए छत्तीसगढ़ प्रांतीय युवा अग्रवाल मंच के महामंत्री नितेश अग्रवाल रायपुर ने बताया कि 25 अगस्त को होने वाली बैठक में आगामी जनवरी 2025 में प्रस्तावित अग्रवाल समाज के अखिल भारतीय विवाह योग्य एजुकेटेड युवक युवती परिचय सम्मेलन की तैयारीयो को लेकर चर्चा की जाएगी, साथ ही परिचय सम्मेलन आयोजन समिति के गठन के साथ ही बायोडाटा फॉर्म एवं प्रचार प्रचार सामग्रियों का भी प्रत्येक स्थानो पर वितरण किया जाएगा,प्रांतीय महामंत्री नितेश अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ प्रांतीय युवा अग्रवाल मंच के प्रदेश कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारी-सदस्यो, जिला अध्यक्ष- महामंत्री, स्थानीय इकाइयों के अध्यक्ष, महामंत्री सहित सभी प्रमुख सदस्यों को बैठक में आवश्यक रूप से पहुंचने की अपील की है, साथ ही महामंत्री नितेश अग्रवाल ने कहा है की बैठक में अपने जिलों या की स्थानीय इकाइयों में संपन्न कार्यक्रमों की रिपोर्टिंग भी बैठक में साथ लावे।

# गोमर्डा अभ्यारण में करंट से बायसन की मौत, चार शिकारी को वन विभाग ने किया गिरफ्तार, शिकारियों से टांगी व तार किया जब्त

पायनियर संवाददाता रायगढ़
www.dailypioneer.com



नवगठित सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के बरमकेला रेंज में अवैध रूप से करंट प्रवाहित तार बिछाकर वन्यप्राणी का शिकार करने का मामला सामने आया है। इस मामले में वन विभाग की टीम ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बरमकेला रेंज के अंतर्गत आने वाले गोमर्डा अभ्यारण के जंगल में 10 अगस्त को कुछ शिकारियों के द्वारा वन्यप्राणियों के लिये शिकार के लिये बिछाये गए 11 हजार केवी करंट तार के संपर्क में आने से एक बायसन घायल हो गया था। इस घटना की जानकारी वन विभाग की टीम को अगले दिन मुखबिर से जरिये मिलने के बाद वन विभाग की टीम ने घायल बायसन को ढूंढ़कर उसका उपचार शुरू कर दिया गया था। बताया जा रहा है कि घायल बायसन की उपचार के दौरान ही पांच दिनों बाद मौत हो गई। इस घटना के बाद वन विभाग की टीम तत्काल एक्सन मोड में आते हुए जंगल में करंट लगाकर अवैध शिकार करने वालों की पतासाजी में जुटी हुई थी इसी दौरान वन विभाग की टीम ने जंगल में सर्चिंग के दौरान जंगल से करंट निकालते हुए चार आरोपियों को पकड़ा है।

वन विभाग की टीम ने वन्यप्राणियों के लिये बिछाये गए करंट से बायसन की मौत होनें के बाद चार आरोपी अस्सी निषाद, निवासी खम्हारपाली, खीरसागर निषाद निवासी खम्हारपाली, पीताम्बर निषाद निवासी खम्हारपाली के अलावा देवसिंह बरिहा निवासी नवापाली के पास से वन विभाग की टीम ने शिकार में उपयोग किये जाने वाले जेआई तार व टांगी को जब्त करते हुए आरोपियों के खिलाफ वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा अपराध दर्ज कर चारो आरोपियों को जेल दाखिल करा दिया है।

# गौरी कन्या मंदिर जलाभिषेक करने पहुंचे नगर पंचायत अध्यक्ष, गौरी कन्या मंदिर में श्रद्धालु महिलाओं का जनसैलाब

- बोल बम के नारो से गूंजा आसमान, बोल बम में विधायक नाचते हुए दिखाई दिए

पायनियर संवाददाता जैजैपुर
www.dailypioneer.com



पूरे देश में सावन माह की धूम चल रही जिसमें कवरियां यात्रा बढचढ कर भाग ले रहे है। लंबे समय से नगर पंचायत जैजैपुर में गोरी कन्या का विशेष महत्व है जिसमें श्रद्धालु दूर-दूर से जल अभिषेक करने पहुंचते हैं गोरी कन्या मंदिर के पास दो भू फड़ शिवलिंग निकला हुआ है। जिसकी महिमा बुजुर्ग लोग बताते हैं और एक ऐतिहासिक गढ़ के रूप में भी जाना जाता है हर क्षेत्र में जैजैपुर का नाम अग्रसर है। नगर पंचायत जैजैपुर में अंतिम सोमवार सावन मास को जलाभिषेक किया जाता है। जिसमें श्रद्धालु दूर-दूर से आकर संगम का जल को गौरी कन्या मंदिर के शिवलिंग एवं बगल के शिवलिंग में जलाभिषेक करते हैं। हमारे क्षेत्र के विधायक माननीय बालेश्वर साहू ने कावरिया यात्राओं को चला अभिषेक के लिए कावर उठाकर रवाना किया वहीं पर हमारे नगर पंचायत अध्यक्ष सोनसाय देवांगन के साथ में अनेक नेता द्वय उपस्थित रहे। कावर यात्रियों के द्वारा डीजे की धुन पर जैजैपुर विधायक बालेश्वर साहू हसौद मे नाचते गाते तथा बुजुर्ग से लेकर नौजवान तक दिखाई पड़े बच्चे का तो कहना अलग ही अंदाज दिखाई दे रहा था वहीं पर श्रद्धालु महिलाओं की लंबी कतार दिखाई पड़ी और जलाभिषेक दोनों भू फड़ शिवलिंग में किया इस तरह से यह ऐतिहासिक शिवलिंग जैजैपुर का गौरव को बढ़ाता है ।

## ग्राम पंचायत हरदा में 18 अगस्त को हुआ झूला रथ कार्यक्रम



**सक्ती।** शक्ति विकासखंड के ग्राम पंचायत हरदा में 18 अगस्त को झूला रथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया, इस अवसर पर जहां काफी संख्या में ग्रामवासी मौजूद थे,वहीं ग्राम पंचायत के सरपंच गौरीशंकर यादव ने भी इस अवसर पर उपस्थित होकर पूजा- अर्चना की, साथ ही गौरीशंकर यादव ने ग्राम वासियों को रक्षाबंधन पर्व की भी शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि भगवान श्री कृष्ण की कृपा से एवं आशीर्वाद से हमारा गांव भी खुशहाली की ओर अग्रसर है एवं हम सभी निरंतर वर्ष भर विभिन्न सार्वजनिक तथा धार्मिक कार्यक्रम के आयोजन में भी सहभागीता करते हैं, वहीं इस अवसर पर ग्राम वासियो में भी काफी उत्साह दिखा।

# कुंवारे बेटे की शादी की चिंता करने वाली मां पर ही बेटे ने कर दिया प्राण घातक हमला

पायनियर संवाददाता सक्ती
www.dailypioneer.com



शादी करने की बात पर अपनी मां को प्राणघातक हमला करने वाला पुत्र गिरफ्तार हुआ है, पीड़िता का पुत्र दीपक कुमार श्रीवास पिता रामजी श्रीवास उम्र 28 साल साकिन आमापाली मोहल्ला जैजैपुर थाना जैजैपुर का थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि प्रार्थी दो भाई एक बहन, दीपक, प्रकाश, ज्योति है । ज्योति करीबन 2 वर्ष पूर्व मृत हो चुकी है। दोनो भाईयों का शादी नहीं हुआ है इसके पिता जी विगत 02 वर्ष पूर्व से लकवा ग्रसित है घर के खाट में सोया रहता है। इसकी मां घरेलू कार्य करती है। 18.08.2024 को प्रार्थी जैजैपुर से कावर यात्रा पर चंद्रपुर महानदी से जल भरकर जैजैपुर के लिये निकले थे डभरा पहुंचे थे कि इसके गाव के एक व्यक्ति ने इसके पास आकर बताया कि जैजैपुर अस्पताल से फेन आया है तुम्हारी मां पुन्ना बाई को तुम्हारा छोटा भाई प्रकाश श्रीवास ने घर में बसुला से करीबन 01.30 बजे सिर में प्राणघातक हमला कर हत्या करने की नियत से गंभीर चोट पहुंचाया है। जैजैपुर अस्पताल में भर्ती किया गया है जल्दी आ जाओ कहने पर यह जैजैपुर अस्पताल आया। देखा इसकी मा पुन्ना बाई अस्पताल में भर्ती थी जिसके बाये कान, सिर के पीछे भाग में दो जगह काफी गहरा चोट था खून निकल रहा था ईलाज चल रहा था इसकी मा को पूछने पर ईशारा से बतायी लेकिन कुछ नहीं बोल सकी। प्रार्थी कि रिपोर्ट दर्ज कर आहिता का मुलाहिजा कराया गया। जो डाक्टर साहब द्वारा आहिता को गंभीर चोंट लगने पर जिला अस्पताल जांजगीर रिफर कर सीटी स्केन कराने की राय दिये है। मामला गंभीर किस्म का होने से पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा (भा.पु.से)अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रमा पटेल (रा.पु.से), एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) सक्ति मनीष कुंवर (रा.पु.से.) के द्वारा आरोपी को तत्काल गिरफ्तार करने का निर्देश दिया गया जिसके परिपालन में आरोपी की पता तलाश कर रहे थे कि आरोपी अपने घर में था जिसे अभिरक्षा में लेकर पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा अपने मां को मेरा शादी कर दो बोलने पर उसकी मां के द्वारा तुम्हारा बड़ा भाई का पहले शादी करेंगे उसके बाद तुम्हारा शादी करेंगे कहने पर अपनी मां पुनना बाई श्रीवास को जान से मारने के नियत से बाउंसला से सिर में प्राण घातक हमला कर प्रहार करना स्वीकार किया।

## उमा राजेन्द्र राठौर ने कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक से की शिकायत

# लछनपुर के राजस्व रिकार्ड में हेराफेरी कर शासकीय जमीन को बैचने का आरोप

पायनियर संवाददाता जांजगीर-चाम्पा
www.dailypioneer.com



राजस्व रिकार्ड में हेराफेरी कर शासकीय जमीन में अवैध प्लाटिंग कर उसे टुकड़ो में बैचने का शिकायत जिला पंचायत जांजगीर-चाम्पा के सदस्या एवं भाजपा नेत्री उमा राठौर ने कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक से करते हुए दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की मांग की हैं। अपने शिकायत में राठौर ने बताया कि चाम्पा के समीपस्थ ग्राम लछनपुर के निवासियों द्वारा जानकारी प्राप्त हुई कि मेसर्स नारायणी डेव्हलपर्स सहभागीदार, महेश कुमार मोदी पिता निवास मोदी, कंवलजीत कौर सलूजा पति अमरजीत सिंह सलूजा, आनंद सोनी पिता बृजमोहन सोनी, दीपक कुमार अग्रवाल पिता नवरंगकुंज अग्रवाल द्वारा ग्राम लछनपुर बिरगहनी (च) तहसील जांजगीर, मिसल नक्शा में दर्ज शासकीय सड़क खसरा नंबर 1083, 1087, 1084/4 रकबा क्रमशः 0.61, 0.92 एवं 3.25 एकड़ भूमि स्थित हैं को राजस्व अभिलेख में हेरफेर कर अवैध प्लाटिंग कर भूमि का टुकड़ों में विक्रय कर मोटी रकम प्राप्त कर रहे है तथा खरीद-फरोक का धंधा भी किया जा रहा है एवं उक्त शासकीय भूमि को अवैधानिक रूप से निजी भूमि के रूप में विलय कर लिया गया है एवं शासन को करोड़ों की क्षति पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। जिला पंचायत सदस्य उमा राजेंद्र राठौर द्वारा विगत 24 मई 2024 को माननीय नायब तहसीलदार जांजगीर के न्यायालय में भी उक्त ग्राम लछनपुर स्थित भूमि के अवैध रूप से खरीद-फरोत व प्लाटिंग किये जाने के संबंध में दस्तावेज सहित आवेदन प्रस्तुत की है जिसमें न्यायालय द्वारा 14 जून 2024 को महेश कुमार मोदी, कंवलजीत कौर, दीपक कुमार अग्रवाल एवं आनंद सोनी के विरुद्ध स्थगन आदेश जारी कर बिक्री रुकवाई गई हैं। न्यायालय द्वारा हल्का पटवारी लछनपुर से जाँच प्रतिवेदन भी उक्त भूमि के संबंध में मंगाया गया द्वारा हल्का पटवारी द्वारा स्पष्ट रूप से प्रतिवेदित किया हैं कि भूमि खसरा नंबर है। जिसमें हल्का 1.315 हेक्टेयर मिसल में दर्ज है जिसमें 1084/4 का अतिरिक्त बटाकंन होकर दर्ज है जो मिसल रकबे से 0.324 हेक्टेयर अधिक रकबा है तथा भूमि खसरा नंबर 1084/4 को शुन्य किये जाने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया है। भूमि खसरा नंबर 1120 1121, 1122 रकबा क्रमशः 0.020, 0.045, 0.045 हेक्टेयर भूमि पूर्व में घास भूमि उल्लेखित करते हुए भी प्रतिवेदन प्रस्तुत की हैं साथ ही खसरा नंबर 1087 रकबा 0.373 हेक्टेयर भूमि मिसल में घास भूमि (रास्ता) के रूप में दर्ज होना व्यक्त करते हुए प्रतिवेदन प्रस्तुत न्यायालय में की गई है। अपने आवेदन में जिला पंचायत सदस्या ने बताया कि आवेदिका जनप्रतिनिधि होने के नाते अपने दायित्वों का पालन करते हुए शासन, प्रशासन को इस आवेदन के माध्यम से ग्राम लछनपुर में हो रहे अवैध प्लाटिंग एवं खरीद-फरोक तथा शासकीय भूमि को भूमि स्वामी के रूप में हो रहे विलय को रोके जाने के समक्ष प्रस्तुत करती है। साथ ही तत्कालीन नायब तहसीलदार जांजगीर और पटवारी, आर आई, व उप पंजीयक जमीन की खरीदी करने वाले महेश कुमार मोदी, कंवलजीत कौर, दीपक कुमार अग्रवाल एवं आनंद सोनी और फर्जी तरीके से पर्ची बना कर बेचने वाले छोटे लाल अग्रवाल के विरूद्ध उचित दाण्डिक कार्यवाही करते हुए अवैध रूप से शासकीय भूमि को किये गये स्वामी हक विलय कर राजसात किये जाने की मांग करते हुए दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करते हुए उचित कार्यवाही की मांग की हैं।

**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड**
(तत्कालीन कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित)
IDFC FIRST Bank
सीआईएनः L65110TN2014PLC097792
पंजीकृत कार्यालयः केआरएम टावर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चेन्नई – 600031
फोनः +91 44 4564 4000 । फैक्सः +91 44 4564 4022

**परिशिष्ट IV (नियम 8(1)**
**कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति हेतु)**

जबकि अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के तहत **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (तत्कालीन कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित)**, का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए **उधारकर्ता, सह-उधारकर्ता और गारंटर 1. पुनाउ भारती, 2. रूपेश कुमार भारती, को मांग नोटिस दिनांक** 09.03.2024 **को जारी किया गया था, जिसमें सूचना में उल्लेखित बकाया राशि रू. 5,31,317.57 (रु. पाँच लाख इकतीस हजार तीन सौ सत्रह और पैसे सत्तावन मात्र) दिनांक 09.03.2024 तक** उक्त नोटिस की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अन्दर भुगतान करने को कहा गया था।

उधारकर्ता उक्त राशि का भुगतान करने में असफल हो गये हैं इसलिये एतद्द्वारा उधारकर्ता तथा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने सम्पत्ति का सांकेतिक कब्जा उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 की उप धारा(4) के अधीन उन्हें प्रदत्त शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए इसमें नीचे वर्णित सम्पत्ति का **कब्जा दिनांक 14.08.2024** को ले लिया है।

उधारकर्ता को विशेष रूप से और सर्वसाधारण को सामान्य रूप से चेतावनी दी जाती है कि वे निम्न सम्पत्ति के साथ लेन-देन न करें तथा सम्पत्ति के साथ कोई भी लेन-देन **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (तत्कालीन कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित) के प्रभार वास्ते बकाया राशि रू. 5,31,317.57 (रु. पाँच लाख इकतीस हजार तीन सौ सत्रह और पैसे सत्तावन मात्र) और भविष्य का ब्याज इत्यादि सहित के अधीन होगा।**

उधारकर्ता का ध्यान एक्ट की धारा 13 की उप धारा (8), के प्रावधानों के अंतर्गत सुरक्षित परिसंपत्तियों के मुक्त करने हेतु उपलब्ध समय सीमा की ओर आकर्षित किया जाता है।

**अचल सम्पत्ति का विवरण**

**सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि** प्लॉट नं. 555, आबादी भूमि खसरा नं. 1848, क्षेत्रफल 1900 वर्ग फीट, मौज़ा गुल्लू, पी.एच.नं. 53, आर.आई.सी.-आरंग, तहसील आरंग, जिला रायपुर, छत्तीसगढ़-493441, तथा, चौहद्दीः पूरब में - गली रास्ता, पश्चिम में - आनंदराम का मकान, उत्तर में - लीलाधर का मकान, दक्षिण में - जितेंद्र का मकान

**हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी**
**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड**
(तत्कालीन कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित)

**दिनांकः 14.08.2024**
**स्थानः रायपुर**
**ऋण खाता नं. 73368639**

# लॉज में देह व्यापार... शिकायत पर कार्रवाई का इंतजार, जो वीडियो सौंपा उसमें सारे सबूतों का दावा

## शहर के भीतर वेश्यावृत्ति के मामले, पखवाड़े भर पहले कोतवाली प्रभारी से की थी शिकायत

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

शहर में देह व्यापार की सूचनाओं और शिकायतों पर पुलिस एक्शन नहीं ले रही है। तकरीबन पखवाड़े भर पहले पुराना बस स्टैंड के पास मौजूद लॉज में देह व्यापार की शिकायत कोतवाली पुलिस से की गई थी। लिखित शिकायत के साथ शिकायतकर्ता ने कोतवाली प्रभारी एमन साहू को गैरकानूनी गतिविधियों के संबंध में एक वीडियो सौंपे जाने की भी बात कही है। इधर, मोहल्ले वासी भी यहां मौजूद लॉज में अनैतिक गतिविधियों की शिकायत करते आ रहे हैं। इसके बाद भी कोतवाली पुलिस ने मामले पर किसी तरह की कार्रवाई नहीं की है।



**07 अगस्त को कोतवाली थाना प्रभारी को शिकायत सौंपी गई थी।**

पुराना बस स्टैंड शराब और शबाब के गोरखधंधे का ठीहा माना जाता है। यहां देह व्यापार की शिकायतें पुरानी है। नवंबर, 2022 में चंद्रा लॉज और कैलाश लॉज से 9 युवतियों सहित 18 लोगों को संदिग्ध अवस्था में पकड़ा गया था। तब कोतवाली पुलिस की यह कार्रवाई काफी चर्चा में रही थी। पुराना बस स्टैंड के अलावा भी कोतवाली थाना क्षेत्र के कुछ होटल और लॉज में इस तरह की अनैतिक गतिविधियों की शिकायतें आम हैं। शहर के बीच एक होटल में देह व्यापार के आरोपों को लेकर हंगामा भी मच चुका है। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने कहा कि, इस तरह की शिकायतों को गंभीरता से लिया जाएगा। पुलिस इस ओर बेहतर कार्य कर रही है। ऐसी किसी भी गतिविधि के लिए दोषियों पर सख्त कार्रवाई होगी। वहीं इस शिकायत के संदर्भ में नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र नायक ने जानकारी लेने की बात कही है।

अपनी शिकायत को लेकर शमसूल का कहना है, मैंने लॉज में चल रही अनैतिक गतिविधियों के वीडियो बनाकर रखे हैं। ऐसा ही एक वीडियो मैंने कोतवाली थाना प्रभारी एमन साहू को भी उपलब्ध करवाया था ताकि वे इस साक्ष्य के बिनाह पर कार्रवाई करें। ज्ञापन सौंपे जाने पर उन्होंने इस मामले में जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया था। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। शमसूल का कहना है कि, वे अब यह मामला लेकर सीधे आईजी के पास जाएंगे।

### 13 दिनों पहले हुई थी शिकायत

बहरहाल, 7 अगस्त को जोगी कांग्रेस के शमसूल आलम ने कोतवाली पहुंचकर एक ज्ञापन कोतवाली थाना प्रभारी को सौंपा था। इस ज्ञापन में शिकायतकर्ता ने दावा किया था कि, पुराना बस स्टैंड स्थित लॉज में बाहर से युवतियों को बुलाकर देह व्यापार करवाया जा रहा है। उन्होंने इसका विडियो बतौर साक्ष्य मौजूद होने की भी जानकारी दी थी। यही नहीं इस इलाके में अवैध शराब बिक्री किए जाने का भी उल्लेख शिकायत में दर्ज है।

### वीडियो में क्या है

शिकायतकर्ता के मुताबिक कोतवाली थाना प्रभारी को सौंपे गए वीडियो में लॉज के भीतर चल रही अनैतिक गतिविधियों के प्रमाण थे। इसमें बाहर से युवतियों को बुलाए जाने सहित उनका सौदे ग्राहक भी नज़र आ रहे हैं। इसमें लॉज संचालक या वहां के मैनेजर भी नज़र आ रहे हैं। इस तरह की गतिविधियों पर ऐसी प्रमाणित शिकायत अब तक सामने नहीं आई थी। शिकायतकर्ता ने बताया कि, ऐसे कुछ और भी वीडियो सामने आए हैं जिसकी जानकारी थाना प्रभारी को दी गई है।

## भारतरत्न राजीव गांधी को कांग्रेस की श्रद्धांजलि

पायनियर संवाददाता < डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

आधुनिक भारत के स्वप्नदृष्टा, पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्व. राजीव गांधी का 80वॉं जन्मदिवस 20 अगस्त को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी डोंगरगांव द्वारा मनाया गया। सर्वप्रथम राजीव गांधी चौक में पहुंचकर स्वर्गीय गाँधी की प्रतिमा में माल्यार्पण कर भावांजलि दी। उपरांत कांग्रेस कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा आहुत कर बुलाई गई राजीव के जीवनदर्शन पर गोष्ठी आयोजित की। कांग्रेसजनो ने कांग्रेस भवन में श्रद्धांजलि भी दी। इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष चेतन साहू, वरिष्ठ कांग्रेसी देशराज जैन, जनपद अध्यक्ष टिकेश साहू, विरेंद्र बोरकर, ललित लोढ़ा, संध्या साहू, सतीश वैष्णव, अजीत जैन, अखिलेश नखत, गणेश साहू, वैशाली बोरकर, श्रुति शुक्ला, अरुणा देवांगन, लीलम गोस्वामी, प्रियंक जैन, लेखू राम देवांगन, सोमन साहू, रितेश राजपूत, कुंभ जोशी सहित अन्य कांग्रेसी उपस्थित थे।



### कलेक्टर ने सुनी समस्याएं ,नियमानुसार निराकरण करने के दिए निर्देश

**खैरागढ़।** कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने सभी जिला स्तरीय अधिकारी की उपस्थिति में बारी-बारी से जिले के आवेदकों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों को नियमानुसार शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। जनदर्शन में आज जिले के विभिन्न दूरस्थ क्षेत्रों से आने वाले आवेदको ने अपनी समस्याओं, मांगो और शिकायतों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किये। आज जनदर्शन में ग्राम जंगलपुर निवासी कुम्भ लाल विश्वकर्मा द्वारा पीएम आवास योजना अंतर्गत आवास दिलाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया। इसी प्रकार नया टिकरापारा खैरागढ़ की मती सुधा यादव ने नौकरी दिलाने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया। विकासखंड छुईखदान ग्राम बसगिरा के पच द्वारा प्राथमिक शाला भवन के मरम्मत करने हेतु आवेदन पत्र जमा किया गया। कलेक्टर ने प्राप्त सभी आवेदनों को पूरी गंभीरता से सुनते हुए सभी संबंधित विभागों को उचित कार्यवाही करते हुए प्राथमिकता के साथ समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिये हैं।

## चेंबर ऑफकॉमर्स ने मांगी व्यापारियों के लिए सुरक्षा

### भारत बंद के आह्वान को समर्थन नहीं



पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

21 अगस्त को अनुसूचित जाति/जनजाति संयुक्त संघर्ष मोर्चा द्वारा बुलाए गए भारत बंद से चेंबर ऑफ कॉमर्स ने खुद को अलग कर लिया है। व्यापारियों के संगठन ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर सूचना दी है कि वे इस बंद के आह्वान का हिस्सा नहीं है। अलबत्ता उन्होंने बुधवार को इस प्रदर्शन के बीच प्रतिष्ठानों के संचालन को लेकर किसी तरह की प्रतिकूल स्थिति निर्मित होने के अंदेशे को लेकर सुरक्षा की मांग की है। चेंबर ऑफ कॉमर्स के जिला अध्यक्ष शरद अग्रवाल के साथ अन्य पदाधिकारियों ने इस विषय को लेकर कलेक्टर व एसपी को ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने जानकारी दी है कि, वाट्सएप्प में नवाब सतपाल तंवर के नाम से बंद के आह्वान की सूचना प्रसारित की जा रही है। व्यापारियों ने आशंका जाहिर की है कि, बंद के आह्वान के लिए प्रतिष्ठानों को बंद रखने के लिए दबाव बनाया जा सकता है। इससे प्रतिकूल स्थिति निर्मित हो सकती है। उन्होंने व्यापारियों की सुरक्षा हेतु समुचित व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने की मांग की है।

## स्वतंत्रता दिवस पर होनहार विद्यार्थी सम्मानित



पायनियर संवाददाता < डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

जनपद पंचायत क्षेत्र के ग्राम सुखरी प्राथमिक शाला में 78 वे स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि जनपद सभापति मती चंद्रिका सोनकर ने ध्वजारोहण किया। इस मौके पर 5वीं, 8वीं, 10वीं एवं 12 वीं में उत्कृष्ट अंक अर्जित करने वाले विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि मती चंद्रिका रोहित सोनकर थीं। अध्यक्षता भीष्म तिवारी ने की। समारोह दौरान 12 वीं के नुमेश साहू 84 फीसदी, 10वीं के कुलदीप साहू, गायत्री गोस्वामी, हिमांशी साहू, रोहित धनकर, 8वीं से भावना शर्मा, नीतू धनकर, लालिमा साहू, कुमकुम साहू, हिमांशी साहू, उर्वसी साहू, 5वीं से दिव्यांशु शर्मा, वर्षा, चित्ररेखा, आदित्य, मौली, गरिमा, हर्षिका को सम्मानित किया गया। इस मौके पर रोहित सोनकर, ग्राम प्रमुख हरिराम साहू, सीएल हिरवानी, निर्भय साहू, बसन्त साहू, समन्वय रात्रे व प्रधान पाठिका सपना भारद्वाज सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

## अलग-अलग सड़क हादसों में दो शिक्षकों की मौत
### मवेशी से टकराई बाइक, कार पेड़ से जा भिड़ी

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

रक्षाबंधन के दिन राजनांदगांव और मोहला-मानपुर जिले के रहने वाले दो शिक्षकों की अलग-अलग सडक् हादसे में मौत हो गई। सोमवार को दोपहर बाद हुए इन हादसों में एक शिक्षक की मौत की वजह सडक् पर बैठे मवेशी बने, वहीं तेज रफ्तार कार को नियंत्रित करने में नाकाम होने से खैरागढ़ शहर के नजदीक राजनांदगांव के शिक्षक की पेड़ से टकराने से जान चली गई।

मिली जानकारी के अनुसार खैरागढ़ शहर के समीप दपका यात्री प्रतिक्षालय के पास राजनांदगांव के भर्रेगांव के रहने वाले शिक्षक मुकेश बिदानी अपनी कार से खैरागढ़ की ओर जा रहे थे। दपका मोड़ के पास यात्री प्रतिक्षालय से सटे एक पेड़ से कार तेज गति में टकरा गई। शिक्षक खुद अपनी कार चला रहा था। स्टेयरिंग का हिस्सा सीधे पेड़ से टकराया। जिसके चलते शिक्षक की मौके पर ही मौत हो गई।

इधर, डोंगरगांव के कोल्हाड़ के रहने वाले व्याख्याता लकेश भंडारी मोटर साइकिल से अंबागढ़ चौकी जाने निकले थे। मेरेगांव के पास सडक् पर बैठे मवेशी से शिक्षक की बाईक टकरा गई। बताया जाता है कि बाईक के नजदीक पहुंचते ही मवेशियों का झुंड अचानक खड़ा हो गया।

इससे हड़बड़ाए शिक्षक की बाईक एक मवेशी से टकरा गई। हादसे में शिक्षक को गंभीर चोट पहुंची। घायल हालत में उन्हें राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज लाया गया, जहां से उन्हें रायपुर भेज दिया गया। उपचार के दौरान शिक्षक ने वहां दम तोड़ दिया।

## महिला मोर्चा ने सुरक्षा बल के जवानों की कलाईयों में बांधा रक्षासूत्र

पायनियर संवाददाता < अंबागढ़ चौकी
www.dailypioneer.com

जिला भाजपा महिला मोर्चा ने जवानों के बीच जाकर उन्हें रक्षासूत्र बांधकर रक्षाबंधन का पर्व मनाया। जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष मती कमलेश सारस्वत के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में संगठन की पदाधिकारी व सदस्य पानाबरस स्थित सुरक्षा बलों के कैंप पहुंची थीं। इसके बाद उन्होंने अंबागढ़ चौकी स्थित पुलिस थाने में भी अधिकारियों और जवानों को राखी बांधकर अपना स्नेह प्रकट किया। जिला अध्यक्ष मती कमलेश सारस्वत ने कहा कि, हमारी सुरक्षा के लिए चौबीसों घंटे



तत्पर रहने वाले हमारे भाई ऐसे महत्वपूर्ण पर्व पर भी अपने घर नहीं पहुंच पाते। कईयों बहनों की राखियां भाईयों की कलाईयों में सज नहीं पाती। घर में उनकी राह तकी जाती है लेकिन वे अपने कर्तव्य पर डटे रहते हैं। ऐसे हमारे जवानों को रक्षा बंधन के मौके पर रक्षासूत्र बांधने का निर्णय हमने लिया। उन्होंने बताया कि, सोमवाी की सुबह मोर्चा की महिलाएं पानाबरस स्थित आईटीबीपी कैंप पहुंची। यहां हमने कैंप में मौजूद अधिकारियों सहित जवानों को राखी बांधी। भाईयों ने अपने अनुभव और बचपन के किस्से साथ साझा किए। मुंह मीठा करवा कर, बल-विवेक की कामना के साथ तिलक कर उन्हें बहनों ने रक्षासूत्र बांध। इसी तरह अंबागढ़ चौकी स्थित पुलिस थाने में भी महिला मोर्चा की बहनों ने जवानों को राखी बांधी। इस दौरान जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष मती कमलेश सारस्वत के साथ ही सत्यभामा सलामे, ईश्वरी धुर्वे, लता मंडावी, सुनीता, कुंजलता सहित अन्य पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहीं।

### नितिन डोंगरे को पुत्री शोक



**राजनांदगांव।** मीडियाकर्मी नितिन डोंगरे को पुत्री शोक हुआ है। उनकी 4 वर्षीय पुत्री उन्नति डोंगरे का सोमवार की रात्रि निधन हो गया। वह बीते कुछ समय से अस्वस्थ थी। मंगलवार की सुबह 11 बजे मोतीपुर स्थित मुक्तिधाम में बौद्ध संप्रदाय के रीति-रिवाजों के साथ बालिका का अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान मौजूद परिजनों, सामाजिक जनों व शुभचिंतकों व सहकर्मियों ने इस शोक की घड़ी में परिवार को संबल प्रदान करने व देह त्याग चुकी आत्मा की सदगति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

## फर्जी ट्रेडिंग एप के झांसे में आया सराफा व्यापारी, 3 करोड़ 40 लाख की ठगी

### बसंतपुर थाने में दर्ज हुई एफआईआर, वाट्सएप ग्रुप से झांसे में फंसा

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



शहर के सराफा व्यापारी से शेयर ट्रेडिंग के नाम पर 3 करोड़ 40 लाख 95 हजार रुपए की ठगी हो गई है। आरोपियों ने वाट्सएप्प ग्रुप के माध्यम से एक लिंक प्रोवाईड कराई थी। प्रार्थी ने इस लिंक पर एक कथित ट्रेडिंग एप डाउनलोड किया जिसमें उसने अलग-अलग मौकों पर लाखों की रकम जमा की। इस बीच प्रार्थी ने महज एक बार कुछ रुपए विथड्राल किए। उसने अधिक लाभ के लालच में रकम वापस लेने की कोशिश नहीं की। इस बीच कुछ महीनों बाद यह एप अचानक बंद हो गया। खुद से ठगी का एहसास होने के बाद प्रार्थी ने बसंतपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई है। सीएसपी पुष्पेंद्र नायक ने बताया कि, शेयर मार्केट में अधिक लाभ का झांसा देकर ठगी हुई है। पीड़ित राहुल जैन (33) निवासी दुर्गा चौक ने लिखित शिकायत की है कि वॉट्सऐप ग्रुप पर स्टॉक मार्केट ट्रेडिंग कंपनी का लिंक भेजकर वेबसाइट के जरिए खाता खुलवाया गया। ठगों ने ज्यादा मुनाफा बताते हुए अलग-अलग खातों में 25 जुलाई से लेकर 9 अगस्त तक 3 करोड़ 40 लाख 95 हजार रुपए जमा करा लिए। फर्जी तरीके से ऑनलाइन ट्रेडिंग के मामले में आए दिन लोग शिकार हो रहे हैं। युवा वर्ग ऑनलाइन ट्रेडिंग के मामले में फंसकर अपने घर की कमाई को भी नुकसान कर रहे हैं। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए अज्ञात आरोपी के खिलाफ 318 (4), 3 (5) भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अपने स्तर पर लोगों से पूछताछ शुरू कर दी है।

### लंबित प्रकरणों का निर्धारित समयसीमा में निराकरण सुनिश्चित करें : कलेक्टर

## बैठक में बिना सूचना के अनुपस्थित अधिकारियों को नोटिस जारी

पायनियर संवाददाता < खैरागढ़
www.dailypioneer.com



कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने साप्ताहिक समय सीमा की बैठक ली। बैठक में कलेक्टर ने विभिन्न विभागों के कार्यों की गहन समीक्षा की और लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए प्रगतिरत कार्यों को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण गुणवत्ता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि पीएम जनमन योजना के अंतर्गत जिले के पीवीटीजी परिवारों को योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए जिला स्तरीय मेगा ईवेंट का आयोजन किया जाना है। उन्होंने शिविर के बेहतर क्रियान्वयन के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि इस मेगा ईवेंट के माध्यम से पीवीटीजी परिवारों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाया जाएगा, जिससे उनके जीवन में सुधार हो सके। शिविर के आयोजन के लिए संबंधित अधिकारी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करें। कलेक्टर वर्मा ने मुख्यमंत्री जनदर्शन, मुख्यमंत्री जनशिकायत एवं कलेक्टर जनदर्शन में प्राप्त जनशिकायतों, मांगों एवं समस्याओं के निराकरण की विभागवार समीक्षा की और लंबित आवेदनों का निर्धारित समय पर गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नागरिकों की समस्याओं का समाधान जल्द से जल्द करें। आवेदनों के निराकरण में किसी भी तरह की लापरवाही या देरी के लिए संबंधित अधिकारी जिम्मेदार होंगे। कलेक्टर ने मीटिंग में बिना सूचना के अनुपस्थित अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को अपने कार्यों के प्रति जिम्मेदार और जवाबदेह होना चाहिए और मीटिंग में अनुपस्थित रहने के लिए उचित कारण होना चाहिए। कलेक्टर वर्मा ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि अधिकारियों की लापरवाही और अनुपस्थिति के लिए कोई बहाना नहीं चलेगा और सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर अपर कलेक्टर प्रेम कुमार पटेल, एसडीएम खैरागढ़ टंकेश्वर प्रसाद साहू, एसडीएम छुईखदान सु रेणुका रात्रे, उप संचालक कृषि राजकुमार सोलंकी सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## मां शीतला के प्रांगण में स्थापित हुआ त्रिशूल



राजनांदगांव। मानव मंदिर चौक का नाम महाकाल चौक किए जाने के बाद यहां स्थापित किए जाने तैयार किया गया त्रिशूल मां शीतला मंदिर प्रांगण में अनावरित किया गया है। सावन के आखिरी सोमवार को भगवान चंद्रमौलेश्वर की पालकी यात्रा मां शीतला मंदिर से निकली। इससे पहले यहां त्रिशूल की विधि-विधान से स्थापना की गई। इस दौरान सांसद संतोष पांडे, पूर्व सांसद मधुसूदन यादव, महापौर हेमा देशमुख, नीलू शर्मा मौजूद रहे।

# कुनकुरी स्वास्थ्य केंद्र में फार्मासिस्ट की मनमानी, निजी संस्थान अपार इंस्टीट्युट के ट्रेनी विद्यार्थी बांट रहें मरीजों को गलत दवा

## स्थाई फार्मासिस्ट के अभाव में प्रमुख दवा वितरण सुविधा में हो रही गड़बड़ी

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com






जिला मुख्यालय के नजदीकी विकासखंड कुनकुरी में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए आने वाले मरीजों को दवा वितरण किए जाने वाली सुविधा में खामियां सामने आई है।

दरअसल दवा वितरण के लिए सरकार की ओर से अस्पतालों में फार्मासिस्ट के पद की भर्ती की जाती है। जो रसायन विज्ञान के विद्यार्थी होने की वजह से चिकित्सकों के द्वारा दी गई पर्ची का बारीकी से अध्ययन कर मरीजों को उचित दवा देते हैं। लेकिन जानकारी यह सामने आई है कि कुनकुरी स्वास्थ्य केंद्र में इन दिनों फार्मासिस्ट की कमी होने की वजह से निजी संस्थान अपार इंस्टीट्युट के ट्रेनी विद्यार्थी मरीजों को दवा वितरण कर रहे हैं। इन ट्रेनी विद्यार्थियों के द्वारा कई बार उचित दवा भी नहीं दी जा रही है जो चिकित्सकों के द्वारा लिखी जाती है।

**कितना डोज दिया जाए इसपर गड़बड़ी-** विश्वसनीय अधिकारिक सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अपार इंस्टीट्युट के जिन विद्यार्थियों को दवा वितरण के महत्वपूर्ण कार्य में लगाया गया है, उनके द्वारा चिकित्सकों के द्वारा दी गई पर्ची के अध्ययन में गड़बड़ी की जा रही है। दवा का कितना डोज और कितनी एमजी के साथ कितने बार दिया जाना है यह ट्रेनी विद्यार्थी कई बार समझाने में असमर्थ हो रहे हैं। मरीजों को गलत दवा दिए जाने से उनके स्वास्थ्य में विपरीत प्रभाव पड़ने का भी आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता। दरअसल चिकित्सकों की लेखनी को पढ़ना इतना भी आसान नहीं होता कि कोई ट्रेनी उसे पढ़कर सही सही दवा दे सके।

**स्थाई पदस्थापना की जरूररत-**कुनकुरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दवा वितरण काउंटर की देखरेख अपार इंस्टीट्युट के ट्रेनी विद्यार्थियों के साथ नर्सिंग स्टाफ भी होते हैं। वहीं स्टोर रूम के लिए धमेंद्र मिश्रा को पदस्थ किया गया है। फार्मासिस्ट अनुपमा भगत मेटरनीटि लीव पर छुट्टी में है। रनपुर स्वास्थ्य केंद्र की आशा भगत और रनपुर स्वास्थ्य केंद्र के संदीप मिंज को 2-2 दिन ड्युटी देने के लिए निर्देशित किया गया है लेकिन उनके द्वारा अपनी सेवा नहीं दी जा रही है। आवश्यकता के मुताबिक यहां रोजाना 200 से अधिक मरीज इलाज के लिए आते हैं इसलिए नियमित फार्मासिस्ट की पदस्थापना आवश्यक है।

> दवा वितरण के लिए स्थाई फार्मासिस्ट की व्यवस्था को लेकर सीएमएचओ की ओर से आदेश जारी किया गया है। फिलहाल अपार संस्थान के साथ ही नर्सिंग स्टाफ भी रहते हैं।
> **-डॉ. के कुजूर, बीएमओ कुनकुरी**

# नगर पालिका मकान निर्माण की एनओसी के लिए शासकीय

## शुल्क लेने में आगे, सड़क-नाली निर्माण विकास कार्य में पीछे





■ **हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी में राजश्री होटल के पीछे बस गई वैध कॉलोनी, सड़क की मांग**

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

जिला मुख्यालय में चारों ओर तेजी से अधोसंरचना विकास के कार्य हो रहे हैं। आबादी घनत्व बढ़ने के साथ-साथ यहां भवन निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। कॉलोनी निर्माण से पहले नगर पालिका से एनओसी के लिए विधिवत आवेदन देकर विकास उपकर शुल्क भी दिया जा रहा है। बैंक से फायनेंस लेने के लिए और मकान निर्माण के लिए नगर निवेश और नगर पालिका की अनुमति अनिवार्य है। सड़क की जगह होने के बाद ही अनुमति जारी की जाती है। शासकीय शुल्क जमा कराने के बाद नगर पालिका उक्त क्षेत्र में मूलभूत सुविधाएं जिसमें सड़क, नाली और बिजली व्यवस्था प्रमुख होती है उसके विकास का कार्य तेजी से किया जाता है। लेकिन गम्हरिया रोड में हाऊसिंग बोर्ड राजश्री होटल के पीछे बसी वैध कॉलोनी में दर्जनों मकान बन जाने के बाद भी सड़क का निर्माण नहीं कराया जा सका है।

### जहां मकान नहीं वहां बन गई सड़क

नगर पालिका क्षेत्र में कुछ इलाके ऐसे भी हैं जहां अभी मकान बने भी नहीं हैं और सड़क का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। दरबारी टोली से लगे कुछ खेत इसके उदाहरण हैं।

### सीएम को दिया गया है पत्र

हाऊसिंग बोर्ड इलाके में सड़क की मांग को लेकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को भी ज्ञापन मकानवासियों के द्वारा दिया जा चुका है। विकास के कार्य जिले में तेजी से हो रहे हैं इसलिए यहां भी जल्द सड़क निर्माण की उम्मीदें लोग लगाए बैठे हैं।

# सीएसी अब करेंगे सहयोगात्मक प्रवेक्षण एवं अवलोकन

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



5 दिवसीय प्रशिक्षण सपोर्टिव सुपरविजन पर जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान जशपुर मे प्रारंभ हुआ कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वास राव मस्के डिप्टी कलेक्टर एवं जिला शिक्षा अधिकारी भटनागर एवं प्राचार्य डाइट जशपुर एमजेडयू सिद्दीकी की उपस्थिति में प्रारंभ हुआ इस प्रशिक्षण में जशपुर विकासखंड मनोरा विकासखंड कासाबेल एवं बगीचा विकासखंड के संकुल समनवयक शामिल हो रहे प्रशिक्षण की व्यवस्था दो कक्षों में की गई है उक्त प्रशिक्षण में समस्त सीएससी को अकादमिक चुनौतियां, सहयोगात्मक पर्यवेक्षण, एन ई पी 2020, एससीएफ 2024,एवं गणितीय कौशल प्रशिक्षण साथ ही अभ्यास पुस्तिका के माध्यम से भाषा शिक्षण एवं गणितीय शिक्षण एवं कक्षा अवलोकन किस प्रकार से किया जाए एवं किस प्रकार से इनका निर्वाह किया जाए के बारे में प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा विश्वासराव मास्क डिप्टी कलेक्टर ने अपने उद्बोधन में कहा यदि पूर्ण कर्तव्य परंपरायणता से उसे स्थिति में एफएलएन के लक्ष्य को छह माह मे प्राप्त किया जा सकता है। जिला शिक्षा अधिकारी भटनागर ने सभी सीएससी को अपनी सहभागिता देने को देने को कहा। सिद्दीकी ने अपने उद्बोधन में अकादमिक चुनौतियां सहयोगात्मक पर्यवेक्षक किस प्रकार से किया जाए एनईपी 2020 के बारे मे एवं अभ्यास पुस्तिका का उपयोग किस प्रकार से किया जाए जिससे छात्र-छात्राओं से आउटकम 100% प्राप्त हो सके।

# जनदर्शन में सुनी गई आमजनों की समस्याएं

पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com



जिला कलेक्टोरेट में आयोजित जनदर्शन में आमजनों की समस्याएं सुनी गई। अपर कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी ने आमजनों की मांगों एवं समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुनी और निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। जनदर्शन में विकासखण्ड लोरमी के ग्राम लाखासार के धानबाई ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने के लिए आवेदन दिया।

ग्राम नवागांव वेंकट के पवन कुमार राजपूत ने ग्राम सड़क की मरम्मत कराने, ग्राम खैरवार खुर्द के कौशिल्या बाई ने महतारी वंदन योजना का लाभ दिलाने, ग्राम निरजाम के लक्ष्मण साहू ने जन्म प्रमाण पत्र बनाने, मुंगेली विकासखण्ड के ग्राम नवागांव घुठेरा के ग्रामीणों ने विद्युत ट्रांसफार्मर बदलने, ग्राम लछनपुर अ. के संजय ओग्रे ने ग्राम सीसी रोड निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा कराने, पथरिया विकासखण्ड के ग्राम जरेली के दिलीप टण्डन ने ट्रायसायकल दिलाने, ग्राम सरगांव के माधो प्रसाद विश्वकर्मा ने फसल नुकसान का मुआवजा दिलाने सहित अन्य आवेदकों ने अपनी मांगों एवं समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। इस दौरान संयुक्त कलेकटर अजीत पुजारी एवं गिरीश रामटेके, डिप्टी कलेक्टर अजय शतरंज, मुंगेली एसडीएम पार्वती पटेल सहित संबंधित विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

### डॉ. खूबचंद बघेल कृषक रत्न पुरस्कार हेतु आवेदन 31 तक

**मुंगेली।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा डॉ. खूबचंद बघेल कृषक रत्न पुरस्कार हेतु आवेदन 31 अगस्त तक आमंत्रित किया गया है। इच्छुक किसान कार्यालय उप संचालक कृषि से निःशुल्क आवेदन प्राप्त कर सकते हैं। साथ ही अधिक जानकारी के लिए का अवलोकन कर सकते हैं।

# स्वास्थ्य केंद्र कुनकुरी में सफलतापूर्वक हुआ सी सेक्शन ऑपरेशन, माता और बच्ची दोनों स्वस्थ

## ग्रामीण अंचलों में पहुंचने लगी है बेहतर स्वास्थ्य सुविधा

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार दूरस्थ क्षेत्रों में होने से इसका लाभ यहां के लोगों को मिलने लगा है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुनकुरी में एचआरपी गर्भवती महिला का सफलतापूर्वक सी सेक्शन ऑपरेशन किया गया। ऑपरेशन के बाद माता और उनकी बच्ची दोनों स्वस्थ है। जन्म के बाद बच्चे का वजन 2 किलो 500 ग्राम है। ऑपरेशन जिला से आए टीम एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुनकुरी की टीम के द्वारा किया गया। ऑपरेशन गाइनेकोलॉजिस्ट डॉक्टर कलावती, डॉक्टर ब्राडिना छाया नायक डीजीओ , डॉ संदीप भगत एनेस्थीसिया, डॉ किरन्ति कुजूर बीएमओ, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. विकास कुमार सिंह एवं जिला चिकित्सालय और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुनकुरी के स्टाफ के संयुक्त प्रयास से किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुनकुरी में इस प्रकार से यह दूसरा सफल सी सेक्शन ऑपरेशन किया गया है

# रामचंद्रपुर बीईओ के जांच रिपोर्ट पर डीईओ ने एक प्रधान पाठक को जेडी से कराया निलंबित

पायनियर संवाददाता ➤ रामानुजगंज
www.dailypioneer.com




रामचंद्रपुर विकासखंड के शासकीय माध्यमिक शाला कोईरीटोला में प्रधान पाठक को निलंबित करते हुए दो भृत्य का सिविल सेवा आचरण नियम का हवाला देते हुए एक वेतन वृद्धि असंचयी प्रभाव से एतद्वारा प्रतिबंधित किया गया है। विभागीय सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार संभागीय संयुक्त संचालक शिक्षा सरगुजा संभाग अम्बिकापुर के पत्र कमांक 1173 निलंबन शिकायत सं.संचा 2024 कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी बलरामपुर के पत्र क्रमांक 3796 शिकायत जॉच स्कूल शिक्षा 2024-25 के द्वारा प्रस्तुत जॉच प्रतिवेदन के अनुसार एम.डी.पाण्डेय प्रधान पाठक के द्वारा विद्यालयीन छात्रों से अपने निजी वाहन की धुलाई करवाने एवं विद्यालय में प्रशासनिक नियंत्रण नही रख पाने के आरोप में प्रथम दृष्ट्या दोषी पाये जाने के फल स्वरूप छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम - 3 (1) (एक) (दो) (तीन) के उल्लंघन का दोषी पाए जाने के कारण छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 9 (1) (क) के तहत् एतद् द्वारा तत्काल प्रभाव से शासकीय सेवा से निलंबित किया जाता है। और उनके निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी साथ ही इनका मुख्यालय कार्यालय विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी कुसमी नियत किया जाता है। वही दो भत्य के बारे में जिला शिक्षा अधिकारी के पत्र कमांक 3846 मे कहां गया है कि सम्बंधित के द्वारा स्पष्टीकरण संतोष प्रद एवं समाधान कारक नहीं पाये जाने के फलस्वरूप सिविल सेवा आचरण नियम (वर्गीकरण तथा अपील) 1966 में निहित प्रावधान के तहत सम्बंधित की एक वेतन वृद्धि असंचयी प्रभाव से एतद्वारा प्रतिबंधित किया जाता है।

# रक्षाबंधन पर अटूट रहा खारुन गंगा महाआरती का बंधन



पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

रायपुर के महादेव घाट में करणी सेना प्रमुख छ.ग. एवं खारुन गंगा महाआरती समिति के संस्थापक वीरेन्द्र सिंह तोमर के नेतृत्व में निरंतर क्रम में 22वीं बार श्रावण पूर्णिमा के अवसर पर खारुन गंगा महाआरती की गई। निरंतर 02 वर्षों से एक परंपरा की तरह अटूट रूप से प्रतिमाह पूर्णिमा की संध्या को होने वाली खारुन गंगा आरती का यह बंधन रक्षाबंधन के पावन अवसर पर भी अटूट रहा। जहाँ एक ओर शहर भर में राखी बँधवाने हेतु भाई-बहनों के मेल-जोल का सिलसिला लगातार चलता रहा वहीं शाम 05 बजे से रायपुर के सांस्कृतिक केंद्र महादेव घाट ने भी पुनः अपना दिव्य स्वरूप ग्रहण किया और खारुन गंगा महाआरती से अपनी दिव्य छटा पुनः चहुँ ओर प्रसारित कर दी। प्रशिक्षित ब्राह्मणों द्वारा पूरे विधि विधान से मंत्रोचारण के साथ आरती का आगाज़ हुआ। कार्यक्रम के दौरान रायपुर के सुप्रसिद्ध भजन सम्राट लल्लू महाराज के भजनों ने श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। इस महीने की आरती में प्रमुख यजमान की भूमिका में प्रसिद्ध समाजसेवी बजरंग अग्रवाल की उपस्थिति रही। श्रावण मास के अंतिम सोमवार के अवसर पर बाबा हटकेश्वर महादेव के भक्तों का घाट पर ताँता लगा रहा एवं बृहद संख्या में श्रद्धालुओं ने खारुन गंगा महाआरती में भाग लिया एवं आरती के पश्चात् खीर प्रसादी ग्रहण करके श्रद्धा भाव के साथ प्रस्थान किया। खारुन गंगा आरती समिति के प्रमुख वीरेन्द्र सिंह तोमर बताते हैं कि उन्होंने 2 वर्ष पूर्व सनातन धर्म के प्रसार, सामाजिक एकता एवं पर्यावरण संरक्षण जैसे मुद्दों को ध्यान में रखते हुए एक छोटे से विचार के साथ इस महाआरती का आगाज़ किया जिसने जनभागीदारी से देखते ही देखते इतना विशाल रूप ले लिया कि अपने नाम 4-4 विश्व कीर्तिमान दर्ज कर लिए और साथ ही पूरे छत्तीसगढ़ की कीर्ति विश्व भर में प्रसारित करने का सुदृढ़ माध्यम बन गई है। छत्तीसगढ़ के सांस्कृतिक पर्यटन के रूप में भी अब यह महाआरती जानी जाने लगी है जिसे तोमर अपनी सबसे बड़ी सफलता बताते हैं।

# विधायक मोतीलाल साहू ने सी सी रोड एवं नाली निर्माण कार्य का किया भूमिपूजन

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



यतियतन लाल वार्ड क्रमांक 04 के अंतर्गत विभिन्न मार्गों के सी सी रोड एवं नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन विधायक मोतीलाल साहू के करकमलों द्वारा सम्पन्न हुआ, जिसमें उपस्थित रायपुर ग्रामीण के पूर्व विधायक नंद कुमार साहू भाजपा जिला अध्यक्ष जयंती पटेल यतियतनलाल वार्ड क्रमांक 04 के पार्षद टेशू नंदकिशोर साहू पार्षद प्रतिनिधि नंद किशोर साहू वीर शिवाजी वार्ड क्रमांक 16 के पार्षद गोदावरी गज्जू साहू पार्षद प्रतिनिधि गज्जू साहू बाल गंगाधर तिलक वार्ड क्रमांक 18 के पार्षद कामनी पुरषोत्तम देवांगन पार्षद प्रतिनिधि पुरषोत्तम देवांगन जी वरिष्ठ भाजपा नेता कृष्णा साहू कल्याणी साहू भोला राम वर्मा विनय साहू हेमंत कौशल गुड्डू निषाद सेवक राम विश्वकर्मा उत्तम साहू जिधन निषाद प्रीतम ठाकुर नरेंद्र कुमार तिवारी गोपी साहू बिट्टू मानिकपुरी प्रकाश दास मानिकपुरी विकास साहू अशोक पाल धीमान सेन सुरेश पटेल मनोज जोशी एवं वार्ड के गणमान्य नागरिक की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।

## ग्लोबल वार्मिंग, हीटवेव और वायु प्रदूषण के लिए शहरों में रहेगा सबसे कारगार

# मनेंद्रगढ़ वनमण्डल ने एक साथ 5 मियावाकी वृक्षारोपण कर मिनी फारेस्ट बनाया









पायनियर संवाददाता ➤ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com

एमसीबी कलेक्टर कार्यालय परिसर में वन महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन वन विभाग द्वारा किया गया। आयोजन में कैबिनेट मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने मियावाकी पद्धति के माध्यम से परिसर में पौधारोपण कर वन महोत्सव का शुभारंभ फीता काटकर किया।उक्त परिसर में 2,500 पौधे 1×1 मीटर के अंतराल में लगाये गये है।इसके अलावा शहर के 4 और जगह पे मियावाकी पद्धति से रोपण किया गया है।अगले वर्ष ऐसी ख़ाली पड़ी जमीनो पे 25 और जगह मिनी फारेस्ट बनाने की योजना है। अर्बन हीट आइलैंड और हीट वेव से निबटने में साबित हो सकता है गेमचेंजर।

**मियावाकी वृक्षारोपण क्या है ?**-कम समय में सघन शहरी वन तैयार करने की जापानी तकनीक है। स्थानीय जंगली पौधो को 1×1 मीटर की दूरी पर लगाया जाता है। कम दूरी होने के चलते पौधों में कम्पटीशन बढ़ जाता है और पौधे 10 गुना तेज़ी से उगते है।

**मियावकी वृक्षारोपण के क्या लाभ है ?**-परंपरागत वृक्षारोपण से 30 गुना अधिक कार्बन डाई ऑक्साइड सोखता है। 30 गुना अधिक वायु और ध्वनि प्रदूषण को रोकता है। 2-3 साल में ही मिनी फारेस्ट बन जाता है। अर्बन हीट आइलैंड से मुक्ति। वातावरण को ज़्यादा ठंडा करता है। DFO मनीष कश्यप ने वन महोत्सव के माध्यम से जिले में मियावाकी पद्धति के बारे में बताया। आज बड़े-बड़े मेट्रो सिटी में इस पद्धति के माध्यस से वानिकी किया जा रहा है। एक-एक मीटर के दूरी पर सघन वृक्षारोपण किया जा रहा है। जिससे घना वन मिलता है। जिससे हमें शुद्ध हवा मिलता है।

30 गुना ज़्यादा कार्बन डाइऑक्साइड सोखता है। इतना ही वायु और ध्वनि प्रदूषण भी कम करता है। मनेंद्रगढ़ शहर में भी इस वर्ष लंबा हीट वेव चला।इसी को ध्यान में रखते हुए इस विशेष रोपण को इस बार वनमहोत्सव में शामिल किया गया। वनमण्डलाधिकारी मनीष कश्यप ने मियावाकी पद्धति के बारे में बताते हुये कहा कि इस विधि का प्रयोग कर के घरों के आस-पास खाली पड़े स्थान (बैकयार्ड) को छोटे बगानों या जंगलों में बदला जा सकता है। मियावाकी पद्यति के प्रणेता जापानी वनस्पतिशास्त्री अकीरा मियावाकी हैं। इसके माध्यम से जिले के छोटे-छोटे स्थानों पर मिनी फॉरेस्ट के रूप में विकसित करना है। जिससे जिले को हिट वेव से बचाया जा सके। इस पद्धति से प्लांटेशन परंपरागत वृक्षारोपण से 10 गुना ज़्यादा तेज़ी से बढ़ते है। मनेंद्रगढ़ वनमण्डल में इस वन महोत्सव में 5 मियावाकी पद्धति से रोपण किया गया।भविष्य में शहर के बीच ऐसे सभी ख़ाली पड़े जगहों पे मियावाकी लगाया जाएगा।पूर्व में भी डीएफ़ओ मनीष कश्यप के द्वारा सीड बॉल पद्धति से रोपण की शुरुआत की गई थी।

# भाजपा कार्यकर्त्ता के घर पहुंचे केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू,हुआ आत्मीय स्वागत



पायनियर संवाददाता ➤ शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com

केंद्र सरकार में राज्य मंत्री तोखन साहू अपने एक दिवसीय प्रवास पर शिवरीनारायण पहुंचे थे। केंद्रीय मंत्री तोखन साहू भगवान शिवरीनारायण मंदिर पहुंचे और शिवरीनारायण भगवान की पूजा अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की।इसके उपरांत केंद्रीय मंत्री नगर के युवा भाजपा नेता गौरव केशरवानी के घर पहुंचे और परिजनों से मुलाकात की। मंत्री के गृह आगमन पर गौरव केशरवानी और उनके परिवार जनों द्वारा फूल माला और आरती उतारकर आत्मीय स्वागत किया।मंत्री ने सभी का कुशलक्षेप जाना। इस दौरान नगर पंचायत शिवरीनारायण के पूर्व अध्यक्ष ड़ाँ शांति कुमार कैवर्त्य ने शिवरीनारायण को केन्द्र सरकार की प्रसाद योजना में कराने की मांग की जिस पर साहू जी ने शिवरीनारायण को प्रसाद योजना में शामिल कराने पुरी कोशिश करने आश्वासन दिया है ।

# देवेंद्र यादव की गिरफ्तारी के विरोध में कांग्रेस का ब्लॉक स्तरीय धरना 24 को

## 23 अगस्त को कांग्रेस नेता-विधायकों का राजभवन मार्च, राज्यपाल को सौंपेंगे ज्ञापन

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव की बलौदाबाजार आगजनी में गिरफ्तारी के खिलाफ कांग्रेस विधायक दल ने प्रदेश में लगातार आंदोलन का फैसला किया है। कोर्ट ने देवेंद्र यादव की जमानत याचिका खारिज कर दी है और उन्हें 7 दिनों की न्यायिक हिरासत पर भेज दिया है। वे 27 अगस्त तक रायपुर जेल में रहेंगे और इसी दिन कोर्ट में फिर पेशी होगी। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर 22 अगस्त को छत्तीसगढ़ कांग्रेस के सभी जिला प्रभारी अपने-अपने मुख्यालयों में प्रेस कांफ्रेंस कर देवेंद्र की गिरफ्तारी का विरोध करेंगे। 23 अगस्त को कांग्रेस नेता-विधायक राजभवन मार्च करेंगे तथा गवर्नर रामेन डेका को ज्ञापन सौंपेंगे। फिर 24 अगस्त को कांग्रेस संगठन पूरे प्रदेश में ब्लाक स्तर पर धरना-प्रदर्शन होगा। विधायक दल की बैठक के बाद कांग्रेस के अधिकांश विधायक रायपुर जेल परिसर पहुंचे और विधायक देवेंद्र यादव से मुलाकात की। कांग्रेस विधायक दल की बैठक में नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के अलावा अधिकांश विधायक मौजूद थे। बैठक में वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री रविंद्र चौबे समेत कुछ पूर्व विधायक भी पहुंचे। विधानसभा में राजीव गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद राजीव भवन में विधायक दल की बैठक दोपहर करीब 12 बजे शुरू हुई और डेढ़ घंटा चली। सूत्रों के मुताबिक बैठक में डा. महंत और पूर्व सीएम भूपेश समेत अधिकांश विधायकों ने देवेंद्र यादव की गिरफ्तारी का तीखा विरोध किया और तय किया कि जब तक देवेंद्र की रिहाई नहीं हो जाती, हर स्तर पर विरोध किया जाएगा। बाद में कांग्रेस नेताओं ने बताया कि 24 अगस्त के बाद भी इस मामले को लेकर लगातार आंदोलन किए जाएंगे। विधायक दल की बैठक के बाद कांग्रेस विधायक दल के कई नेता रायपुर सेंट्रल जेल पहुंचे। जेल प्रशासन ने पांच नेताओं को मिलने की अनुमति दी। इस आधार पर डा महंत, भूपेश और चौबे भीतर गए तथा देवेंद्र यादव से मुलाकात की। टीएस सिंहदेव जेल परिसर में ही नजर आए, भीतर नहीं गए।

# कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने नो योर आर्मी प्रदर्शनी की तैयारियों का लिया जायजा

## मंच निर्माण, आंगुतकों के ठहरने की व्यवस्था समेत अन्य सुविधाएं को सुनिश्चित करने दिए निर्देश



पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने साइंस कॉलेज मैदान में आयोजित नो योर आर्मी प्रदर्शनी की तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे। कार्यक्रम स्थल पर कलेक्टर डॉ. सिंह ने मंच निर्माण के लिए स्थल चयन, आंगुतकों के ठहरने की व्यवस्थाए आमंत्रित नागरिकों के बैठने की व्यवस्था समेत अन्य तैयारियों के निर्देश दिए। कलेक्टर डॉ. सिंह ने आर्मी के जवानों के ठहरने की व्यवस्था भी देखी। साथ ही स्पोटर्स स्टेडियम में बुनियादी सुविधाओं को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर देवेंद्र पटेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दौलत राम पोर्ते समेत आर्मी के अधिकारी समेत अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे। गौरतलब है कि 5 और 6 सितंबर को नो यूअर आर्मी प्रदर्शनी का आयोजन साइंस कॉलेज मैदान में किया जाएगा। इस कार्यक्रम में प्रदर्शित टैंक, तोप, हवा में मार करने वाले हथियार, ब्रिजिंग इक्विपमेंट सहित अन्य हथियारों के बारे में यहां के लोगों को देखने और जानने का मौका मिलेगा। इसके साथ ही डॉग शो, आर्मी में बजने वाले आकर्षक बैंड शो, मार्शल म्यूजिक प्रोग्राम का भी आयोजन किया जाएगा।

# राज्य सहकारी विकास समिति की हुई बैठक



पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्य सचिव अमिताभ जैन की अध्यक्षता में मंत्रालय महानदी भवन में राज्य सहकारी विकास समिति की बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सम्पन्न हुई। बैठक में सहकारिता मंत्रालय भारत सरकार की सहकार से समृद्धि की परिकल्पना के अंतर्गत सहकारिता के क्षेत्र में संचालित विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में छत्तीसगढ़ राज्य में सहकारिता के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों के संबंध में विस्तृत चर्चा हुई। कृषि, मत्स्य पालन, वन सहित अन्य विभागों के अंतर्गत सहकारी समितियों के माध्यम से कार्य किए जा रहे है। मुख्य सचिव ने सहकारिता विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए है कि सहकारिता क्षेत्र के अंतर्गत काम करने वाले सदस्यों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए है कि सहकारी समितियों के अंतर्गत निर्मित गोदामों का उपयोग सुनिश्चित किया जाए। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों की आमदनी में इजाफा के लिए भारत सरकार द्वारा इन समितियों को कई नये काम दिए जा रहे है। जिसमें जन औषधी केन्द्र, कामन सर्विस सेंटर, पेट्रोल पंप संचालन, गैस ऐजेंसी का संचालन इत्यादि शामिल हैं। वीडियों कॉन्फ्रेंसिंग से आयोजित इस बैठक में सहकारिता विभाग के सचिव सी.आर. प्रसन्ना, कृषि विभाग की सचिव शहला निगार, संचालक पशुधन विकास विभाग डॉ. प्रियंका शुक्ला, विशेष सचिव वित्त शीतल शाश्वत वर्मा सहित सहकारिता एवं कृषि विभाग के अधिकारी शामिल हुए।

# दिव्यांगजनों के लिए रोजगार मेले का आयोजन आज

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

रायपुर विशेष रोजगार कार्यालय, अमेरिकन इंडिया फाउंडेशन और दिव्यांगों के लिए नेशनल कैरियर सर्विस सेंटर जबलपुर के संयुक्त तत्वाधान में दिव्यांगजनों के लिए रोजगार मेला व उपयुक्तता प्रमाण पत्र 21 अगस्त को सुबह 10 बजे से शंकर नगर स्थित बी.टी.आई ग्राउंड में आयोजित किया गया है। 10वी उत्तीर्ण अस्थिबाधित एवं मूकबधिर दिव्यांगजनों का साक्षात्कार के माध्यम से विभिन्न पदों पर भर्ती की जायेगी। उसी दिन शिविर में नेशनल कैरियर सर्विस सेंटर जबलपुर द्वारा दिव्यांगता का परीक्षण कर विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु उपयुक्तता की जांच कर उपयुक्तता प्रमाण पत्र जारी किया जायेगा। शिविर में भाग लेने हेतु दिव्यांग अभ्यर्थी को जिला चिकित्सा बोर्ड द्वारा जारी दिव्यांगता प्रमाण-पत्र, शिक्षा एवं आयु से संबंधित प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड, मोबाईल नंबर, जाति प्रमाण-पत्र, पासपोर्ट आकार के दो फोटो प्रवेश परीक्षा में शामिल हुआ हो तो उसका प्रवेश पत्र लाना अनिवार्य है।


# निगम नगर निवेश विभाग द्वारा 1200 से अधिक बैनर पोस्टर हटाये गये

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त अबिनाश मिश्रा के आदेशानुसार नगर निगम मुख्यालय नगर निवेश उडनदस्ता की टीम सहित सभी 10 जोनो के नगर निवेश विभाग की टीमों द्वारा अभियान चलाकर नगर निगम क्षेत्र में जीई रोड में तेलीबांधा से टाटीबंध तक के मध्य मार्ग विभाजकों, चैक चैराहो, विद्युत पोलो में लगाये गये बैनर पोस्टर को हटाने की कार्यवाही की गई। अभियान के तहत राजधानी शहर के जीई रोड सहित विधानसभा मार्ग, विभिन्न प्रमुख मार्गो एवं बाजारों में मार्ग विभाजकों, चैक चैराहो में विभिन्न संस्थाओं, संगठनों द्वारा लगाये गये लगभग 1200 से अधिक बैनर पोस्टर को हटाने कार्यवाही की गई। उक्त बैनर पोस्टर बेतरतीब तरीके से लगकर सड़क दुर्घटना की आशंका को प्रबल बना रहे थे एवं शहर की सुन्दरता पर विपरीत प्रभाव डाल रहे थे। इस प्रकार बैनरों, पोस्टरों को हटाने आगे भी अभियान जारी रहेगा।

# जंगल सफारी में 24 अगस्त को होगा तितलियों पर वॉक और टॉक का आयोजन




पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

नवा रायपुर स्थित नंदनवन जंगल सफारी में जैव विविधता संरक्षण सोसाइटी, छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा, और पाथ आईएएस अकादमी के सहयोग से 24 अगस्त को तितलियों पर वॉक और टॉक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम प्रकृति प्रेमियों, छात्रों, शोधकर्ताओं और जन मानस में तितलियों की सुंदरता और उनके पर्यावरणीय महत्व के साथ-साथ जैव विविधता और पर्यावरण संरक्षण में जागरूकता के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में सुबह 7 बजे से दोपहर 10.30 बजे तक विशेषज्ञों द्वारा तितलियों की विभिन्न प्रजातियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी जाएगी जिसमें प्रतिभागियों को तितलियों की पहचान और उनके संरक्षण के व्यावहारिक अनुभव से रूबरू कराया जाएगा।










सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403